


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आओ रचें बच्चों सी दुनिया व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 80, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

कानपुर, रविवार, 10 नवंबर 2024




हीरामंडी को बेहद खास मानती हैं मनीषा...15

**आज का मौसम**

31.0° अधिकतम तापमान | 19.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 06 : 24
सूर्यास्त 05 :21

## मुख्यमंत्री सोरेन के सहयोगी के ठिकानों पर आयकर छापा

- कर चोरी के मामले में रांची और जमशेदपुर में 9 जगहों पर जांच

रांची, एजेंसी

आयकर विभाग ने कर चोरी से संबंधित मामले शनिवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के एक सहयोगी के परिसरों सहित कई स्थानों पर तलाशी ली। आधिकारक सूत्रों के अनुसार सुबह शुरू हुए अभियान में राजधानी रांची और जमशेदपुर में कुल नौ ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री के सलाहकार सुनील श्रीवास्तव से जुड़े ठिकानों पर भी तलाशी ली जा रही है। यह कार्रवाई राज्य में अवैध शराब व्यापार और खनन को लेकर ईडी तथा सीबीआई द्वारा हाल ही में शुरू की गई जांच से जुड़ी है। छापों पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने कहा कि यह झारखंड के लिए यह नया नहीं है। राज्य में विपक्षी नेताओं और उनके कर्मचारियों के परिसरों पर अक्सर आयकर के छापे पड़ते हैं। भाजपा चुनाव के मद्देनजर आयकर और ईडी के छापों के जरिए पैर जमाने की कोशिश कर रही है। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मुझे नहीं पता कि राज्य में सत्तारूढ़ दल इन छापों को चुनावों से क्यों जोड़ते हैं।

## बबुआ अभी बालिग नहीं हुआ, एएमयू सिर्फ मुस्लिमों की नहीं : योगी

**विधानसभा उपचुनाव**

### प्रचार के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने खैर, सीसामऊ व करहल में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में की सभाएं

संवाददाता, कानपुर/ लखनऊ



कानपुर में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व बगल में खड़े सीसामऊ से प्रत्याशी सुरेश अवस्थी। ● अमृत विचार

- मुलायम को कष्ट हो रहा होगा कि उनका सपूत सपा को कांग्रेस के पास गिरवी रखकर पार्टी का सत्यानाश कर रहा
- सीसामऊ में कहा-कानपुर का दंगाई और रामपुर में जमीन कब्जाने वाला जेल में है, लेकिन सपा इन्हें मानती है निर्दोष

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा उपचुनाव प्रचार के दूसरे दिन तीन जनसभाएं कर भाजपा प्रत्याशियों अलीगढ़ के खैर से सुरेंद्र दिलेर, कानपुर के सीसामऊ से सुरेश अवस्थी और मैनपुरी के करहल से अनुजेश यादव के लिए वोट मांगे। मुख्यमंत्री ने खैर (अलीगढ़) में कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) केवल मुसलमानों का नहीं है इसमें सरकार का पैसा लगा हुआ है और सभी को आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। एएमयू में मुसलमानों को 50% आरक्षण खुद की व्यवस्था से ही दिया जाता है, यह गलत है। कहा कि कोई भी शैक्षणिक संस्थान सरकार के पैसे से चलता है। एएमयू में भी सरकार का पैसा लगा हुआ है जो जनता के टैक्स से आता है इसलिए सभी आरक्षित वर्ग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी को आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। करहल में अखिलेश का नाम लिए बिना बोले, बबुआ अभी बालिग नहीं हुआ है। आज स्व. मुलायम सिंह यादव को भी कष्ट हो रहा होगा कि उनका सपूत सपा को कांग्रेस के पास गिरवी रखकर पार्टी का सत्यानाश करने पर उतारू है। सीसामऊ की जनसभा में कहा कि कानपुर का दंगाई और रामपुर में जमीन कब्जाने वाला जेल में है, किंतु सपा इन्हें निर्दोष मानती है। कटेंगे तो बटेंगे और एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे का नारा फिर दोहराया।

मुख्यमंत्री ने करहल में कहा कि अखिलेश का आचरण अपने पिता व सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की भावनाओं के विरुद्ध है। बबुआ अभी बालिग नहीं हुआ है, इसलिए कभी-कभी ऐसा काम कर देता है, जिससे मैनपुरी वालों के सामने भी संकट खड़ा हो जाता है। समाजवादी पार्टी रामद्रोही है। वे राम मंदिर का दर्शन करने नहीं गए, क्योंकि उन्हें लगता था कि वोट बैंक खिसक जाएगा। करहल वासी उनसे कहें कि आप कृष्ण-कन्हैया का सम्मान नहीं कर सकते तो हमारा वोट लेने क्यों आते हैं। भाजपा ने कहा था कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। हमने करके दिखा दिया। श्रीकृष्ण-कन्हैया हम आएंगे, मथुरा में भी जनभावना का सम्मान कराएंगे, क्या सपा इस पर सहमत है।

**एक नजर**

### यौन शोषण मामले में अधिकारी गिरफ्तार

**हिसार।** हरियाणा में एक दलित कर्मचारी के यौन शोषण के आरोप में एचसीएस अधिकारी कुलभूषण बंसल को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि सिविल अस्पताल में बंसल का मेडिकल कराने के बाद अदालत में पेश किया गया। बंसल पर दलित कर्मचारी ने मालिश कराने के बहाने बुलाकर यौन शोषण करने के आरोप लगाए थे।

### ईडी ने ठग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

**श्रीनगर।** ईडी ने शनिवार को धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत यहां एक विशेष अदालत में गुजरात के ठग किरण पटेल के खिलाफ एक अभियोजन शिकायत दर्ज कराई है। अदालत ने आरोपी को 27 नवंबर को पेश होने के लिए नोटिस जारी किया है। पिछले साल 29 अगस्त को एक स्थानीय अदालत ने अहमदाबाद निवासी पटेल को जमानत दे दी थी।

### छात्र को लोहे से दागने में मदरसा शिक्षक गिरफ्तार

**कन्नूर (केरल)।** केरल के कन्नूर जिले में एक छात्र को लोहे की वस्तु से दागने पर मदरसा शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पड़ोसी मलप्पुरम जिला स्थित तनूर के उमर अशरफी पर यह भी आरोप है कि उसने छात्र के गुप्तांगों में मिर्च पाउडर डाला और उसे लोहे के रॉड से दागा।

## पाकिस्तान में धमाका, 27 मरे

### क्वेटा रेलवे स्टेशन पर हुए विस्फोट में मरने वालों में 14 सुरक्षाकर्मी भी, 62 यात्री घायल

### विस्फोट से उड़ा प्लेटफार्म, आत्मघाती हमले की बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली जिम्मेदारी

- विस्फोट के वक्त पेशावर जाने को ट्रेन में सवार हो रहे थे लोग

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक रेलवे स्टेशन पर शनिवार को हुए बम विस्फोट में 14 सुरक्षाकर्मियों सहित 27 लोग मारे गए और 62 अन्य घायल हो गए। यह विस्फोट प्रांतीय राजधानी क्वेटा के रेलवे स्टेशन पर उस समय हुआ जब यात्री पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस के निर्धारित प्रस्थान से पहले प्लेटफॉर्म पर एकत्र हुए थे।

विस्फोट के समय प्लेटफार्म पर करीब 100 लोग मौजूद थे। क्वेटा डिवीजन के कमिश्नर हमजा शफकत ने कहा कि यह एक आत्मघाती हमला था और विस्फोट में 27 लोग मारे गए हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इससे पहले क्वेटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुहम्मद बलूच ने कहा था कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह एक आत्मघाती हमला था।

ट्रॉमा सेंटर के प्रबंध निदेशक डॉ. अरबाब कामरान कासी ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि 20 से 50 आयु वर्ग के कई घायलों की हालत गंभीर है। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद के अनुसार बचाव एवं कानून प्रवर्तन टीम ने तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए क्षेत्र को सुरक्षित कर लिया तथा घायलों एवं मृतकों को क्वेटा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में आपात स्थिति घोषित कर दी गई है और घायलों के उपचार के लिए अतिरिक्त चिकित्साकर्मियों को बुलाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 62 घायलों को अस्पताल भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि विस्फोट से प्लेटफॉर्म की छत भी क्षतिग्रस्त हो गई और धमाके की आवाज शहर के विभिन्न इलाकों में दूर-दूर तक सुनी गई। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने हमले की निंदा करते हुए इसे निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाकर किया गया एक भयावह कृत्य करार दिया तथा तत्काल जांच के आदेश दिए। बुगती ने कहा कि इन हमलों लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



क्वेटा में रेलवे स्टेशन पर बम विस्फोट स्थल की जांच करते सुरक्षा अधिकारी।

### विस्फोट के वक्त 100 यात्री प्लेटफार्म पर थे

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पाकिस्तान रेलवे ने पहले डेढ़ महीने से अधिक के निलंबन के बाद, 11 अक्टूबर से क्वेटा और पेशावर के बीच ट्रेन सेवाओं की बहाली की घोषणा की थी। प्रांत-व्यापी समन्वित हमलों के हिस्से के रूप में बीएलए द्वारा किए गए विस्फोट में कोलपुर और माच के बीच एक प्रमुख रेलवे पुल नष्ट हो जाने के बाद 26 अगस्त को देश भर में ट्रेन सेवाएं अस्थायी तौर पर बंद कर दी गई थीं। इससे पहले, क्वेटा के एसएसपी ऑपरेशन मोहम्मद बलूच ने कहा कि आत्मघाती विस्फोट के समय वीडियो फुटेज के अनुसार लगभग 100 लोग स्टेशन पर मौजूद थे। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद के अनुसार पुलिस और सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंच गए है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में 2023 में 789 आतंकी हमलों और आतंकवाद विरोधी अभियानों में हिंसा से संबंधित 1,524 लोगों की मौत हुईं थी और 1,463 लोग घायल हुए। जो अपराधियों सहित कुल मिलाकर मृतकों की संख्या छह साल के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर हैं।

## कांग्रेस शासित राज्य पार्टी के शाही परिवार के लिए एटीएम

### महाराष्ट्र चुनाव के लिए कर्नाटक, तेलंगाना व हिमाचल से उगाही : मोदी

अकोला(महाराष्ट्र), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जिस किसी राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है, वह (राज्य) पार्टी के शाही परिवार के लिए एटीएम बन जाता है। मोदी ने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के सिलसिले में अकोला में एक चुनाव प्रचार रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हम महाराष्ट्र को कांग्रेस का एटीएम नहीं बनने देंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए इतना भ्रष्टाचार करती है तो व्यक्ति कल्पना कर सकता है कि सत्ता में आने के बाद यह पार्टी कितनी भ्रष्ट होगी। उन्होंने कहा कि जिस किसी राज्य में कांग्रेस सरकार बनाती है, वह राज्य पार्टी के 'शाही परिवार' के लिए एटीएम बन जाता है। महाराष्ट्र चुनाव के लिए (कांग्रेस शासित) कर्नाटक में शराब कारोबार से 700 करोड़ रुपये तक की उगाही की गई है। तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश भी इस शाही परिवार के एटीएम बन गए हैं। महाराष्ट्र चुनाव के लिए इन तीनों राज्यों से वसूली हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महायुति



(महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन) का घोषणापत्र महिला सुरक्षा, रोजगार के अवसर, लाडकी बहिन योजना के विस्तार पर केंद्रित है, जबकि कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार की राकांपा वाला (गठबंधन) महा विकास आघाड़ी घोटाला पत्र लेकर सामने आया है।

उन्होंने कहा कि पूरा देश जानता है कि एमवीए का तात्पर्य भ्रष्टाचार, टोकन मनी और तबादला-पदस्थापन कारोबार है। कांग्रेस पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस के शाही परिवार को चुनौती दे रहे हैं कि वे साबित करें कि उन्होंने कभी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पंचतीर्थ की यात्रा की है। मोदी ने आंबेडकर के जन्म स्थान महू, ब्रिटेन में अध्ययन के दौरान लंदन में उनके निवास, नागपुर में उनके बौद्ध धर्म अपनाने से संबंधित दीक्षा भूमि, दिल्ली में उनके 'महापरिनिर्वाण स्थल' और मुंबई में 'चैत्य भूमि' को दर्शाने के लिए 'पंचतीर्थ' शब्द का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि वे बाबासाहब से इसलिए नफरत करते हैं क्योंकि वह दलित थे और उन्हें संविधान बनाने का श्रेय मिला था। बाबा साहब मेरे, भाजपा और मेरी सरकार के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

### समाज में विभाजन कर सत्ता चाहती है कांग्रेस

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि ओबीसी, आदिवासी और दलित आपस में लड़ें क्योंकि उनके वोट में विभाजन से वह सत्ता वापस आ जाएगी। यही कांग्रेस की चाल और चरित्र है। हरियाणा में हुए दंगों में दलितों की हत्या हुई और कांग्रेस अपराधियों के साथ खड़ी रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पता है कि वह तभी मजबूत होगी जब देश कमजोर होगा। मोदी ने कहा कि अपने पिछले दो कार्यकालों के दौरान उनकी सरकार ने गरीब लोगों को चार करोड़ मकान दिए हैं, जबकि तीन करोड़ मकान बनाए जाएंगे।

## छलकी आस्था : 14 कोसी पथ पर चल पड़े लाखों पग



रामनगरी के लता चौक के निकट उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

- मुहूर्त से पहले 12 से अधिक स्थानों से उठी परिक्रमा
- श्रीराम के जयघोष से गूंजा पथ रात होते ही बढ़ गया कारवां

**अमृत विचार :** रामनगरी में 14 कोसी परिक्रमा के लिए उमड़े श्रद्धालुओं की आस्था मुहूर्त से पहले ही छलक पड़ी। परिक्रमा का मुहूर्त शनिवार शाम 06:32 का था, लेकिन लाखों श्रद्धालुओं ने एक घंटे पहले ही विभिन्न जगहों से 14 कोसी परिक्रमा शुरू कर दी। समय के साथ श्रद्धालुओं का कारवां भी बढ़ता गया। रामलला के दर्शन के बाद गगनभेदी जयघोष से 14 कोसी परिक्रमा पथ गुंजायमान होने लगा। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार इस बार परिक्रमा में पिछली बार से दोगनी से ज्यादा भीड़ है। ये संख्या 50 लाख के पार जाने की संभावना है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार 14 कोसी परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखा। निर्माणाधीन परिक्रमा पथ पर शनिवार दोपहर तक बालू बिछवा दी, ताकि नंगे पांव चलने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। लाखों श्रद्धालुओं ने शनिवार शाम से रामनाम संकीर्तन और लोक गीतों के साथ दर्शननगर, भीखापुर, देवकाली, जनौरा, नाका हनुमानगढ़ी, मोदहा, सिविल लाइंस स्थित हनुमान मंदिर, सआदतगंज, अफीम कोठी, नयाघाट आदि स्थानों से परिक्रमा शुरू की।

42 किलोमीटर की ये परिक्रमा 10 नवंबर की शाम तक चलेगी। परिक्रमा मार्गों पर बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। ड्रोन से पूरे मेले की निगरानी की जा रही है।

परिक्रमा को सकुशल संपन्न कराने के लिए महापौर गिरिशपति त्रिपाठी, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, एसएसपी राजकरण नैयर आदि देर रात तक जगह-जगह निरीक्षण करते रहे। परिक्रमा का समापन मुहूर्त रविवार दोपहर बाद 4:44 तय है।

## दुर्घटना में एक ही परिवार के 4 की मौत

संवाददाता, रिसिया (बहराइच)



- मरने वालों में मां-बेटा और दो पोते शामिल, एक ही बाइक पर सवार थे चारों
- हादसे के बाद ट्रक छोड़कर चालक फरार, पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया

**अमृत विचार :** रिसिया थाना क्षेत्र के गोदनी बसाही गांव के पास शनिवार को सुबह तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार 4 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मां-बेटा और दो पोते शामिल हैं। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

मटेरा थाना क्षेत्र पुजारीपुरवा गांव निवासी मालती देवी (70) पत्नी राम चौहान छठ पूजा पर अपने बेटे गुलाब (40) और उसके बेटे आशीष (8) और आदित्य (12) के साथ रिसिया थाना क्षेत्र के समसा तरहर गांव अपनी बहन के घर आई थी। छठ पूजा के बाद शनिवार को सभी एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। सुबह करीब 10 बजे असम रोड पर रिसिया थाना क्षेत्र के गोदनी बसाही गांव के पास सरिया मिल फैक्ट्री के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें मालती देवी और आदित्य की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहे गुलाब और आशीष को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान गुलाब ने भी दम तोड़ दिया। हालत गंभीर होने पर आशीष को देर शाम लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाने से पहले उसकी भी मौत हो गई। थानाध्यक्ष दद्दन सिंह ने बताया कि सभी मृतक मटेरा क्षेत्र के हैं। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि हादसे में 4 लोगों की मौत हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को गर्भपात की कोर्ट से मंजूरी

**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने 16 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता की गर्भपात की याचिका को खारिज करने के एकल न्यायाधीश की पीठ के आदेश को खारिज कर दिया है। अदालत ने पीड़िता को 26 सप्ताह से अधिक अवधि के गर्भ को चिकित्सीय सहायता से समाप्त करने की अनुमति दे दी। मुख्य न्यायाधीश नितिन जामदार और न्यायमूर्ति एस मनु की पीठ ने कहा कि मेडिकल बोर्ड ने लड़की की जांच के बाद यह राय दी थी कि उसे मानसिक आघात पहुंचेगा, लेकिन एकल न्यायाधीश की पीठ ने इस पर विचार नहीं किया क्योंकि बोर्ड में कोई मनोचिकित्सक नहीं था।

## न्यायमूर्ति गवई नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बीआर गवई को राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है। नालसा का कार्य समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करना है। न्याय विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक, न्यायमूर्ति गवई का नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नामांकन 11 नवंबर से प्रभावी होगा। देश के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) नालसा के मुख्य संरक्षक होते हैं, जबकि सीजेआई के बाद सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश इस संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष होते हैं। फिलहाल सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ नालसा के मुख्य संरक्षक हैं।

## शालीमार एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतरे

कोलकाता, एजेंसी

- हावड़ा के पास हुआ हादसा, कोई हताहत नहीं, जांच शुरू

पश्चिम बंगाल में हावड़ा के निकट सिकंदराबाद-शालीमार सुपरफास्ट एक्सप्रेस के तीन डिब्बे शनिवार सुबह करीब 5.30 बजे पटरी से उतर गए। दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) के प्रवक्ता ओमप्रकाश चरण ने कहा कि कोलकाता से करीब 40 किलोमीटर दूर नालपुर में साप्ताहिक विशेष ट्रेन के डिब्बे पटरी से उतर गए। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि ट्रेन के दो डिब्बे (एक थर्ड एसी इकोनॉमी और एक थर्ड एसी) तथा एक पार्सल वैन उस समय पटरी से उतर गए जब ट्रेन एक से दूसरी पटरी पर जा रही थी। अधिकारियों ने बताया कि 22850 सिकंदराबाद-शालीमार साप्ताहिक एक्सप्रेस खड़गपुर डिवीजन के नालपुर स्टेशन से गुजर रही थी उसी दौरान तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। संतरागाछी और खड़गपुर से दुर्घटना राहत ट्रेन और मेडिकल राहत ट्रेन तुरंत रवाना कर दी गई हैं।



## महाकुंभ के अखाड़ों में इस बार पर्यावरण का एजेंडा भी शामिल

### अखाड़े अपने शिविर में प्लास्टिक की बजाय मिट्टी के बर्तनों और दोना-पत्तल का करेंगे उपयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वंचित व दलित संतों को अखाड़ों में महत्वपूर्ण पद देने की नीति पर हो रहा है अमल




**अमृत विचार :** महाकुंभ-2025 में हिंदू सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करने वाले अखाड़ों में पर्यावरण संरक्षण का एजेंडा भी शामिल हो गया है। अखाड़े अपने शिविर में प्लास्टिक की बजाय मिट्टी के बर्तनों और दोना पत्तल का उपयोग करेंगे। साथ ही वंचित व दलित संतों को अखाड़ों में महत्वपूर्ण पदों में जगह देने की नीति पर भी अमल होता दिखेगा। महाकुंभ में जन आस्था का सबसे बड़ा आकर्षण यहां आने वाले 13 अखाड़े और उनका शाही स्नान होता है। लेकिन इस बार पर्यावरण संरक्षण का विषय भी महत्वपूर्ण है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी बताते हैं कि निरंजनी अखाड़े के मुख्यालय में हुई अखाड़ा परिषद की बैठक में तय हुआ कि संत और श्रद्धालु प्लास्टिक और थर्मोकोल के बर्तनों के बजाय दोना-पत्तल और मिट्टी के बर्तनों को का उपयोग करेंगे। इसी के साथ अखाड़ों में समाज के वंचित और दलित वर्ग से आने वाले साधु-संतो को बड़े पदों पर आसीन किया जाएगा।

### 450 दलित बनेंगे पीठाधीश्वर, महंत-महामंडलेश्वर

सबसे पहले दलित समाज से आने वाले संत कन्हैया प्रभु नंद गिरी को वर्ष 2019 में जूना अखाड़े का महा मंडलेश्वर बनाया गया। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए महाकुंभ-2025 में 450 से अधिक वंचित और दलित समाज से आने वाले संतों को महामंडलेश्वर, महंत और मंडलेश्वर जैसी उपाधियां दी जाएंगी। इसमें अकेले जूना अखाड़े के 370 दलित महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, महंत और पीठाधीश्वर बनाया जाना है, जिसकी सूची तैयार है। यह जानकारी श्री पंचायती अखाड़ा उदासीन निर्वाण के महंत दुर्गादास ने दी। महंत जमुना पुरी अखाड़ों में आए इस बदलाव के पीछे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा बताते हैं।

### महाकुंभ में होगा दो दिनी बर्ड फेस्टिवल

राज्य सरकार प्रयागराज महाकुंभ में बर्ड फेस्टिवल का आयोजन कर रही है। प्रभागीय वनाधिकारी प्रयागराज अरविंद कुमार बताते हैं कि 1 व 2 फरवरी, 2025 को बर्ड फेस्टिवल के आयोजन का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इस दो दिवसीय बर्ड फेस्टिवल में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विषय विशेषज्ञों की परिचर्चा भी होगी।

### पहली बार निगहबानी करेंगे 25 हाईटेक जेट स्की

पहली बार 25 हाईटेक जेट स्की (छोटे जहाज) उतारे जा रहे हैं। ये पलक झपकते ही कहीं भी पहुंचने में सक्षम होंगे। जल पुलिस के प्रभारी जनार्दन प्रसाद साहनी ने बताया कि यह 2 दिसंबर तक मिल जाएंगे। इसकी रफ्तार 70 किमी प्रति घंटे होगी।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, बिखेरी सप्तरंगी छटा

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद रोड स्थित आकाश एजूकेशन सेंटर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. आकाश अग्रवाल, प्रबंधक आरके कटियार, डायरेक्टर आकाश कटियार ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समाज के ज्वलंत मुद्दों को उजागर कर लोगों को जागरूक किया।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सर्व प्रथम गणेश वन्दना, स्वागत गीत की प्रस्तुती दी। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नाटक, कहानी, नृत्य, अभिनय, हास्य व्यंग आदि की सुंदर प्रस्तुती दी। नाटक का मंचन कर लोगों को जागरूक किया। आयोजकों ने अतिथियों को प्रतीक चिंह देकर स्वागत व सम्मान किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यालय बच्चों की संस्कार शाला होती है। यहीं से सीखकर बच्चे समाज में जाते है और परिवार व विद्यालय की पहचान प्रस्तुत करते है। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम वास्तव में हमारे देश की सभ्यता, संस्कृति व संस्कार को उजागर करते है। जो निश्चित ही एक बड़ा प्रयास है। इस दौरान सागर अग्रवाल, अतुल गुप्ता, राजीव ठाकुर, संजीव चौहान, नितिन शर्मा, संजीव गुप्ता संजू आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम की प्रस्तुती देते छात्र। अमृत विचार



दीप प्रज्जवलित करते अतिथि। अमृत विचार

## एक नजर

### बोरिंग मशीन से दो लाख के पाइप चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बोरिंग मशीन पर रखे लगभग दो लाख रुपये के लोहे के पाइप चोरी हो गए। घटना की जानकारी होने पर व्यापारी ने खोजवीन की। पता न लगने पर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला अशोक नगर निवासी अजीत त्रिपाठी पुत्र रामेंद्र त्रिपाठी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि नंगापुरवा रोड पर सरकारी नलकूप के पास वह बोरिंग का काम करवा रहा था। बीते 6 अक्टूबर की शाम बोरिंग का काम पूरा हो गया और बोरिंग की मशीन व जीजे के 26 पाइप वही छोड़कर वह घर चला आया। लेकिन जब 07 अक्टूबर को वह वहां गया तो 26 पाइप जिनकी कीमत लगभग 2 लाख रुपये होगी वो वहां नहीं थे। कोतवाली पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# बाइक सवारों ने पत्रकार समेत 3 को लूटा

## पुलिस को आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में बाइक सवार बदमाश दिखे

कार्यालय संवाददाता कन्नौज/ गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** अलग-अलग तीन स्थानों पर बाइक सवार लुटेरों ने पत्रकार समेत तीन लोगों से तमंचा लगा कर लूटपाट की। लूट की जानकारी पर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर छानबीन की। पत्रकार ने स्थानीय कोतवाली में तहरीर देकर बाइक सवार लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। तिर्वा क्षेत्र में हुई दो लूटों की भी पुलिस से शिकायत की गई है।



घटना स्थल पर जांच पड़ताल करते गुरसहायगंज कोतवाल आलोक कुमार दुबे।

- एक ही रात में हुई तीन घटनाओं के बाद पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी

पहली लूट की घटना में सदर कोतवाली क्षेत्र के अटारा गांव निवासी मोहित तिवारी शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे तिर्वा कस्बे से लोहामढ होते घर वापस घर जा रहे थे, जैसे ही उनकी बाइक लोहामढ गांव के पास पहुंची बाइक सवार लुटेरों ने बाइक रोक ली। इस के बाद तमंचा दिखा कर नगदी समेत एक सोने की चेन लूट कर जिला मुख्यालय की ओर भाग निकले। इसी तरह दूसरी लूट की घटना तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के गांव बेहरिन के निकट कन्नौज मार्ग पर हुई। तिर्वा से वापस घर जा रहे सदर कोतवाली के एक मोहल्ला निवासी अमित तिवारी को बाइक सवार लुटेरों ने बहेरीन गांव के घेर कर लूट लिया। लुटेरों ने उससे पांच हजार रुपये की नगदी व एक सोने की अंगूठी लूट कर भाग गए। दो-दो लूट होने की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रत्येक मार्ग पर चेकिंग की पर लुटेरों का कोई पता नहीं चला। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

तीसरी घटना गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के हाइवे पर गुप्ता ढावा के निकट हुई। ग्राम जलालाबाद निवासी सुनील तिवारी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि वह दैनिक समाचार पत्र में कार्यरत हैं। प्रतिदिन मोटरसाइकिल से वह अपने ऑफिस कन्नौज मुख्यालय बाइक से आता जाता हैं। शुक्रवार की रात जब वह ऑफिस का काम समाप्त कर बाइक से घर लौट रहा था। तभी रात करीब 10 बजे जैसे ही वह जसोदा कस्बे में गुप्ता ढाबा के पास पहुंचा। तभी पीछे से आ रही काली पल्सर सवार तीन बदमाशों ने उस पर डंडो से हमला कर दिया। साथ ही तमंचा लगाकर बदमाशों ने उसकी पर्स, गले से सोने की चेन और दो मोबाइल लूट लिए। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए बदमाश वहां से भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को देखा। जबकि स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की। बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा कर किया जाएगा। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में बाइक सवार बदमाश देखे गये हैं।



विधानसभा तिर्वा क्षेत्र के बूथ नंबर 410 हंसापुर में मौजूद पदाभिहीत व बीएलओ।

# 1522 बूथों पर वोट बनाने पहुंचे बीएलओ व पदाभिहीत अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** 29 अक्टूबर से चल रहे तीनों विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान के तहत सभी 1522 बूथों पर विशेष अभियान चला। बीएलओ व पदाभिहीत अधिकारी वोट बनाने, नाम-पता संशोधन कराने व गलत नाम हटाने वाले फार्म के साथ मौजूद रहे।

विधानसभा क्षेत्र कन्नौज सदर, छिबरामऊ व तिर्वा इलाके के बूथों का जायजा लेने सेक्टर अफसर भी पहुंचे। तिर्वा क्षेत्र के बूथ नंबर 410 हंसापुर में लेखपाल राहुल गुप्ता भी ड्यूटी पर पहुंचे। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार ने बताया है कि दूसरा अभियान आज यानि 10 नवंबर को चलेगा। जो युवक-युवतियां एक जनवरी 2025 को 18 या उससे अधिक उम्र पूरी कर रहे हैं वह बूथों पर पहुंचकर बीएलओ/ पदाभिहित अधिकारी से फार्म छह लेकर भर दें। वहीं बीएसए संदीप कुमार ने निर्देश दिए हैं कि जिन परिषदीय स्कूलों में मतदान केंद्र बने हैं वह रविवार को समय से हर हाल में खोले जाएं। 23 और 24 नवंबर को भी अभियान चलेगा।

# फंदे पर लटकी मिली विवाहिता परिजनों ने किया जमकर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** संदिग्ध अवस्था में विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर मायके पक्ष के लोग पहुंच गये। उन्होंने मृतका के ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया। गांव के बाहर शव रखकर परिजनों ने हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव जबरन हटवा कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। इसको लेकर पुलिस की मृतका के परिजनों से नोंकझोंक हो गई।

ठठिया थाना क्षेत्र के गांव फतुऑपुर गांव निवासी रमाकांत की पत्नी पूजा का शव मकान के अंदर फंदे पर लटका मिला। पुलिस की मानें तो पूजा का पति हरियाणा के सोनीपति में किसी कंपनी में काम करता है। गांव में पत्नी के अलावा दो बच्चे रहते हैं। शुक्रवार की रात करीव 12 बजे पुत्र सो कर उठा तो देखा कि उसकी मां फंदे पर लटकी है। उसने भाग कर पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी। लोग मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना ठठिया थानाध्यक्ष अरुण कुमार को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच करने के बाद ग्रामीणों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतारा। इस के बाद मृतका के मायके इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव लाख सूचना दी। सूचना पर परिजन रवाना हुए। इसी बीच पुलिस शव को ट्रैक्टर पर रखकर ठठिया थाने आ रही थी। गांव के बाहर परिजनों ने ट्रैक्टर रोक लिया और हंगामा करने लगे। पुलिस हंगामा कर रहे लोगों का वीडियो बनाने लगी। आरोप है कि पुलिस ने इस बीच किसी ग्रामीण को पीट दिया। इससे मृतका के परिजनों की पुलिस से धक्कामुक्की होने लगा। इस पर पुलिस ने परिजनों से शव छीन कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या कर शव फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया। थानाध्यक्ष ने कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

### इंस्ट्राग्राम पर रील बनाती थी पूजा, पति करता था विरोध



पूजा।

**कन्नौज।** बताया जाता है कि पूजा इंस्ट्राग्राम पर रील बनाती थी। इस पर कई कमेंट आते थे। रील बनाने को पति मना करता था। इसी को लेकर पत्नी से पति की कहासुनी होती रहती थी।



रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार



परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन करते कलाकार व जयकारे लगाते स्थानीय लोग।

# धू-धूकर जली लंका, गूंजे श्रीराम के जयकारे

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** कस्बा के रामलीला ग्राउंड में चल रहे श्रीरामलीला महोत्सव के सातवें दिन लंका दहन लीला का मंचन किया गया। हनुमान की पूंछ से लगी आग में सोने की लंका धू-धूकर जली तो श्रीराम के जयकारे गूंज उठे। इससे पहले माता सीता की खोज का मंचन किया गया।

मंचन में दर्शाया कि प्रभु राम-लक्ष्मण व हनुमान जी के साथ वानरों की सेना सीता की खोज में निकली। लंका की अशोक वाटिका में हनुमान जी को माता सीता मिली। राक्षसों ने हनुमान जी को पकड़ लिया रावण के पास ले गए। रावण के आदेश पर राक्षसों ने हनुमान की पूंछ में आग लगा दी। तब हनुमान ने लंका का दहन किया। इससे पूर्व बालि के मरने पर सुग्रीव के किष्किंधा के राजा और अंगद के युवराज बनने की लीला दिखाई गई। इसके बाद सुग्रीव ने असंख्य वानरों को लेकर भगवान राम के साथ माता सीता की खोज में निकल पड़े। हनुमान जी ने सीता जी का पता लगाया। पहले तो हनुमान जी को देखकर सीता डर गई। जब हनुमान जी ने प्रभुराम की अंगूठी दी तो उन्हें विश्वास हुआ। माता सीता ने हनुमान जी से कहा कि प्रभु राम से कहना कि वह जल्द यहां से मुझे ले चलें। माता सीता को अंगूठी देकर हनुमान वापस चले तो राक्षसों ने उन्हें पकड़ लिया और उनकी पूंछ में आग लगा दी। तभी भक्त हनुमान ने सोने की लंका को जला दिया। लंका दहन को देखकर दर्शकों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता, सोनू गुप्ता, गौरव शुक्ला, अमित तिवारी ( भैया बाबू ), सचिन तिवारी मौजूद रहे।

### तेहि अवसर सुनि शिव धनु भंगा.....

**जलालाबाद, कन्नौज।** श्री राम चरित मानस अखिल चेतना मंच के तत्वाधान में स्वर्गीय राम नारायण शुक्ल के दरवाजे पर चल रही रामलीला में कथावाचक पंडित रजनीश अग्निहोत्री ने आरती वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलाकारों ने धनुष भंग लीला का मंचन करते हुए दिखाया कि राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता का विवाह करने के लिए स्वयंवर का आयोजन किया। कोई भी राजा शिव जी के धनुष को हिला तक न सका। पुत्री का विवाह होता न देख निराश हो जनक करुण विलाप करने लगे और कहा कि अब जनि कोऊ माखै भट मानी, वीर विहीन मही मै जानी। कहकर राजाओं को झकझोर दिया। उनके शब्दों को सुन लक्ष्मण उतेजित हो जाते हैं। जिन्हें श्रीराम ने शांत कराते हैं। विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम ने धनुष का खंडन कर दिया। इसके बाद पहुंचे परशुराम से लक्ष्मण का संवाद होता है। इस पर राम कहते हैं अपराधी तो मैं हूं। दोनों भाइयों के स्वभाव में इतना अंतर देख परशुराम सोच में पड़ जाते हैं और श्री विष्णु भगवान का दिया सारंग धनुष उन्हें थमाते हुए उसकी प्रत्यंचा चढ़ाने को कहते हैं। सारंग धनुष अपने आप श्रीराम के पास चला जाता है। उसकी प्रत्यंचा चढ़ जाती है। भ्रम दूर होने पर महर्षि परशुराम उनसे क्षमा याचना करते हुए तपस्या करने के लिए चले जाते हैं।

## सार-संक्षेप

### अपनी जमीन बचाने के लिए दर-दर भटक रहा वृद्ध

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरुआ सबलपुर के मजरा ढिपारी गांव की एक भूमि पर किए गए अवैध कब्जे से अपनी जमीन छुड़ाने के लिए वृद्ध दर-दर भटक रहा है। उसकी अब तक सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित सूरज चन्द ने बताया कि उनका प्लाट घर के पास में ही है। प्लाट पर जानवर बांधते थे, जिस पर दबंगो ने जबरन कब्जा कर लिया है। इसकी शिकायत डायल 112 पर की थी। पीड़ित ने बताया कि विपक्षी लोग बराबर जान से मारने की धमकी देते रहते हैं। कोतवाली में भी शिकायत की और प्रेमपुर चौकी इंचार्ज संजीव कटरा को भी प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई और तो और चौकी इंचार्ज ने पीड़ित को गाली देकर भगा दिया। पीड़ित ने बताया की जनसुनवाई मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की, लेकिन कहीं भी पीड़ित की कोई भी सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित ने एसडीएम उमाकांत तिवारी को प्रार्थना पत्र दिया तो उन्होंने 7 दिन की स्टे लगा दी थी। उसके बावजूद भी उक्त दबंगों ने निर्माण कार्य नहीं रोका। पीड़ित ने बताया कि थाने में जाकर तहरीर दी, लेकिन काम को नहीं रोका गया। पीड़ित की जमीन पर दबंगों ने जबरन कब्जा कर रखा है। कब्जे की शिकायत एसपी से भी की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई अब पीड़ित को कोई अप्रिय घटना घटित होने का डर सता रहा है।



एसडीएम को ज्ञापन देते भाकियू अवधेश के लोग। अमृत विचार

### भाकियू ने की अपराधियों पर कार्रवाई की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन अवधेश की आपात बैठक में अपराधियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए जिला प्रशासन को विशाल धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई। इसके बाद थाना समाधान दिवस में पहुंचकर एसडीएम उमाकांत तिवारी को ज्ञापन सौंपा। बैठक में मौजूद जिलाध्यक्ष अश्विनी मिश्रा, जिलाध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉक्टर आरके पाल, जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ अरविंद कुमार दुबे एवं प्रदेश सचिव गोपाल दुबे आदि पदाधिकारियों ने कहा, जिलाध्यक्ष अरविंद दुबे के यहां चोरी करने वाले अपराधियों द्वारा धमकी देने एवं उनके विरुद्ध थाना स्तर से कोई कार्रवाई न किए जाने के संबंध में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया गया है। यदि अपराधियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई तो शीघ्र ही जिलाधिकारी कार्यालय कन्नौज पर विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु कई बार अनुरोध करने के बावजूद दर्जनों मुकदमो के अपराधी खुले घूम रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।



विधायक को सम्मानित करते खाटू श्याम सेवा समिति के लोग। अमृत विचार

### विधायक को खाटू श्याम निशान यात्रा का आमंत्रण

**छिबरामऊ, कन्नौज।** श्री खाटू श्याम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे को खाटू श्याम निशान यात्रा का आमंत्रण देकर इस विशाल कार्यक्रम में सहयोग की अपील की। श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता, संदीप दुबे, अमित भारतीय, बृजेश गुप्ता व पल्ली पांडे ने बुके भेंट करने के साथ अंग वस्त्र पहनाकर एवं खाटू श्याम का प्रतीक चिन्ह भेंट करके विधायक अर्चना पांडे को सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने कहा नगर में 17 नवंबर को बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। बाबा के सभी भक्त 17 नवंबर को सुबह 10 बजे सौरिख रोड स्थित सिद्धपीठ मां कालिका देवी मंदिर पर एकत्र होंगे। यहां पर माता के दरबार में पूजा के बाद रथ पर विराजमान बाबा खाटू श्याम की पूजा होगी और फिर 6100 निशान के साथ भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हो जाएगी। यात्रा का समापन विशुनगढ़ रोड स्थित रामलीला मैदान में होगा। यात्रा में शामिल सभी श्याम भक्तों के लिए यहां पर भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी।



सदर कोतवाली में समाधान दिवस पर शिकायतें सुनते कोतवाल कपिल दुबे व अन्य।

### थाना समाधान दिवस पर अधिकारियों ने सुनी फरियाद

**कन्नौज/गुरसहायगंज/छिबरामऊ।** जिले में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने लेखपाल व कानूनगो के साथमिल कर शिकायतों का समाधान किया। सदर कोतवाली में एसडीएम व सीओ के न पहुंचने पर कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे ने नायब तहसीलदार के साथ मिल कर शिकायते सुनी। शनिवार को गुरसहायगंज कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे सदर उपजिलाधिकारी रामकेश सिंह व तहसीलदार भरत मौर्य के समक्ष 4 राजस्व व 3 पुलिस से सबंधित शिकायतें आई। जिसमें से पुलिस से संबंधित एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले प्रत्येक फरियादियों की समस्याओं को समय रहते निस्तारित करने का कार्य करें। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे, कानूनगों कौशलेंद्र दुबे, नौरंगपुर चौकी प्रभारी मोहनलाल, इंदिरा नगर चौकी प्रभारी रावेंद्र सिंह, लेखपाल यज्ञदत्त यादव, राहुल यादव सहित राजस्व कर्मी मौजूद रहे। इसी तरह छिबरामऊ कोतवाली में हुए थाना समाधान दिवस में राजस्व की दो तथा पुलिस की तीन शिकायत पहुंची। उनके निस्तारण के लिए पुलिस के साथ लेखपालों की टीम का गठन कर मौके पर भेजा गया।

**अच्छी खबर** जिले भर के 1049 लाभार्थियों के खातों में पहुंची पहली किस्त

# मुख्यमंत्री आवास निर्माण के लिए आए 4 .19 करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** ग्रामीण इलाकों में रहने वाले वाले चयनितों के लिए अच्छी खबर है। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत उनके खातों में पहली किस्त भेज दी गई है। जनपद के 1049 लाभार्थियों के लिए चार करोड़ 19 लाख 60 हजार रुपये भेजा गया है। सरकार एक आवास पर एक लाख 20 हजार रुपये तीन किस्तों में देती है।

जिला ग्राम्य विकास अभिकरण (डीआरडीए) की ओर से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ गांव में रहने वाले जरूरतमंदों के लिए दिया जाता है। 1.20 लाख रुपये से बनने वाले आवास के लिए पहली किस्त में 40 हजार, दूसरी किस्त में 70 हजार और तीसरी किस्त 10 हजार रुपये की मिलती है। जनपद के आठों ब्लॉक क्षेत्र से लक्ष्य के मुताबिक 1527 जरूरतमंदों का चयन किया गया था।

उसके सापेक्ष 1049 लाभार्थियों को पहली किस्त भेज दी गई है। बताया गया है कि दिव्यांग, निराश्रित महिला (विधवा), प्राकृतिक आपदा में घरगिरी के पीड़ितों व नट आदि को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ मिलता है। बताया गया है कि पहली किस्त खर्च करने का सत्यापन जब हो जाएगा तो दूसरी किस्त दी जाएगी।

### इस तरह भेजी गई किस्त

| ब्लॉक | कुल चयनित | कुल लाभ |
|---|---|---|
| छिबरामऊ | 290 | 252 |
| कन्नौज | 147 | 100 |
| गुगरापुर | 55 | 13 |
| हसेरन | 183 | 120 |
| जलालाबाद | 52 | 32 |
| सौरिख | 302 | 280 |
| तालग्राम | 122 | 87 |
| उमर्दा | 376 | 165 |

- ग्रामीण इलाकों में आवास बनाने के लिए मिलता है 1.20 लाख रुपये
- जनपद के आठों ब्लॉक क्षेत्र से 1527 जरूरतमंदों का चयन

जरूरतमंद लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास की पहली किस्त भेज दी गई है। आवासविहीन व कच्चे घरों में रहने वाले लोगों को पक्की छत मिलेगी। लाभार्थी पहली किस्त का सदुपयोग करें जिससे उनको दूसरी किस्त भेजी जा सके। सचिवों से कहा गया है कि आवासों का निर्माण कार्य शुरु कराएं।



राम कृपाल चौधरी, सीडीओ

### मोपेड में साड़ी फंसने से मां की मौत, पुत्र घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** साड़ी फंस जाने से मोपेड सवार मां बेटा गिर कर घायल हो गए। जिन्हें उपचार के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां महिला की मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। ग्राम भावनियापुर निवासी सुनील राजपूत की पत्नी गीता (32) भाई दूज पर अपने मायके तिर्वा कोतवाली के धर्मपुर गई थी। शुक्रवार शाम को वह अपने पति सुनील और पुत्र कुलदीप (12) के साथ मोपेड से घर लौट रही थी। जब मोपेड गुरसहायगंज ताहपुर मार्ग स्थित ग्राम ढ़िपारा के निकट पहुंची। तभी गीता की साड़ी का पल्ला मोपेड के पहिए में फंस गया। इससे मोपेड गिर गई और गीता व उनका पुत्र घायल हो गया। लोगों ने घायलों को तिर्वा मेड़िकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान गीता की मौत हो गई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैने अपना नाम Raj Kumar Tiwari से बदलकर Udaibhan Tiwari रख लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम सेजाना व पहचाना जाये। Udaibhan Tiwari S/O Rajmani Tiwari, R/O Village-Pakdi, Post Jaitapur, PS. Gaura Chauraha, Tehsil- Tulsipur, Distt- Balrampur,- 271604

**सूचना**
पासपोर्ट में मेरा नाम सौमिल पिता का नाम नरेश बाबू व माता का नाम मधुवाला अंकित है जबकि मेरा सही नाम सौमिल चौधरी व मेरे पिता का नाम नरेश चौधरी व मेरी माता का नाम मधुवाला चौधरी है. अब हम लोग इसी नाम से जाने जाते है। **सौमिल चौधरी पुत्र नरेश चौधरी, निवास– प्रोफ़ेसर कॉलोनी पक्का तालाब, इटावा, उत्तर प्रदेश, पिन** 206001

**सूचना**
मेरा पुत्र मुकेश बाबू एवं पुत्रवधू दीपा मेरे एवं मेरी पत्नी मुन्नी देवी के साथ गाली गलौज करते हैं जिससे हम लोग मानसिक रूप से परेशान हैं। इसलिए मैंने अपने पुत्र एवं पुत्रवधू से संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि कोई उनसे किसी प्रकार का लेनदेन करता है तो वह स्वंय जिम्मेदार होगा। **छोटेलाल पुत्र राम बख्श निवासी आलमपुर विबौली कंधेसी पचार भरथना, इटावा**

**आज का मौसम**

रविवार को धूप के साथ मौसम साफ रहने का अनुमान है।

| 31.0° | 19.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 27 | सूर्यास्त 05 : 22 |

## एक नजर

### मारपीट कर पराली में लगाई आग

**कन्नौज।** जमीनी विवाद को लेकर दबंगों ने युवक के साथ मारपीट कर दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपियों ने पराली में आग लगा दी। पुलिस ने 10 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने जिलाधिकारी, एसपी को शिकायती पत्र दिया है। ठठिया थाना क्षेत्र के झौआ गांव निवासी दीपू कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को दिये शिकायती पत्र में कहा कि 30 अक्टूबर को शाम करीब 05 :30 बजे अपने खेत पर कटी हुई धान व चारे के लिये रखी पराली के पास बैठा था। उसी समय गांव के ही चार लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर गालीगलौज की और मारने पीटने लगे। किसी तरह भागा तो उक्त लोगों ने लाठी से पीट कर घायल कर दिया। उक्त लोग ने चारे के लिये लगी पराली में आग लगा दी।

### रिश्वत के रुपये वापस मांगने पर पिता-पुत्र को पीटा

**सौरिख,कन्नौज।** दलित ने किसान क्रेडिट कार्ड के लिए पड़ोसी गांव के युवक को रिश्वत के लिए रुपये दिए थे। काम न होने पर रुपये वापस मांगने पर पिता पुत्र को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। नादेमऊ चौकी क्षेत्र के नगला संजाती गांव निवासी राम प्रसाद जाटव ने बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए पंडोखर गांव निवासी लालाराम पुत्र मुन्नीलाल को 37000 रुपये रिश्वत के लिए दिए थे। काम न होने पर 6 सितंबर को जब लालाराम से रुपये मांगे तो नाराज होकर लालाराम ने पुत्र अजीत एवं पत्नी के साथ मिलकर जाति सूचक गालियां देते हुए लालाराम एवं बेटे को लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। महिला मुन्नी देवी का आरोप है की घटना के संबंध में पुलिस से शिकायत की थी लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। न्यायालय के आदेश से पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### 12 विभागों के 22 अफसर व कर्मी विकास भवन नहीं पहुंचे, सीडीओ ने देखा हाजिरी रजिस्टर

# दफ्तर तो खुले लेकिन कुर्सी पर नहीं मिले अधिकारी-कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सभी से मांगा गया स्पष्टीकरण अनुपस्थित दिनों का रोका गया वेतन-मानदेय
- कुछ कर्मचारी ऐसे भी हैं जो पूर्व में हुए निरीक्षण में भी गैरहाजिर मिले थे

**अमृत विचार।** महीने के दूसरे शनिवार को सरकारी महकमों के दफ्तर खुले थे लेकिन कई अधिकारी व कर्मचारी इधर-उधर मौज मार रहे थे। सीडीओ ने हाजिरी रजिस्टर देखे तो 12 विभागों से 22 लोग गैरहाजिर मिले। सभी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही अनुपस्थित दिनों का वेतन व मानदेय रोक दिया गया है।

सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने बताया कि पहली नवंबर को दिवाली के बाद स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। उसके सापेक्ष नौ नवंबर को कार्यालय खोलने का आदेश हुआ था। अपर मुख्य सचिव ने भी तीन नवंबर को आदेश जारी कर सामान्य कार्य दिवसों की तरह ही महीने के दूसरे शनिवार को कार्यालय खोलने की बात कही थी।

उसी के तहत सुबह 10 बजकर 50 मिनट पर विकास भवन के कार्यालयों से अधिकारियों व कर्मचारियों की हाजिरी रजिस्टर मंगाया गया। जिसमें 22 अधिकारी व कर्मचारी नदारद मिले हैं। सीडीओ ने बताया कि अनुपस्थित मिले अधिकारियों व कर्मियों व संविदा कर्मचारियों का गैरहाजिर दिनों का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोका जाता है। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि तीन दिन में स्पष्टीकरण उपलब्ध कराया जाए।

ऐसा न करने पर मामले गंभीरता से लिया जाएगा। बताया गया है कि कुछ कर्मी ऐसे भी हैं जो पूर्व के निरीक्षण में भी गैरहाजिर मिल चुके हैं।

**यह अफसर रहे नदारद**

नेडा पीओ आनंद प्रकाश दीक्षित, एआर कोआपरेटिव राजीव लोचन शर्मा, अपर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी महेश चंद्र विद्यार्थी व मोहन लाल नहीं मिले।

**यह कर्मचारी भी नहीं मिले**

- जिला कृषि रक्षा कार्यालय में कनिष्ठ सहायक ईशा, वरिष्ठ सहायक अरविंद सिंह, अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय में कनिष्ठ सहायक राहुल कुमार, लघु सिंचाई कार्यालय में चपरासी रामा देवी, यूपी नेडा में चपरासी धनंजय त्रिपाठी, सीवीओ में कनिष्ठ सहायक राजकुमार, अपर समाज कल्याण कार्यालय में ग्राम विकास अधिकारी दिव्या, कनिष्ठ प्रदीप कुमार, सहायक विनीत सिंह, जिला कृषि कार्यालय में वरिष्ठ सहायक आशुतोष कुमार, वरिष्ठ सहायक महेश चंद्र वर्मा, समाज कल्याण में एडीओ अभिषेक श्रीवास्तव, प्रधान सहायक कन्हैयालाल त्रिपाठी, डीपीआरओ में डीसी अनिल कुमार, ई डीपीएम आयुष बाजपेई, उद्यान कार्यालय में माली रमेश चंद्र, उद्यान निरीक्षक रवि शंकर मिश्र, एआर कोआपरेटिव में चपरासी विमलेश कुमार नहीं मिले। खास बात यह है कि विमलेश, आशुतोष व रमेश चंद्र 4 नवंबर से गैरहाजिर हैं।

# चित्रकूट के तीर्थस्थल घूमने निकले वृद्धाश्रम में रहने वाले 40 बुजुर्ग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



वृद्धाश्रम से बस को हरी झंडी दिखाते जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल व सीडीओ राम कृपाल चौधरी, साथ में समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह। अमृत विचार

- वृद्धाश्रम से जिलाधिकारी व सीडीओ ने दिखाई बस को झंडी
- समाज कल्याण विभाग से प्रायोजित है निःशुल्क यात्रा

**अमृत विचार।** शहर के पुलिस लाइन के निकट समाज कल्याण विभाग से संचालित वृद्धाश्रम में रहने वाले 40 बुजुर्गों को चित्रकूट धाम की तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया गया। डीएम शुभ्रान्त शुक्ल एवं सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने संयुक्त रूप से बस को हरी झंडी दिखाई।

शनिवार को सुबह डीएम ने सभी वृद्धजनों की सुखद व मंगलमय यात्रा की कामना की। कहा कि तीर्थ यात्रा से मन को शांति और नई ऊर्जा मिलती है। तीर्थ यात्रा से स्वास्थ्य लाभ होने के साथ-साथ पौराणिक जगहों पर जाने से देवी-देवताओं से जुड़ी कथाएं और परंपराएं पता चलती हैं। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों को तीर्थयात्रा जाने की काफी उत्सुकता थी, जिसको ध्यान में रखते हुए उनको भेजा गया है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि यात्रा में वृद्धजनों को पानी, भोजन आदि सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होना चाहिए। डीएम ने वृद्धजनों की तीर्थ यात्रा के लिए अच्छी पहल शुरू की है। इससे वृद्धजनों को मानसिक तनाव कम होने के साथ सुखद एहसास होता है। इससे पूर्व 40 वृद्धजनों को मथुरा, वृंदावन की तीर्थ यात्रा पर भेजा गया था।


मीटर चेक करते विद्युत विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

# विजिलेंस टीम ने छापा मार कर काटे 10 बिजली कनेक्शन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अमृत विचार। शनिवार को विजिलेंस टीम की छापेमारी से पूरे नगर में हड़कंप मच गया। इस दौरान कई घरों में विद्युत चोरी पकड़ी गई। 10 कनेक्शन काटे गए। साथ ही लाखों रुपए की बकाया बिल वसूला गया।

अधिशासी अभियंता अभिषेक सिंह के नेतृत्व में एसडीओ रविंद्र कुमार के साथ विजिलेंस टीम ने नगर के मेन रोड पर विद्युत चोरी के खिलाफ छापेमारी कर दी। इस दौरान कई घरों में विद्युत चोरी पकड़ी गई। साथ ही 10 कनेक्शन काट दिए गए।

इसके अलावा लगभग 2 लाख रुपये की बकाया वसूली की गई। इस दौरान विजिलेंस प्रभारी तरुण प्रताप सिंह व विजिलेंस जेई अजय अवस्थी सहित विद्युत कर्मचारी मौजूद रहे।

# फर्रुखाबाद एफसीआई से आए अनाज में घटतौली पर जिलाधिकारी गुस्साए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



- राशन कोटेदारों ने जिलाधिकारी की बैठक में की शिकायत
- मामले की जांच के दिए गए निर्देश, एफसीआई को भेजा जाएगा पत्र

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में यूविन पोर्टल, आयुष्मान, राशन वितरण, मनरेगा आदि को लेकर बैठक हुई। राशन कोटेदारों ने बताया कि एफसीआई फर्रुखाबाद से जो अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है उसमें घटतौली की जा रही है। इस मामले में जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने कड़ी नाराजगी जताई। कहा कि एफसीआई को पत्र भेजा जाए कि इस तरह की शिकायतें क्यों आ रही हैं। मामले की जांच करायी जाए और एफसीआई यह सुनिश्चित करे कि खाद्यान्न में घटतौली क्षम्य नहीं होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि शून्य से पांच वर्ष के 2,22,638 बच्चों के सापेक्ष 2,03,634 बच्चों का यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण हुआ है। शेष बच्चों को भी पोर्टल से जोड़ने के निर्देश दिए गए। जिन बच्चों की यूविन पोर्टल में फीडिंग हो चुकी है वैक्सीनेशन-डे आसानी से दिख रहा है कि कौन सी वैक्सीन लगी है और कौन सी लगनी है। ड्यू लिस्ट आशा एवं एएनएम को समय से उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि फर्जी वेरीफिकेशन नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 70 प्लस के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है इसके लिए सभी ग्राम पंचायत व नगर निकाय के अधिकारी वरिष्ठ नागरिकों की सूची बनाकर स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराएं। डीएम ने मनरेगा के तहत बनाए जा रहे 100 खेल के मैदानों को विकसित करने को कहा। प्रत्येक खेल मैदान में दौड़ने का ट्रैक अवश्य बनाया जाए। बैट, वॉल, बैडमिटन आदि सामग्री उपलब्ध कराई जाए। खेल का मैदान वहीं पर बनाए जाएं, जहां बच्चे खेलते हों। युवा कल्याण अधिकारी संतोष कुमार इस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। डीएम ने राशन वितरण पर डीएसओ राजीव मिश्र को निर्देश दिए कि घटतौली एवं कालाबाजारी पर पूरी तरह रोक लगे। बैठक में सीडीओ राम कृपाल चौधरी, सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता, उपायुक्त मनरेगा डी. यादव, पीडी डीआरडीए रामऔतार सिंह उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### रीति शुक्ला, अंशिका शर्मा ने मंडल में तीसरा स्थान पाया


अंशिका शर्मा।


रीति शुक्ला।

**कन्नौज।** राजकीय इंटर कॉलेज चुन्नीगंज कानपुर में मंडल स्तरीय महादेवी वर्मा वाद–विवाद प्रतियोगिता हुई। जिसमें शहर के अशोक कुमार दुबे इंटर कॉलेज शिवाजीनगर की छात्रा रीति शुक्ला एवं अंशिका शर्मा ने बच्चों में बढ़ती अवसादग्रस्तता और आत्महत्या की प्रवृत्ति में परिवार, विद्यालय, समाज की भूमिका विषय पर चर्चा की। निर्णायक टीम ने कानपुर मंडल स्तर पर पक्ष में रीति शुक्ला और विपक्ष में अंशिका शर्मा को तृतीय स्थान दिया। दोनों छात्राओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आगे अधिक तैयारी के साथ राज्य स्तर प्रतियोगिता में भाग लेंगी। साथ ही जनपद, विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन करेंगी। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह, प्रबंधक अशोक दुबे व जिला समन्वयक समग्र शिक्षा (माध्यमिक) अजय कुमार ने छात्राओं को बधाई दी है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल

**सौरिख,कन्नौज।** गांव में ट्रैक्टर मशीन से चारा काटा जा रहा था। तभी युवक ट्रैक्टर की चपेट में आ गया और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को कानपुर भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के कटिघरा गांव में शुक्रवार को ग्रामीण द्वारा ट्रैक्टर मशीन से चारा कटाया जा रहा था। मशीन का सामने वाला हिस्सा गांव निवासी अजय कुमार सिंह जाटव के घर की तरफ था। इससे चारा उड़कर घर के अंदर आ रहा था। तभी बाजार से पहुंचे अजय ने विरोध किया और ट्रैक्टर के पास पहुंचकर उसे बन्द करना चाहा। तभी ट्रैक्टर में गियर पड़ने से चलने लगा और उसके ऊपर से गुजर गया। हादसे में अजय गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल को मेडिकल कॉलेज तिर्वा भर्ती कराया। जहां से गंभीर हालत में हैलट अस्पताल कानपुर भर्ती कराया गया। परिजनों के अनुसार हालत चिंताजनक बनी हुई है।


तंबाकू नियंत्रण को लेकर लोगों को जागरुक करते छात्र छात्राएं। अमृत विचार

### तंबाकू नियंत्रण एवं इसके नुकसान बता किया जागरूक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जयवीर सिंह के निर्देश पर तंबाकू मुक्त युवा अभियान विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन करके युवाओं को जागरूक किया गया। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को तंबाकू नियंत्रण, इसके हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें इससे दूर रखना रहा। इस पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ.बबिता यादव, डॉ. धर्मवीर सिंह, डॉ. आशीष कुमार गुप्ता, डॉ. राजीव कुमार सिंह एवं लोकेंद्र कुमार सत्यार्थी रहे। कार्यक्रम के संचालक डॉ. उदय पाल सिंह ने कहा कि इस प्रतियोगिता में बीएससी लास्ट सेमेस्टर स्मृति पाठक प्रथम, बीए लास्ट सेमेस्टर दीपिका वर्मा द्वितीय तथा बीए लास्ट सेमेस्टर शिफा तृतीय स्थान पर रही। इस दौरान समस्त शिक्षकगण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विधिक अधिकारों की जानकारी रखना प्रत्येक के लिए महत्वपूर्ण

**छिबरामऊ, कन्नौज।** एमडी इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार एवं सचिव एडीजे लवली जायसवाल के निर्देशन में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि चीफ डिफ़ेंस काउंसिल श्वेतांक अरुण तिवारी ने कहा विधिक अधिकारों की जानकारी रखना प्रत्येक नागरिक के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल एक सुरक्षित समाज का निर्माण करता है बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा निःशुल्क विधिक सहायता हेतु कोई भी व्यक्ति प्राधिकरण में संपर्क कर सकता है। डिप्टी चीफ़ डिफ़ेंस काउंसिल दीपक श्रीवास्तव एवं पैनल लायर मयंक सक्सेना ने भी छात्र–छात्राओं को उनके विधिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विधिक अधिकारों की उपयोगिता, मौलिक कर्तव्यों, और समाज में विधि के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य राजेश्वर सिंह, प्रबंधक आरसी वर्मा, समाजसेवी फ़ैयाज़ अहमद, पराविधिक स्वयंसेवक शिवांशु द्विवेदी, प्रियांशु, साजिब व प्रतीक्षा चौहान समेत विद्यालय के समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।


श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे विधायक कैलाश राजपूत।


गिरीश चंद्र।

### लोकतंत्र सेनानी के निधन पर शोक की लहर

**सौरिख,कन्नौज।** कस्बा के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी लोकतंत्र सेनानी का शनिवार को निधन हो गया। जानकारी होते ही क्षेत्र से सैकड़ों लोग अन्तिम दर्शन के लिए आवास पहुंच गए। कस्बा के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी लोकतंत्र सेनानी गिरीश चंद्र वर्मा (82) का शनिवार को निधन हो गया है। जानकारी होते ही भाजपा विधायक कैलाश सिंह राजपूत, चेयरमैन राहुल गुप्ता, पूर्व चेयरमैन संजय चतुर्वेदी समेत भारी संख्या में लोग पहुंच गए। दुख व्यक्त करते हुए लोकतंत्र सेनानी के शव पर पुष्प अर्पित कर परिवार को ढांढस बंधाया। परिजनों ने बताया कि लोकतंत्र सेनानी वर्ष 1960 में जनसंघ के सदस्य बनाए गए थे। राम जन्मभूमि आंदोलन में जेल भी गए थे। पुत्र प्रमोद कुमार वर्मा पिंकू ने बताया कि पिता की शव यात्रा रविवार को सुबह 10 बजे शुरू होगी और अंतिम संस्कार फर्रुखाबाद के घटिया घाट पर किया जाएगा।

# पहली पत्नी के रहते दरोगा ने रचा लिया दूसरा ब्याह

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- पत्नी की पिटाई कर उसे कार में डाल कर घर छोड़ा
- पीड़िता के पिता ने सदर कोतवाली पुलिस को दी तहरीर

**अमृत विचार।** पत्नी के रहते दरोगा ने दूसरी महिला से शादी कर ली। इसके बाद पहली पत्नी को प्रताड़ित करने लगा। इसके बाद मारपीट कर मायके छोड़ दिया। पीड़िता के पिता ने सदर कोतवाली में पति समेत ससुरालियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने समझौता कराने की बात कह पीड़िता के पिता को घर भेज दिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव सलेमपुर तारा वांगर निवासी गंगा दयाल पुत्र गजराज ने सदर कोतवाली पुलिस को दिये शिकायती पत्र में कहा कि उसने अपनी पुत्री संध्या की शादी करीव 19 वर्ष पहले अस्मित भारती उर्फ महेंद्र पुत्र भइयालाल निवासी मलिकपुर कोतवाली गुरसहायगंज के साथ की थी। शादी के बाद से ही कम दहेज की बात कह कर पति व अन्य ससुरालीजन प्रताड़ित करने लगे। यही नहीं उसके साथ मारपीट की जाती रही। पति दूसरी शादी करने की धमकी देता रहा। फिर पुलिस में भर्ती होने के दौरान 10 लाख रुपये की मांग की जो उसने दे दिये। इसके बाद वह पुलिस में भर्ती हो गया। वर्तमान में वह पुलिस चौकी सीतापुर में दरोगा के पद पर तैनात है। दरोगा बनने के बाद उसने चोरी छिपे दूसरी शादी कर ली। दूसरी शादी से एक बच्चा भी है। दूसरी शादी के संबंध पुत्री ने जब भी पति से पूछताछ की तो उसके साथ मारपीट की गई। यही नहीं करंट लगाया, गर्म राड से जलाया। दिवाली के दिन पुत्री ने पति को फोन कर घर आने को कहा तो घर पहुंचकर परिजनों पुत्री से मारपीट की। इसके बाद कार में डाल कर उसे कन्नौज छोड़ गये। कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे ने आरोपी दरोगा से फोन पर बात की और समझौता कराने के लिये कोतवाली कन्नौज बुलाया है।

# सनातन धर्म का आधार है गऊ माता

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज


गौ माता को गुड़ खिलाते भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्री राम कथा एवं सुंदरकांड के विख्यात वाचक आचार्य प्रशांतानंद चंदन ने गाय की महिमा का बखान करते हुए कहा गौ माता सनातन धर्म का आधार है। गोपाष्टमी पर प्राचीन गंगेश्वर नाथ मंदिर में गाय की पूजा की गई।

उन्होंने कहा गऊ सनातन धर्म का मूल आधार है। भारतीय नस्ल की देशी गाय में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है। कार्तिक शुक्ल की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी मनाई जाती है। गोपाष्टमी की तिथि से ही प्रभु श्रीकृष्ण पहली बार गऊ चारण के लिए गये थे। श्रीकृष्ण को गऊ पालन से बहुत प्यार था। गऊ पालन करने के कारण ही उनका एक नाम गोपाल भी है। गऊ माता की सेवा करने से जीवन में सुख समृद्धि आती है। जिस घर में गऊ पालन होता है वहां लक्ष्मी जी का वास होता है और प्रभु श्रीकृष्ण का आर्शीवाद भी प्राप्त होता है। देशी गाय का दूध अति उत्तम होता है। गऊ मूत्र कई प्रकार की औषधि में भी काम आता है। बिना पंचगव्य के देवता भी पूजन स्वीकार नहीं करते। वैज्ञानिक पद्धित के अनुसार भी गाय से प्राप्त पदार्थो से असाध्य रोगों का निराकरण रिया जा सकता है। सभी धर्मों को मानने वाले लोगों को भी गऊ सेवा करनी चाहिए क्योंकि गऊ माता सबका पालन पोषण करती है। श्रीगंगेश्वर नाथ मंदिर के महंत प्रेम गिरि महाराज, पंडित शिवानंद द्विवेदी, बालक राम गुप्ता, हीरा दीक्षित, मंजू दुबे, सुधा दीक्षित, सूरजभान तिवारी, महेश वर्मा, ब्रह्मानंद द्विवेदी एवं रामौतार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**पूजन कर गाय को खिलाए लड्डू व केले**

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गोपाष्टमी पर पश्चिमी बाई पास स्थित बाबा महेश्वर नाथ मंदिर में अंतराष्ट्रीय हिंदू सेना गौ रक्षा प्रकल्प के प्रदेश संयोजक ने कई सनातनियों के साथ गाय का पूजन कर, लड्डू एवं केले खिलाए। प्रकल्प के प्रदेश संयोजक रंजीत पांडेय ने गोपाष्टमी का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपने जीवन के छठे वर्ष में आज के दिन गौ पालन की शिक्षा ली थी और इसी दिन से उन्होंने गौसेवा करना प्रारंभ किया था। यह पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को मनाया जाता है।

# ई-रिक्शा एवं कार की टक्कर से पति पत्नी हुए घायल

**सौरिख,कन्नौज।** कार की टक्कर से ई-रिक्शा सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज तिर्वा भर्ती कराया गया। वहीं अन्य कार से जा रहे सवार से भीड़ ने मारपीट कर दी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। नादेमऊ गांव निवासी सलमान पत्नी सोनम के साथ शनिवार को सौरिख से ई-रिक्शा पर सवार होकर घर जा रहा था। नगला डढ़ुअन गांव के पास सामने से आई तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना होने पर दर्जनों ग्रामीण इकट्ठे हो गए। उसी समय थाना क्षेत्र के नगला भारा गांव निवासी संदीप राजपूत पुत्र मनोज कुमार पड़ोसी गांव नगला बरी निवासी नानू भाई के साथ कार से कहीं जा रहे थे। संदीप ने रुककर ई रिक्शा चालक का नाम पूछ दिया। इस पर मौजूद भीड़ संदीप के साथ मारपीट करने लगी।

**जागरूकता** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत कन्या जन्मोत्सव मनाया, 25 प्रसूताओं व बच्चियों की माताओं को दिए गए बेबी किट

# कन्या भ्रूण हत्या रोकने, पोषण देने की जानकारी साझा की

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


माताओं को बेबी किट देते चीफ फार्मासिस्ट जितेंद्र कटियार, केंद्र प्रशासक विनीता कुमारी व अन्य लोग। अमृत विचार


जिला अस्पताल में बच्चियों के साथ मौजूद प्रसूताएं व अन्य महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस- 5 के तहत जनपद स्तर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना में जिला अस्पताल परिसर में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम हुआ। इसमें 25 बच्चों की माताओं व प्रसूताओं को बेबी किट, मखाने, मिठाई व कंबल आदि वितरित किए।

शनिवार को सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने महिलाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का अर्थ समझाया। बेटी बचाओ में सांख्यिकी जनगणना का महत्व समझाकर कन्या भ्रूण हत्या ना हो इसके लिए जागरूक किया। बेटी पढ़ाओ में बेटियों को शिक्षित और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। चीफ फार्मासिस्ट जितेंद्र कटियार ने बताया कि बच्चियां किस्मत से नहीं भाग्य से जन्म लेती हैं जो दो घरों को रोशन करती हैं, इसलिए बच्चियों तथा माताओं का सम्मान करना चाहिए। परिवार नियोजन परामर्शदाता कविता कटियार ने महिलाओं को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जागरूक किया। वरिष्ठ स्टाफ नर्स श्रीकांति ने बच्चों को पोषण देने संबंधी जानकारी दी। सखी वन स्टाप सेंटर की मनो सामाजिक परामर्शदाता संघमित्रा ने घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा जैसी कुप्रथाओं, बाल श्रम को रोकने के लिए महिलाओं को जानकारी दी। पैरामेडिकल स्टाफ नर्स रीता पाल ने महिलाओं को स्तनपान तथा टीकाकरण की जानकारी दी।

सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक विनीता कुमारी ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बाल सेवा योजना व वन स्टाफ केंद्र की कार्यप्रणाली व सेवाओं के बारे में बताया। हेल्पलाइन नंबरों पर भी बात रखी गई। इससे पहले केंद्र प्रशासक ने डॉ. बसु एवं चीफ फार्मासिस्ट को मिशन शक्ति स्मृति चिह्न उपहार स्वरूप भेंट कर किया।

# एक्सप्रेस वे पर ट्रक में घुसी कार, 3 की मौत

## तेज रफ्तार कार ट्राला में फंसकर 100 मीटर घिसटते हुए चली गई, शॉपिंग करने लखनऊ जा रहे थे

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


अनुज उर्फ छोटू।


शिवम यादव।


शशांक उर्फ लकी।

**अमृत विचार** । लखनऊ में काकोरी के रेवरी टोल प्लाजा 289 किमी आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार रात 12.30 बजे तेज रफ्तार कार ट्रक ट्राला में पीछे से घुस गई। रफ्तार इतनी तेज थी। कि कार ट्राला में फंसकर लगभग सौ मीटर घिसटते हुए चली गई। यूपीडा के कंट्रोल रूम ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने राहगीरों की मदद से कार में फंसे पांच घायल युवकों को लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला। इसमें 3 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी। वही गंभीर अवस्था में घायल 2 युवकों को इलाज के लिए सहारा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

आगरा से लखनऊ की ओर जा रही तेज रफ्तार कार रेवरी टोल प्लाजा 289 किमी के पास सरिया लदे ट्रक ट्राला में पीछे से जा घुसी। हादसे में फर्रुखाबाद के थाना जहानगंज क्षेत्र के गांव जैतपुर निवासी शशांक राठौर (24), फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सिविल लाइन नई बस्ती निवासी शिवम यादव (24), फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में जीएनबी रोड निवासी अनुज राठौर (24) की मौत हो गई। जबकि फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के सेंट्रल जेल निवासी अमन उर्फ आदित्य (22) थाना कादरीगेट क्षेत्र के मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी निवासी शांतनु (24) को इलाज के लिए सहारा हॉस्पिटल में गंभीर अवस्था में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। बताया गया कि आगामी 2 दिसम्बर को शंशाक उर्फ लकी की शादी थी। इस सिलसिले में शंशाक अपने 4 दोस्तों के साथ हुंडई वेन्यू कार से लखनऊ शॉपिंग करने जा रहा था।

### मोपेड सवार किसान को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, मौत

**फर्रुखाबाद** । पुत्र की ससुराल से वापस आ रहे मोपेड सवार किसान को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी । जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर घायल किसान कों इलाज के लिए सीएचसी मोहम्दाबाद में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्राम रईशेपुर निवासी शीशराम मोपेड से गंगापार के ग्राम कडहर स्थित अपने पुत्र शिवपाल की ससुराल गए थे। देर रात मोपेड से घर वापस आ रहे थे, तभी मोहम्दाबाद क्षेत्र के तकीपुर के पास हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मोपेड में टक्कर मार दी। जिससे शीशराम गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद में भर्ती कराया। सिर में अधिक चोट लगने की वजह से चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां देर रात डॉक्टर वैभव यादव ने उसको मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में मातम छा गया। पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की।

# आप ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार** । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 27 हजार सरकारी विद्यालयों के बंदी आदेश के विरोध में आम आदमी पार्टी फर्रुखाबाद में जिला अध्यक्ष इंजीनियर नीरज प्रताप शाक्य के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौपा।


आप जिलाध्यक्ष ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों को लेकर हाल ही में मीडिया में आई खबरों के अनुसार 27 हजार सरकारी स्कूलों को बंद करने की योजना बनाई गई है। यह प्रदेश सरकार द्वारा 2020 तक बंद किए गए 26,000 स्कूलों के बाद अब एक नया कदम है। सरकारी स्कूलों को बंद करने का आदेश न केवल सरकार की नीतियों को संदिग्ध बनाता है बल्कि यह सीधे तौर पर गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। जिला महामंत्री अवनी सिंह तोमर ने कहा की सरकार का तानाशाही रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के महामंत्री केपी सिंह, अधिवक्ता प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष एडवोकेट जितेंद्र सिंह, इत्सेल्फ प्रभारी अंकित शाक्य, प्रदेश जिला उपाध्यक्ष जगतपाल, नवीन कुमार शाक्य, जिला सचिव साहब सिंह, किसान प्रकोष्ठ महामंत्री सत्येंद्र पाल, युवा जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह यादव, विवेक कुमार, कमलेश पाल एडवोकेट, यादव सिंह शाक्य एडवोकेट, प्रेम सिंह यादव, विमल सिंह चौहान, अजय पाल सिंह, अंशुल कुमार आदि मौजूद रहे।


आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते हुए। अमृत विचार

# सदानंद बने व्यापार मंडल मिश्रा गुट के जिलाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार** । उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट के अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने नगर के प्रमुख व्यापारी सदानंद शुक्ला को व्यापार मंडल का जिला अध्यक्ष बनाया है। व्यापारी सदानंद शुक्ला ने जिला अध्यक्ष बनाए जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि दो दिन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष का फोन आया था। उन्होंने जिलाध्यक्ष का पद का दायित्व निभाने की जानकारी देते हुए कानपुर बुलाया था। मैं शुक्रवार को कानपुर जाकर प्रदेश अध्यक्ष से मिला। शनिवार मुख्यमंत्री योगी के आने के कारण नियुक्ति पत्र जारी नहीं हो सका। सोनी शुक्ला आदि व्यापारियों ने जिलाध्यक्ष श्री शुक्ला से भेंट कर उन्हें बधाई दी है। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा उर्फ बाबी को प्रदेश उपाध्यक्ष घोषित किया है। प्रदेश अध्यक्ष श्री मिश्रा ने व्यापारी नेता अनिल कुमार उर्फ लालू कनौजिया एवं राजू गौतम को जिले का वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया है।


फर्रुखाबाद के व्यापारी प्रदेश अध्यक्ष को कानपुर में गुलदस्ता भेंट करते हुए।


सुनवाई करते सीओ अमृतपुर रविन्द्र नाथ राय व साथ में थाना प्रभारी अनुराग मिश्र।


थाना समाधान दिवस में शिकायतें सुनते न्यायिक तहसीलदार। अमृत विचार

# समाधान दिवस में कब्जे की शिकायतों की बाढ़

संवाददाता कमालगंज

**अमृत विचार** । शनिवार को थाना परिसर में समाधान दिवस में पहुंचकर सीओ अमृतपुर रविन्द्र नाथ राय व थाना प्रभारी अनुराग मिश्र, कानूनगो शाहनूर ने थाने पर आए शिकायती पत्रों पर सुनवाई कर समस्यायों का निस्तारण किया। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम कढ़हर निवासी रामप्यारी ने कहा कि गांव के लालाराम उर्फ बाबा ने खेत पर जबरिया कब्जा कर लिया है। जेठानी जय देवी ने विरोध जताया तो उसने मेरे पुत्र महावीर को गाली गलौज कर मारपीट कर दी। वही ग्राम दरौरा निवासी हाकिम सिंह ने गांव के ही श्यामवीर उनके पुत्र कौशल, विशाल पर खेत पर जबरिया कब्जा करने का आरोप लगाया।

एक अन्य मामले में कस्बे के राकेश गुप्ता निवासी मोहल्ला सुभाष नगर ने तहरीर देकर बताया कि 4 नवंबर को भतीजे मुकेश, मोहित, आकाश, विकास और उनके साथ पंकज, गौरव, सौरभ ने दुकान का शटर ग्राइंडर मशीन से काटकर दुकान पर कब्जा करने का प्रयास किया कर मारपीट कर दी थी । साथ ही राजस्व विभाग से जुड़े एक दर्जन शिकायती पत्र आए। जिसमें एक का ही निस्तारण हुआ। बाकी को संबंधित अधिकारियों को जांच के लिए भेज दिया गया । इस मौके पर लेखपाल अभय त्रिवेदी, उज्ज्वल गुप्ता, कीर्ति सिंह, अमित कुमार सिंह, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### आई 9 शिकायतें, 3 मामलों का निस्तारण

**नवाबगंज** । थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में न्यायिक तहसीलदार गजराज सिंह व थाना प्रभारी विद्यासागर तिवारी ने फरियादियो की समस्या को सुना। उनके सामने मात्र 9 शिकायतें आईं। जिसमें तीन शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। वहीं शेष बची शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व की टीम बनाकर मौके पर भेजी गयी है। उनका भी जल्द निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान उपनिरीक्षक गिरीश कुमार, हेमन्त कुमार, संतोष, राजस्व कर्मी रविंद्र सिंह, नरेश कुमार, सौरभ तरुण, लालू भूदेव, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# गौशाला में धूमधाम से मनाई गई गोपाष्टमी

संवाददाता कायमगंज

- सजी-धजी गायों का पूजन कर गुड़, चना, मीठी पूरी, खीर खिलाई गई

**अमृत विचार** । नगर क्षेत्र स्थित भगवती गौशाला में गोपाष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। गौशाला परिसर में योगाचार्य श्रद्धानंद ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कराया। आरती के बाद गायों को नहला कर सुंदर वस्त्र पहनाए गए। उनका पूजन गुड़, चना, मीठी पूरी, खीर खिलाई गई योगाचार्य ने कहा की गाय विश्व की माता है। इससे सभी का पालन पोषण होता है। इस दौरान गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की गई । अनिल अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, हिजामं नेता प्रदीप सक्सेना, राजेश गुप्ता सनी आदि मौजूद रहे।


गोपाष्टमी का त्योहार मनाते योगाचार्य श्रद्धानंद, अनिल अग्रवाल, नीरज अग्रवाल।

# अनेकता में एकता का दर्शन कराती है भारतीय कलाओं की प्रकृति

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- प्रांतीय कला साधक संगम के तीसरे सत्र में विद्वानों ने पढ़े अपने शोध पत्र

**अमृत विचार** । कला एवं साहित्य को समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती के प्रांतीय कला साधक संगम के तीसरे सत्र का शुभारंभ राजा मानसिंह तोमर कला एवं संस्कृति विश्वविद्यालय ग्वालियर के पूर्व कुलपति डॉक्टर साहित्य कुमार नाहर, बिरजू महाराज कथक संस्थान लखनऊ की उपाध्यक्ष डॉ मिथिलेश तिवारी, आगरा के विद्वान प्रोफेसर विनोद कुमार ने दीप जला करके किया।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि संस्कृति के समान ही भारतीय कलाओं की प्रकृति भी अनेकता में एकता का दर्शन कराती है। संस्कार भारती का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक, प्रत्येक परिवार में नई पीढ़ी को कला के माध्यम से सुसंस्कृत करना एवं उसको आनन्दमय बनाना है। इस अवसर पर विद्वानों ने भारतीय ज्ञान परंपरा के उन्नयन कला एवं संस्कृति का योग दान विषय पर शोध-पत्र पढ़े। स्थानीय लोगों में अखिलेश पांडेय, अभिव्यंजना के समन्वयक भूपेंद्र प्रताप सिंह, डा.आलोक बिहारी शुक्ला आदि ने विचार व्यक्त किए। कहा गया कि लोक कलाओं के विकास और संरक्षण में गृहणियों का बड़ा योगदान है विभिन्न त्योहारों पर बनाई जाने वाली रंगोलिया, गुड़िया, चित्र, अल्पनाएं मेहंदी, रंगोली व अन्य के जरिए से लोक कलाओं का संरक्षण घर-घर में किया जाता है। यह भारतीय समाज की विशेषता है। इस मौके पर कहा गया कि गंगा तट पर स्थित पांचाल नगर फर्रुखाबाद पौराणिक मान्यताओं के अनुरूप यह राज्य महाभारत कालीन पांचाल क्षेत्र के रूप में विख्यात रहा।



प्रांतीय कला साधक संगम में शोधपत्र प्रस्तुत करते विद्वान।

# विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान का जायजा लिया

संवाददाता,फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जनता राष्ट्रीय इंटर कालेज में बूथ संख्या 140 से 144 व डी0एन0 कालेज के बूथ संख्या 129 से 135 तक का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कालेज में इन बूथों के जो बच्चे 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष के हो रहे है उनका फॉर्म 6 भरवाकर उनको मतदाता बनाया जाये।

जिलाधिकारी ने जनता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में बच्चों से संवाद कर उनसे उनकी शिक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त की।


जनता राष्ट्रीय इंटर कालेज में बूथ संख्या 140 से 144 का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

# सपा की बैठक में मतदाता पुनरीक्षण पर दिया जोर

**फर्रुखाबाद**। समाजवादी पार्टी महानगर की मासिक बैठक महानगर अध्यक्ष के बजरिया स्थित आवास पर संपन्न हुई। महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने जिले में नए वोट बनवाने एवं गलत व त्रुटि पूर्ण वोटों को कटवाने पर जोर दिया।

अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव अमित यादव उर्फ गोल्डी को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया। मिश्रा ने कहा कि वोट कटवाने और बढ़ाने में पूरी ताकत से लग जाएं।

2027 में हर हाल में पूर्ण बहुमत से चुनाव जीतना है। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव युनुस अंसारी ने महानगर अध्यक्ष द्वारा अधिवक्ता अमित यादव को जिला प्रभारी बनाए जाने पर बधाई दी डॉ शिवम अवस्थी, कुलदीप भारद्वाज (पूर्व सभासद), अमन भारद्वाज, खुर्शीद खा, अभिषेक गुप्ता, सत्यम अवस्थी,अतुल वर्मा, अमित यादव, खदिया, नफीस, हरिओम सक्सेना, ऋषि अवस्थी एडवोकेट आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### वारंटी सहित आधा दर्जन लोगों का शांतिभंग में चालान

**कमालगंज** । ग्राम बिचपुरी निवासी गोरेलाल जो कि काफी समय से फरार चल रहा था। न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद शनिवार को थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। वहीं ग्राम लखमीपुर निवासी कल्लू का जमीनी विवाद गांव के ही लालजीत से हुआ। जिसमें कहासुनी होने पर पुलिस ने हिरासत मे लिया। इस क्रम में महावीर सिंह निवासी कढ़हर का विवाद दिनेश निवासी निनोरा, गुलज़ार भटपुरा से होने पर सभी को हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान किया गया।

### जहरीले सांप ने डसा, अस्पताल में भर्ती

**कायमगंज** । शमसाबाद क्षेत्र के गांव नगला सेठ निवासी सौरभ कुमार को जहरीले सांप ने डस लिया। चीखने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे आनन फानन में सीएचसी लेकर आए। जहां से प्राथमिक उपचार दे सर्प दंश पीडित को लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया।

### संदिग्ध परिस्थतियों में पीया कीटनाशक

**कायमगंज** । कंपिल क्षेत्र के गांव रायपुर खास निवासी जुल्फिकार ने संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। उल्टियां होने पर परिजनों को जानकारी हुई। परिजन सीएचसी लेकर आए। जहां से उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### छत से गिरकर ग्रामीण घायल, हालत गंभीर

**कायमगंज** । शमसाबाद क्षेत्र के गांव छिछौनापुर निवासी विजयपाल छत से असंतुलित होकर नीचे जा गिरा । घायल अवस्था में उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर बता उसे डॉ राममनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया।


लकड़ी माफियाओ द्वारा काटे जा रहें हरे आम के पेड़ ।

### हरियाली उजाड़ रहे लकड़ी माफिया

**कायमगंज** । कम्पिल क्षेत्र के मेदपुर के पास स्थित एचपी गोदाम के पीछे लकड़ी माफियाओ ने कई हरे आम के पेड़ काट दिये। जब वन विभाग की मेहरबानी के चलते खुलेआम प्रतिबंधित पेड़ काटे जा रहें है। गौर करने की बात है कि लकड़ी माफियाओं पर वन विभाग अंकुश क्यों नहीं लगा पा रहा है। दिन हो या रात लकड़ी माफिया प्रकृति की धनोहर हरियाली को उजाड़ने में लगे हैं। वही पकड़े जाने पर मामूली ज़ुर्माना लगाकर वन विभाग खानापूरी कर लेता है।

### जंगली जानवर के हमले से अधेड़ गंभीर घायल

**कायमगंज** । नगर से सटे गांव घसिया चिलौली निवासी नमन शाक्य (50) पर जंगली जानवर ने हमला कर गंभीर घायल कर दिया। उसके चीखने चिल्लाने पर आसपास के लोगो ने उसे बचाया। जब परिजनों को जानकारी तो सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### सड़क हादसों में 6 घायल, एक की हालत गंभीर

**कायमगंज** । अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में कम्पिल क्षेत्र के गांव जगपुर निवासी गीता (25), सिकंदरपुर निवासी पुष्पेंद्र (25), गांव पितौरा निवासी भूपेंद्र कुमार (32) कंपिल क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी देव सिंह कुशवाह (50) क्षेत्र के गांव अकाखेड़ा निवासी सत्यपाल (20) व हसनगंज निवासी सुखदेव (18) घायल हो गये। सभी घायलों को आसपास के लोगो ने 108 एम्बुलेंस ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद देव सिंह को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

धर्म-अध्यात्म

## माता-पिता की सेवा करने पर व्यक्ति कभी दुखी नहीं रह सकता : अरिमर्दन शास्त्री

# मानस की हर चौपाई मानव कल्याण का मंत्र

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार** । नगर के डीपीबीपी कॉलेज में चल रहे 21वें मानस सम्मेलन में श्रीराम विवाह की कथा सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। चौथे दिन मानस भूषण अरिमर्दन शास्त्री ने मानस के कई रोचक प्रसंग की चर्चा करते हुए कहा कि सनातन धर्म प्रभु राम को तो मानता है। उनकी पूजा करते हैं लेकिन उनकी मानते नहीं है। उनके आदर्शों पर चल कर माता-पिता की सेवा करने पर व्यक्ति कभी दुखी नहीं रह सकता। मानस की एक-एक चौपाई मानव कल्याण के लिए किसी मंत्र से कम नहीं है । अगर इंसान मानस के आदर्श को आत्मसात कर ले तो उसका कल्याण निश्चित है ।

राजकुमारी मानस माधुरी ने कहा कि मानस का नित्य पूजन करने से सभी कामनाएं पूर्ण होती हैं ।सनातन धर्मियों को मानस का पाठ प्रतिदिन श्रद्धा पूर्वक करना चाहिए । उन्होंने कहा कि दुनिया चाहे छूट जाए परंतु प्रभु का नाम नहीं छूटना चाहिए । प्रीति रामायणी ने श्रीराम कथा की अमृत वर्षा करते हुए कहा कि सत्य और धर्म का मार्ग कठिन होता है। मानस में वर्णित हर चरित श्रद्धा भक्ति त्याग का प्रतीक है। साधना शर्मा रामायणी ने रामचरितमानस को संसार का सबसे पवित्र ग्रंथ बताते हुए कहा कि मानस भक्ति श्रद्धा त्याग प्रेम की शिक्षा देती है। उपदेश देना बहुत आसान परंतु उपदेशों पर चलना उतना ही कठिन होता है। उन्होंने कहा कि सीता जैसी पत्नी सभी को चाहिए पर राम बनना कोई नहीं चाहता । अगर सीता जैसी पत्नी चाहिए तो पहले राम बनना पड़ेगा । आचार्य सर्वेश कुमार शुक्ला रामायणी ने प्रभु राम के आदर्श पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि भगवान श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन चरित्र प्रेरणादायक है । आचार्य अरविंद कुमार चतुर्वेदी ने मानस से जुडेन कई प्रसंगों की चर्चा करते हुए कहा कि धर्म की रक्षा के लिए प्रभु का जन्म होता है। आदित्य कुमार त्रिपाठी ने भी श्रीराम कथा की अमृत वर्षा करते हुए कई प्रेरणादायक प्रसंग पर चर्चा की। संचालन संत कवि बृज किशोर सिंह किशोर ने किया। संयोजक भारत सिंह. राजेश निराला. डॉक्टर विष्णु दत्त शर्मा. श्रीमती शकुंतला कनौजिया .चंदन सिंह. गगन सिंह .मनोज दीक्षित. रविंद्र भदोरिया .मुकेश सिंह. राहुल कनौजिया. संजय गुप्ता. मनीष गुप्ता ने व्यवस्था में सहयोग किया ।


मानस सम्मेलन में चौथे दिन अरिमर्दन शास्त्री ने मानस के कई प्रसंग की चर्चा की।

# घरेलू कलह से परेशान महिला ने लगाई फांसी

संवाददाता अमृतपुर

- पिता ने बेटी को मार कर लटकाने का लगाया आरोप

**अमृत विचार** । घरेलू कलह के चलते महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर क्षेत्राधिकारी रविंद्र कुमार राय, थाना अध्यक्ष मिनेश पचौरी पुलिस बल के साथ पहुंची और जांच पड़ताल की। थाना पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम गड़ैया किराचिन निवासी आदेश की 32 वर्षीय पत्नी अनीता अपने तीन बच्चे राधिका (8) दिव्यांश (5) सूर्यांश (3) अपने परिवार के साथ रह रही थी। किसी बात से नाराज होकर उसने कमरे में पहुंचकर साड़ी का फंदा गले मे डालकर झूल गई। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पिता सुरेंद्र निवासी भसेरा जिला हरदोई निवासी अपने अन्य परिजनों के साथ बेटी की ससुराल पहुंचे। उन्होंने ससुरालीजनों पर बेटी को मार कर लटकाए जाने का आरोप लगाया। थाना पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका अपनी सास विमला देवी की सगी भतीजी थी।


क्षेत्राधिकारी, थाना अध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर जांच की।

# एक ही परिवार के नाम 4 पन्नों में दर्ज

## मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान में पहले दिन बूथों पर हावी रही अव्यवस्था, बीएलओ भी रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** मतदाता सूची पुनरीक्षण के शनिवार को विशेष अभियान के पहले दिन सभी बीएलओ अपने-अपने बूथों पर पहुंचे। हालांकि कुछ स्थानों पर बीएलओ को बूथ पर पहुंचने में देरी हुई। 10 बजे के स्थान पर 11 बजे बीएलओ बूथ पर पहुंच पाए तो कुछ स्थानों पर बीएलओ के लिए कुर्सी मेज का अभाव था। मेज न मिलने के कारण बीएलओ कुर्सी पर बैठकर ही काम करते रहे। फॉर्म भरने के लिए आए लोगों को खड़े होकर अपना काम करना पड़ा। मतदाताओं के बैठने के लिए मतदान केंद्रों पर विद्यालय के प्रधानाचार्यों ने कोई व्यवस्था नहीं की।

मतदाता सूची में संशोधन किए जाने के साथ ही नए नाम शामिल किए जाने का भी कार्य किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान ऐसे युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे, जिनकी आयु 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो रही है। इसके लिए आवेदन करना होगा और यह आवेदन बीएलओ के पास मौजूद है। इसके साथ ही आवश्यकता के अनुरूप संशोधन भी कराया जा सकता है। इस कार्यक्रम के तहत दो दिनों का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 9 नवंबर तथा 10 नवंबर को सभी बीएलओ बूथ पर बैठे रहेंगे।

शनिवार को पहले दिन यह व्यवस्था बदइंतजामी की भेंट चढ़ गई। काफी कम संख्या में लोग मतदाता सूची देखने के लिए पहुंचे, लेकिन जब मतदाता सूची देखी तो उन्हें अपने और अपने परिवार के नाम खोजने में काफी परेशानी हुई। एक ही परिवार के सदस्यों के नाम मतदाता सूची में अलग-अलग पन्नों पर दर्ज हैं।

जनता इंटर कॉलेज के बूथ संख्या 154 पर उदयभान सिंह के परिवार का नाम दर्ज हैं, लेकिन उनके परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग पन्नों पर हो गए। उनकी पत्नी सुनीता देवी का नाम 709 नंबर पर दर्ज है, जबकि उदयभान सिंह का नाम 736 वोटर क्रमांक पर पहुंच गया है। इससे भी बड़ी बात यह है कि उनकी मां ब्रह्मा देवी का नाम का क्रमांक 1078 हो गया और इनका पन्ना भी बदल गया। उनके पुत्र ईशान का नंबर भी काफी अलग है। कई अन्य मतदाताओं के साथ भी ऐसा हुआ।


जीजीआईसी में मेज के बिना कुर्सी पर बैठकर काम करते बीएलओ। अमृत विचार


जनता इंका बूथ पर मतदाता सूची देखते उदयभान सिंह यादव। अमृत विचार

### कुर्सी तो मिल गई, मगर मेज का इंतजाम नहीं

जीजीआईसी मतदान केंद्र पर बीएलओ को कुर्सी तो दे दी गई, लेकिन मेज नहीं दी गई। यही कारण रहा कि उन्होंने कुर्सी के सहारे ही काम किया। जो मतदाता नाम शामिल कराने पहुंचे, वे खड़े ही रहे। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी रामनाथ सिंह अपने पौत्र का नाम शामिल करने पहुंचे थे। उन्होंने मेज के अभाव में खड़े-खड़े किसी तरह आवेदन पत्र भरा, जबकि निर्देश दिए गए थे कि जिन विद्यालयों में मतदान केंद्र बनाए गए हैं, वहां बीएलओ के बैठने की व्यवस्था की जाए। इसके बाद भी कई स्थानों पर मतदाता सूची में नाम शामिल करने आए लोगों को परेशान होना पड़ा।

## चंबल नदी में कूदा युवक

**चकरनगर।** एक युवक ने चंबल पुल से नदी में छलांग दी। स्टीमर से उसे निकाला गया। नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया।

क्षेत्र के ददरा गांव के रूप नारायण का बेटा मोहन दोहरे शनिवार को घर में किसी बात पर नाराज होकर चंबल पुल सहसों पर जाकर नदी में कूद गया। वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाते हुए तैरने को कहा तो वह तैरने लगा। वहीं पास मे सेंचुरी विभाग का स्टीमर लगा हुआ था, जिससे उसे नदी से निकाला गया। पुलिस ने उसे सीएचसी राजपुर भिजवाया, जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## परशुराम सेवा समिति की सभी इकाइयां भंग

**इकदिल।** परशुराम सेवा समिति की प्रदेश, जिला व नगर की समस्त इकाइयां भंग कर दी गई हैं। परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी व नगर कार्यकारिणी एवं महिला प्रकोष्ठ इकाई को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है।

## सार-संक्षेप


जिला समंवयक को प्रतीक चिह्न देते प्रधानाचार्य।

### निबंध प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**महेवा।** ब्लाक क्षेत्र महेवा के अंतर्गत सराय नरोत्तम में स्थित एक स्कूल में सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के अंतर्गत अवध इंटरनेशनल एकेडमी ने हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में जिले के 19 स्कूलों के लगभग 80 छात्रों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में संत विवेकानंद स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आनंद और सुदिति ग्लोबल स्कूल औरैया की प्रधानाचार्य नीलम आनंद, प्रधानाचार्य जायत्री एकेडमी योगेन्द्र शर्मा ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. कैलाश यादव, सहोदया के सचिव एसएन यादव ने कार्यक्रम की शोभा बढाई। स्कूल के प्रधानाचार्या डा ज्योति दुल्हानी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन ऋषि दुबे, सतेन्द्र कुमार ने किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने सभी विषयों पर प्रभावशाली निबंध लिखे, जो निर्णायक मंडल और अध्यापको को प्रभावित करने में सफल रहे। जिला समंवयक डॉ. आनंद मोहन व अवध विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति दुल्हान ने सभी प्रतिभागियों को आशीर्वचन देते कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल छात्रों की हिंदी भाषा में दक्षता को उजागर करती है, बल्कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सांस्कृतिक विविधता की भावना को भी प्रोत्साहित करती है।



रैली को हरी झंडी दिखातीं अपर जिला जज श्वेता श्रीवास्तव, प्राचार्य डा. शैलेंद्र शर्मा।

### रैली निकालकर विधिक जानकारी दी गई

**इटावा।** विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक सेवा दिवस के अवसर पर रैली तथा शिविर लगाकर लोगों को कानूनी जानकारी दी गई। खास तौर से महाविद्यालयों और विधि विद्यालयों में इस संबंध में आयोजन किए गए तथा छात्र-छात्राओं को कानून के बारे में जागरूक किया गया। जिला जज चवन प्रकाश के आदेश पर अपर जिलाजज तथा विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्वेता श्रीवास्तव की मौजूदगी में विधि विद्यालय हेंवरा में रैली निकाली गई। विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अपर जिलाजज श्वेता श्रीवास्तव ने विधिक सेवा दिवस की उपयोगिता बताई तथा जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लीगल डिफेंस काउंसिल के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी छात्र-छात्राओं को दी। प्राचार्य डॉक्टर शैलेंद्र शर्मा ने भी इस मुद्दे पर छात्रों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के राजेश कुमार सिंह, रजनी शुक्ला ने छात्रों को लीगल जानकारी दी। इसके अतिरिक्त महिला थाना प्रभारी ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर मिशन शक्ति को लेकर छात्राओं को जागरूक किया।

### विक्की गुप्ता बने सांसद जितेंद्र दोहरे के मीडिया प्रभारी

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता विकास विक्की गुप्ता को सांसद जितेंद्र दोहरे ने पार्टी के प्रति कर्मठता, मेहनत एवं लगनशीलता को देखते हुए अपना मीडिया प्रभारी नामित किया है। मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, जिला महासचिव वीरू भदौरिया, सपा जिला उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, उत्तम सिंह प्रजापति, नरेंद्र कुशवाहा, रविन्द्र शुक्ला चच्चू, सिगरेश यादव, अनवार हुसैन, प्रवीन कुशवाहा, डॉ. संतोष राठौर, शहर अध्यक्ष अब्दुल माबूद अंसारी, सभासद अविनाश कुशवाह, उमेश राजपूत डुल्ले, आशीष पटेल आदि ने बधाई दी है।


विक्की गुप्ता को पत्र देते सांसद जितेंद्र दोहरे।

### बिजली विभाग गांव-गांव लगाएगा उपभोक्ता शिविर

**महेवा।** बिजली विभाग की ओर से बकाया बिल की वसूली को गति देने और उपभोक्ताओं की समस्याओं को गांव स्तर पर ही निदान करने के लिए गांव-गांव कैम्प आयोजित किए जाएंगे। बकेवर उपखंड अधिकारी राहुल यादव एवं अवर अभियंता महेंद्र सिंह पटेल के नेतृत्व में 11 नवंबर को मुकुटपुर, 12 को राहतपुर, 13 को अनंतराम, 14 को दादरपुर, 15 को महेवा, 16 को नौगवा, 18 को पुरावली, 19 को मड़ैया अहिरान, 20 को इकनौर, 21 मेहंदीपुर, 22 को गौतमपुर, 23 को बराउख, 25 उज्जयिनी, 26 को आनेपुर, 27 को महेवा में कैंप आयोजित होंगे।


प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति को गदा भेंट करते अशोक चौबे।

### हिंद केशरी रामेश्वर सिंह ने दिखाए दांव-पेच

**बकेवर।** बकेवर महोत्सव में आयोजित अखिल भारतीय विशाल दंगल में दूसरे दिन मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने पहलवानों का हाथ मिलवा कर दंगल का उदघाटन किया। मेले में 43 कुश्तियां कराई गई। मेला कमेटी के अध्यक्ष अशोक चौबे, उपाध्यक्ष डा राजेश सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह चौहान, महामंत्री जगराम सिंह, मंत्री अनुराग भदौरिया, पुरुषोत्तम मिश्रा, जय करण सिंह, अनुज अवस्थी, धर्मेश बाजपेई ने मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। दंगल में ओमवीर सिंह आगरा एवं सोनू मथुरा, प्रशांत इटावा एवं निहाल सिंह फिरोजाबाद, धर्मवीर सिंह मथुरा एवं अशोक सिंह आगरा, भोलासिंह झांसी एवं विकास हाथरस, मोनू फिरोजाबाद एवं आदिल शिकोहाबाद के बीच हुई। जिला जीत की कुश्तियों में गोलू मिटाटी इटावा एवं विकास कुरखा, जय सैफई एवं राघवेंद्र इटावा पहलवानों की कुश्ती कराई गई। सबसे बड़ी कुश्ती हिंद केशरी पहलवान रामेश्वर सिंह हरियाणा एवं शेरा पहलवान राजस्थान के बीच कराई गई। हिंद केशरी पहलवान की कुश्ती में 1,00001 का इनाम रखा गया। इस अवसर पर मनीष दुबे, मनोज कुमार, रामकुमार मिश्रा, गोपाल दुबे, पप्पन भाई, प्रेम दास कठेरिया पूर्व सांसद, निशांत चौधरी, जितेंद्र गौड़, रजत चौधरी, संजीव भदौरिया जिला कोषाध्क्ष, ज्ञानेंद्र अवस्थी, प्रबोध चौबे, सुमेध अवस्थी, चतुर्वेदी, सोमेश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### समाधान दिवस में 5 शिकायतों में से दो का निस्तारण

**जसवंतनगर।** तहसीलदार दिलीप कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान पांच शिकायतें मिली, जिसमें से दो शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राम सहाय सिंह ने बताया कि फरियादियों की शिकायतों में अधिकांशत: राजस्व विभाग से संबंधित थीं जैसे ग्राम नगला जगन निवासी विकेश कुमार ने गांव के ही लोगों पर उसकी खेत की भूमि पर किया गया कब्जा हटवाने की गुहार लगाई। इसी तरह मोहल्ला रेलमंडी निवासी पूजा ग्राम सिसहाट में स्थित खेत मे पानी लगाने गई तो उसे दबंगों ने खेत पर मारपीट कर भगा देने की शिकायत दर्ज कराई है।

## एक नजर

### भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच चले लाठी-डंडे

**भरथना।** भूमि के विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडे चले। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। एक पक्ष से किरन देवी पत्नी भानु प्रकाश सिंह ने गांव के रामरूप, सुमित तथा पुष्पादेवी पर आरोप लगाया है कि भूमि विवाद को लेकर शनिवार अपराह्न एक बजे आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए लाठी डंडों से हमला कर दिया जिससे हम लोगों को चोटें आई है। दूसरे पक्ष की पुष्पा देवी ने विपक्षियों पर गालीगलौज कर परिजनों के साथ मारपीट करके घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाकर मामले की जांच शुरू की।

### अधेड़ का शव पेड़ पर लटका मिला, शिनाख्त नहीं

**इकदिल।** क्षेत्र के जखौली व चांदनपुर के पास दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन के किनारे लोहिया पुल के पास आम के पेड़ पर एक अधेड़ व्यक्ति का शव अंगोछे से फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना थानाध्यक्ष भीमसेन पौनियां व फॉरेसिंक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। आसपास के लोगों से पहचान कराने की कोशिश की। काफी प्रयास के बाद भी पहचान नहीं की जा सकी। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को शिनाख्त कराने के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### बुजुर्गों के बनने लगे आयुष्मान कार्ड

**महेवा।** महेवा सीएचसी में केंद्र एवं राज्य सरकार के आदेशानुसार 70 वर्ष की उम्र या फिर उससे अधिक उम्र के लोगों आयुष्मान कार्ड बनना शुरू हो गए हैं। शनिवार को सहायक विकास अधिकारी पंचायत इंद्रपाल सिंह भदौरिया के सुपरविजन और अधीक्षक डॉ. गौरव त्रिपाठी के निर्देशन बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। अधीक्षक ने बताया कि 70 वर्ष या फिर उससे अधिक के उम्र के लोग आधार कार्ड लेकर सीएचसी अथवा अपने गांव के जन आरोग्य मंदिर में आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड में मोबाइल नंबर जरूर लिंक करवा लें।

### हादसे में युवक घायल

**इकदिल।** आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर इकदिल पेट्रोल पंप के सामने सड़क पार कर रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बकेवर के गांधी नगर का रहने वाला प्रशांत कुमार पुत्र अवधेश रावत जरूरी काम से इकदिल आया था। जब वह पेट्रोल पंप के पास हाईवे पार कर रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक भाग जाने में सफल रहा। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### श्री कृष्ण की लीला सुनाई

**महेवा।** इंद्रापुर की श्रीमदभागवत कथा में आचार्य सुबोधानंद महाराज ने कृष्ण भगवान के विभिन्न रूपों व कलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि बृज में सभी उनकी कलाओं से चकित थे। कन्हैया की लीलाओं से बलदाऊ भी चकित थे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं सहकारी संघ महेवा के अध्यक्ष राजीव चौधरी, शिक्षक नेता गौरव तिवारी, समाजसेवी सौरभ परिहार ने आचार्य को अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। परीक्षित बने राजकीय ठेकेदार धर्मेंद्र मिश्रा, प्रधान प्रभा मिश्रा का भी अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। आयोजक ने बताया कि 12 नवंबर को भंडारे का आयोजन होगा।

# सैदपुर के प्रधान कबीर चंद्र का चुनाव अवैध

संवाददाता, बकेवर

- अदालत ने कबीर चंद्र के चुनाव को अवैध घोषित किया
- चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे ब्रह्मानंद को मिला कार्यभार

**अमृत विचार।** महेवा ब्लॉक की सैदपुर ग्राम पंचायत के प्रधान कबीर चंद्र का निर्वाचन अवैध पाए जाने पर प्रधान पद से हटाया गया। उनके स्थान पर दूसरे स्थान पर रहे प्रत्याशी ब्रह्मानंद को प्रधान पद का कार्यभार ग्रहण कराया गया।

महेवा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सैदपुर से वर्ष 2021 में हुए पंचायत चुनाव में कबीर चंद्र विजयी घोषित किये गए थे। इस संबंध में उपजिलाधिकारी भरथना सुशान्त श्रीवास्तव ने बताया कि निर्वाचित प्रधान कबीरचंद्र का निर्वाचन अवैध घोषित हुआ है।निर्वाचित प्रधान कबीर चंद्र को किसी मामले में सजा हुई थी उन्होंने यह तथ्य अपने नामांकन में छुपाकर चुनाव लड़ा था।

निर्वाचित होने के बाद दूसरे स्थान पर रहे ब्रह्मानन्द ने इस सम्बंध में न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। इस सम्बन्ध में न्यायालय ने कबीर चंद्र के निर्वाचन को अवैध घोषित किया। कबीर चंद्र को प्रधान पद से हटाकर दूसरे स्थान पर रहने वाले 306 मत पाने वाले ब्रह्मानंद पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी खरगूपुर को प्रधान नियुक्त किया है।

# भाजपा के मंडल चुनाव अधिकारी नियुक्त

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- संगठनात्मक चुनाव के लिए बनाए गए चुनाव अधिकारी
- जनपद के सभी 16 मंडलों में कराएंगे संगठन के चुनाव

**अमृत विचार।** जिले में भाजपा के संगठनात्मक चुनाव के लिए पूर्व राज्यमंत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी ने जनपद प्रवास के दौरान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत व जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले सभी 16 मंडलों के लिए मण्डल चुनाव अधिकारियों की घोषणा की। 10 नवंबर को दोपहर 12 बजे भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संगठन चुनाव कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

भाजपा संगठन चुनाव के लिलए जो चुनाव अधिकारी बनाए गए हैं, उनमें जसवंतनगर विधानसभा के जसवंतनगर प्रथम मंडल के लिए जिला उपाध्यक्ष विक्रम अग्रवाल, जसवंतनगर द्वितीय मण्डल के लिए जिला उपाध्यक्ष देवप्रताप भदौरिया, ताखा मण्डल के लिए जिला उपाध्यक्ष विवेक भदौरिया, बसरेहर द्वितीय मण्डल के लिए जिला उपाध्यक्ष शिवकिशोर धनगर व सैफ़ई मण्डल के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व ब्लॉक प्रमुख विमल भदौरिया को मण्डल चुनाव अधिकारी बनाया गया।

इटावा विधानसभा में इटावा प्रथम के लिए पूर्व जिला महामंत्री रामकुमार चौधरी, इटावा द्वितीय मण्डल के लिए पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजवर्धन सिंह भदौरिया, इकदिल मण्डल के लिए जिला मंत्री रजत चौधरी, बढ़पुरा मण्डल के लिए पूर्व जिला महामंत्री ज्ञानेंद्र अवस्थी, बसरेहर मण्डल के लिए जिला उपाध्यक्ष दीपक नाथ चौधरी को मण्डल चुनाव अधिकारी बनाया गया। इसी तरह भरथना क्षेत्र में बकेवर मण्डल के लिए क्षेत्रीय महामंत्री किसान मोर्चा विकास भदौरिया, भरथना द्वितीय मण्डल के लिए जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, भरथना प्रथम मण्डल के लिए जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे, महेवा मंडल के लिए पूर्व जिला उपाध्यक्ष कृपानारायण तिवारी, चकरनगर मण्डल के लिए जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता एवं लखना मण्डल के लिए जिला मंत्री चक्रेश जैन को मण्डल चुनाव अधिकारी बनाया गया है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य ने दी है।

# गर्भपात के बाद महिला की मौत

संवाददाता, बकेवर

- टीबी की मरीज होने पर कराया गया था गर्भपात
- अस्पताल से घर आने के बाद बिगड़ गई हालत

**अमृत विचार।** क्षेत्र के नगला सुंदर गांव की एक विवाहिता का गर्भपात कराने के बाद मौत हो गई। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की गहनता से छानबीन शुरू कर दी है।

नगला सुंदर गांव के तेजपाल की विनीता (30) की शनिवार तड़के में घर पर ही मौत हो गई। सूचना पर बकेवर थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा फोर्स और फॉरेसिंक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। परिवार वालों का कहना है कि विनीता टीबी की मरीज थी। डॉक्टर ने टीबी मरीज होने के कारण गर्भपात कराने की सलाह दी थी। भरथना के एक निजी अस्पताल में गर्भपात कराकर शुक्रवार रात साढ़े नौ बजे घर आई थी। घर आने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई और तड़के पौने चार बजे मौत हो गई। औरैया जिले के एरवाकटरा थाना क्षेत्र के रहने वाले विनीता के भाई राजेश कुमार ने ससुराल वालों पर जानबूझ कर लापरवाही बरतने और हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की वजह पता चलेगी। उसी के अनुरूप कार्रवाई होगी।


मामले की छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

# गो माता का किया पूजन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- श्री गौर निताई परिवार ने श्रद्धा से मनाई गोपाष्टमी

**अमृत विचार।** गोपाष्टमी का पर्व शनिवार को श्रद्धाभाव के साथ परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस पर्व के मौके पर गौ माता का श्रंगार कर पूजन-अर्चन भी किया गया। वही लोगों ने परिक्रमा भी लगाई। श्रद्धालुओं ने गौशालाओं में पूजा करने के बाद दानपुण्य भी किया।

श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वावधान में भी गोपाष्टमी का पर्व श्रद्धाभाव के साथ परम्परागत ढंग से मनाया गया। गौर निताई परिवार के प्रमुख पंडित मनुपुत्र दास ने भक्तो के साथ गौ माता को स्नान कराकर उनका श्रृंगार किया और पूजन अर्चन करने के साथ आरती भी उतारी। हरी सब्जियों के साथ फल व गुड़ पूड़ी सब्जी का भोग भी लगाया। गौ माता के पूजन-अर्चन के समय श्रद्धालु वाद्य यंत्रों के साथ हरिनाम संकीर्तन करते रहे। पंडित मनु पुत्र के साथ सभी भक्तों ने गौ माता की परिक्रमा भी की। शहर में अन्य स्थानों पर भी लोगों ने गौ माता का पूजन अर्चन कर सुख समृद्धि व सौभाग्य की कामना की। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को गोपाष्टमी का त्यौहार मनाया जाता है।


गो माता का पूजन करते पं. मनुपुत्र दास।

सड़क पर उतरेंगे | व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष ने सरकारी तंत्र के उत्पीड़न के खिलाफ भरी हुंकार, बोले-ज्यादती सहन नहीं करेंगे

# जीएसटी अफसरों का घेराव करेंगे व्यापारी : लोकेश

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि त्योहारों पर सैम्पलिंग के नाम पर फूड विभाग अवैध वसूली की नीयत से छापेमारी कर व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक फसल में इस्तेमाल की जाने वाली रासायनिक खाद व कीटनाशक के मानक तय न किए जाएं, जब तक व्यापारियों के खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग बंद की जाए। प्रदेश अध्यक्ष शनिवार को प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान के आवास पर व्यापारियों के साथ बैठक में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि मल्टीनेशनल कंपनी व कॉरपोरेट घराने के सील बंद खाद्य पदार्थों के सैंपल फेल आने पर कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। ऐसे मामलों में रिटेल के दुकानदार को बिना किसी अपराध किए दंडित किया जा रहा है। बिना किसी कारण निरापराध रिटेल के व्यापारियों को दंडित किया जाना बिल्कुल गलत है। प्रांतीय अधिवेशन से पहले पूरे प्रदेश की सभी नगर पालिका व नगर पंचायतों में व्यापारी सम्मान की रक्षा के लिए इकाईयां बनेंगी।

उन्होंने कहा कि जीएसटी विभाग के जो अधिकारी और कर्मचारी बड़े नगरों को छोड़ अब गांव और छोटे कस्बों में दुकान चलाने वाले ऐसे व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं, जिनका टर्नओवर कभी भी 40 लाख के दायरे को नहीं छू सकता और सरकार ने भी 40 लाख तक टर्नओवर वाले व्यापारियों को जीएसटी पंजीकरण से बाहर रखा है, सरकारी आदेश को दरकिनार कर अधिकारी अवैध वसूली के लिए दबाव बनाकर व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने कहा कि किसी भी छोटे कस्बे अथवा गांव में जीएसटी अधिकारी जीएसटी पंजीकरण के लिए दबाव बनाते हैं तो उनको घेरकर बैठाया जाए और बड़े अधिकारी को बुलाकर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि अधिकांश दुकानों में पानी के कनेक्शन की जरूरत नहीं होती है, लेकिन स्थानीय निकाय की ओर से गृहकर के बिलों के साथ जल कर भी वसूला जा रहा है। जिन दुकानों पर पानी का कनेक्शन नहीं है, वहां से जल कर की वसूली का कोई औचित्य नहीं है।

व्यापारियों की सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार जीएसटी व इनकम टैक्स देने वाले सभी व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस प्राथमिकता के आधार पर देने चाहिए। वर्तमान में राजनीतिक आधार पर शस्त्र लाइसेंस दिये जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर के मुकाबले अधिक तेज चल रहे हैं। स्मार्ट मीटरों की जांच कराकर अधिक वसूली पर रोक लगाई जानी चाहिए। बिना विधिक माप विज्ञान विभाग के सर्टीफिकेट के कोई मीटर नहीं लगना चाहिए। अगर उत्पीड़न नहीं रुका तो व्यापार मण्डल सड़कों पर उतरकार विरोध करेगा।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, शहर अध्यक्ष संजय वर्मा, जिला महासचिव रिषी पोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, प्रदेश महिला मंत्री गुड्डी बाजपेयी, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अशोक जाटव, मुहम्मद इरशाद, उद्योग मंच के अध्यक्ष भारतेंद्र नाथ भारद्वाज, बृजेन्द्र यादव, अमित वर्मा, महिला शहर अध्यक्ष ममता दुबे, महिला जिला उपाध्यक्ष किरण सोनी, अर्चना अग्रवाल, महासचिव रेनू श्री वास्तव, ज्योति पालीवाल, शहर उपाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, मु. दिलशाद, आमिर, युवा महासचिव अजीत कुमार, हबीऊरहमान, महिला संगठन मंत्री दीक्षा बाजपेयी, जैनुलाबदीन, पूजा श्रीवास्तव आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।


व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश कुमार का स्वागत करते सर्वेश चौहान।

# खाद बांटने के लिए बुलाई गई पुलिस

संवाददाता, किशनपुर



विजयीपुर सहकारी समिति के बाहर जमा किसानों की भीड़। अमृत विचार

- विजयीपुर में खाद के लिए उमड़ी किसानों की भीड़
- तमाम किसानों को बिना खाद के मायूस लौटना पड़ा

**अमृत विचार।** विजयीपुर संसाधन केंद्र में शनिवार को खाद वितरण की सूचना पर किसानों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ को देखते हुए पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस की मौजूदगी में खाद का वितरण कराया गया। इस दौरान तमाम किसानों को बिना खाद के ही मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।

विजयीपुर क्षेत्र की साधन सहकारी समितियों का हाल बेहाल है। आधी से ज्यादा समितियां बंद पड़ी हैं। समितियां बंद होने से किसानों को समय से खाद उपलब्ध न होने से परेशान होना पड़ रहा है। शनिवार को विजयीपुर समिति में डीएपी खाद का वितरण होना था। खाद वितरण होने की सूचना पर सुबह से ही किसानों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। किसानों के बीच वितरण करने के लिए 260 बोरी खाद उपलब्ध कराई गई थी, जबकि खाद लेने की लिए किसानों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई थी।

भीड़ के बीच खाद का वितरण शुरू हुआ। वितरण शुरू होते ही किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया। किसानों के हंगामे को देखते हुए खाद वितरण के लिए पुलिस को बुलाना पड़ा। पुलिस की मौजूदगी में खाद का वितरण कराया गया। प्रति किसान को एक बोरी खाद दी गई। इस दौरान अमनी के धर्मेंद्र मौर्या, रमाकांत द्विवेदी, जमकोइली के सोनू पाल, कूरा के शत्रुघन पाल समेत तमाम किसानों को बिना खाद के ही वापस लौटना पड़ा।

साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष ने बताया कि जितनी खाद आई थी, उसका वितरण कर दिया गया है। कुछ किसानों को खाद खत्म होने की वजह से नहीं मिल पाई। अब जब दुबारा खाद आ जाएगी तो उन किसानों को भी उपलब्ध करा दिया जाएगा।

# शिक्षा विरोधी नीतियों पर तत्काल लगाई जाए रोक

संवाददाता, फतेहपुर

- आप ने 27000 सरकारी विद्यालयों के बंदी आदेश के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अमृत विचार।** आम आदमी पार्टी ने 27000 सरकारी विद्यालयों के बंदी आदेश के खिलाफ कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजकर सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों पर रोक लगाने की मांग की।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार मौर्य की अगुवई में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के ज्ञापन सौंपा गया। कहा कि सरकार ने 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने की योजना बनाई है यह प्रदेश सरकार 2020 तक बंद किए गए 26000 स्कूलों के बाद अब एक नया कदम है। योगी सरकार जान-बूझकर सरकारी विद्यालयों के पास निजी विद्यालयों को मान्यता देने व उन्हें खोलने की नीति अपना रही है ताकि सरकारी विद्यालयों में छात्र कम हो सकें और उन्हें बंद करने का रास्ता तैयार हो। यह एक सुनियोजित साजिश है। राष्ट्रपति से मांग की कि सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों पर तुरंत रोक लगाई जाए और सरकारी विद्यालयों को बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित रहे। इस मौके पर मनोज पाल, राज किशोर विश्वकर्मा, देवेन्द्र सिंह, कमलाकांत मौर्य, माया गौतम एडवोकेट भी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


भण्डारे का प्रसाद चखते लोग। अमृत विचार

### दूसरी वर्षगांठ पर भण्डारे का आयोजन

**फतेहपुर।** अस्ती रोड स्थित संवेदना हॉस्पिटल की द्वितीय वर्षगांठ पर अस्पताल प्रबंधन की ओर से हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जहां मरीजों के तीमारदारों और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। हॉस्पिटल संचालक नितिन मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष अस्पताल की वर्षगांठ पर डॉ. पवन बाजपेई की ओर से नि:शुल्क ओपीडी और भंडारे का आयोजन किया जाता है। भंडारे में सौरभ सिंह, क्षितिज मिश्रा (रिषी), मनीष शुक्ला, शुभांग मिश्रा, ओजस्वी मिश्रा, शोभित सैनी, मोहित सैनी, आलोक शर्मा, आकाश तिवारी, उदय ठाकुर, राहुल तिवारी, हर्षित सिंह, प्रदीप सिंह (मोनू), दीपक चौहान (कुन्नू), जुनैद अहमद आदि मौजूद रहे।


दिव्यांग बच्चों के बीच सामग्री का वितरण करता परिवार। अमृत विचार

### शिक्षाविद की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**फतेहपुर।** महर्षि विद्या मंदिर को बुलंदियों पर पहुंचाने वाले शिक्षाविद अनिल कुमार मिश्रा की छठवीं पुण्यतिथि पर खंभापुर स्थित श्रीकृष्ण आदर्श विद्या मंदिर मूकबधिर विद्यालय में स्वस्ति वाचन के साथ पूजन-अर्चन किया गया। आचार्य रामनारायण के साथ लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समापन पर बच्चों को पठन-पाठन के लिए पेन, पेंसिल, रबड़, बिस्कुट, नमकीन, चाकलेट का वितरण किया गया। आचार्य को मैडम मिश्रा व डा. दिव्यांश ने सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षाविद की पत्नी सिंधु प्रभा मिश्रा, डा. दिव्यांश मिश्रा, शिप्रा तिवारी, आशीष तिवारी, डा. अंजली मिश्रा, डा. विवेक शुक्ला, प्रो. राजीव त्रिपाठी, बेबो, मुदित, मिहित उपस्थित रहे।

### प्रेस डे का आयोजन करेगा एसोसिएशन

**फतेहपुर।** भारतीय प्रेस दिवस पर साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन की ओर से 16 नवंबर को खागा तहसील क्षेत्र के प्रेमनगर में पत्रकार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन होगा। इसको लेकर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी के कैंप कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान, जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, जिला प्रवक्ता प्रदीप कुमार, जिला सचिव धीर सिंह यादव ने बताया कि नेशनल प्रेस डे का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष शाश्वत तिवारी की अध्यक्षता में होगा। गोष्ठी में प्रदेश के नामचीन पत्रकार शामिल होंगे।

### बीमार कांस्टेबल की इलाज के दौरान मौत

**फतेहपुर।** काफी दिनों से बीमार चल रहे 35 वर्षीय कांस्टेबल की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। गाजीपुर थाना क्षेत्र के सोनवरसा गांव निवासी राममिलन का पुत्र रणविजय प्रयागराज के कीडगंज थाने में कांस्टेबल था। बीमार होने के कारण उसका इलाज लखनऊ में चल रहा था। शुक्रवार की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं परिजन शव को लेकर वापस गांव आ गए और पुलिस को सूचना दे दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### केक काटकर मनाया गया जनपद का स्थापना दिवस

**फतेहपुर।** जनपद के 198 वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर समाजसेवी संस्था युवा विकास समिति के पदाधिकारी ने मलवां कस्बे के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बच्चों के साथ केक काटकर मनाया। युवा विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जनपद के लोगों को स्थापना दिवस के बारे में जागरूक किया जा रहा है आने वाली पीढ़ी जनपद की स्थापना दिवस को जनपद के वार्षिक महोत्सव के रूप में मनाए व जनपद के महान पुरुषों के बारे में जाने किस उद्देश्य से संगठन लगातार स्थापना दिवस को धूमधाम से मना रहा है। मौके पर प्रधानाचार्य अवधपाल सिंह, मुकेश, अंकित, महेंद्र, मिलन, संजय सिंह, दीपेंद्र, किरन, कमल वाजपेई, संजय दत्त, अंकित अग्निहोत्री, विकास मिश्रा आदि लोग रहे।

# कार सवारों ने तमंचा दिखा युवक का किया अपहरण

## पुलिस की सक्रियता से युवक को जंगल में छोड़ भागे कार सवार

संवाददाता, बिंदकी

- युवक के भाई ने 3 नामजद और 5 अज्ञात के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट
- बिंदकी-ललौली रोड पर जयगुरुदेव मंदिर के पास हुई वारदात

**अमृत विचार।** स्कार्पियो कार सवार लोगों ने एक युवक को तमंचा दिखाने के मारपीट कर गाड़ी में जबरन बिठा लिया और अगवा कर ले गए। अपहृत युवक के भाई की सूचना पर बिंदकी पुलिस ने सक्रियता दिखाई तो अपहर्ता युवक को जंगल में छोड़कर भाग निकले। इस मामले में युवक के भाई ने तीन नामजद और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के शहबाजपुर गांव का रहने वाला कृष्ण कुमार पुत्र अश्वनी कुमार शुक्रवार की शाम करीब 5:30 बजे बिंदकी-ललौली रोड पर स्थित जय गुरुदेव मंदिर के समीप प्लाट के पास बैठा था, तभी काली स्कार्पियो कार पर सवार कई लोग आए और युवक को तमंचा दिखाकर मारपीट शुरू कर दी और जबरन कार में बिठा लिया। इसके बाद उसे अगवा कर ले गए। कृष्ण कुमार के भाई अमित कुमार को जानकारी हुई तो उसने तुरंत मामले की सूचना बिंदकी पुलिस और 112 नंबर पर दी।

अपहरण की सूचना सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह सक्रिय हो गए। पुलिस ने कार सवारों की घेरेबंदी शुरू कर दी। पुलिस की घेरेबंदी की भनक लगते ही कार सवार अपहर्ता युवक को रात में औंग थाना क्षेत्र के खदरा मोड़ के पास जंगल में उतार दिया और भाग निकले। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और कृष्ण कुमार को कोतवाली ले आए। इस मामले में कृष्ण कुमार के भाई अमित कुमार ने कटरा (जाफरगंज) निवासी सीटू यादव पुत्र राजू यादव, ललौली थाना क्षेत्र के हरीरामपुर निवासी अंशु और शहबाजपुर निवासी वीरू पटेल पुत्र रामचंद्र के खिलाफ नामजद और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ पुरानी रंजिश के चलते तमंचे के बल पर मारपीट कर भाई का अपहरण करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### जमीन के विवाद में मारपीट, कई लोग घायल

**खागा।** कोतवाली क्षेत्र के धरमदासपुर गांव में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने घायलों को नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने एक की हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के धरमदासपुर निवासी सुंदरलाल का 38 वर्षीय पुत्र हरिलाल खागा रूरल पावर हाउस में संविदा कर्मी है। हरिलाल ने बताया कि उसका जमीन का विवाद गांव के प्रेमकुमार से चल रहा है। इसी विवाद में गांव के चंद्रपाल, सूर्या, राहुल, रंजीत, दिलीप, गोलू तिवारी, अनिल ने घेर लिया और मारपीट करने लगे। मारपीट देख परिवार के प्रमोद कुमार, सुरेश कुमार, सन्तराम, अनीश कुमार और विवेक कुमार बचाने पहुंचे तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने घायलों को हरदों सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने हरिलाल को एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# पति, सास व ससुर समेत 10 पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

संवाददाता, बिंदकी

- अतिरिक्त दहेज में चार लाख रुपये की मांग करने का आरोप

**अमृत विचार।** महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा चार लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग करने का आरोप लगाते हुए पति सास ससुर तथा या ससुर सहित कुल 10 लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

शनिवार को बिंदकी कोतवाली अपने पिता ओमप्रकाश के साथ पहुंचकर रचना देवी ने पुलिस को तहरीर दिया जिसमें बताया कि उसका मायका कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के जाफराबाद गांव का है। उसकी शादी 28 मई 2023 को अजीत कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी गंगादीन पड़री थाना सजेती जनपद कानपुर नगर के साथ हुई थी। आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे जबकि मेरे पिता ने शादी में अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था लेकिन पति अजीत कुमार सास राजकुमारी देवी और ससुर राजेंद्र सहित कुल 10 लोग लगातार चार लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे हैं।

महिला ने यह भी बताया कि जब उसके पिता वह भाई समझने गए तो उनके साथ ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट कर दिया महिला ने बताया कि उसके आठ माह का एक बच्चा भी है ससुराल पक्ष के लोग लगातार दहेज के लिए परेशान कर रहे हैं जिसके डर के कारण अपने बच्चों के साथ अपने मायके जाफराबाद गांव अपने पिता के घर रह रही है महिला की शिकायत पर पुलिस ने महिला के पति, सास, ससुर, चचिया ससुर सहित कुल 10 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

### थप्पड़ जड़ने पर महिला ने फंदा लगाकर दे दी जान

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शाह में शुक्रवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में 35 वर्षीय महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। शाह निवासी योगेन्द्र की पत्नी आरती ने शुक्रवार की देर शाम संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पति योगेन्द्र ने बताया कि शाम को चारा-पानी करने के लिए उससे कहा तो उसने मना कर दिया। इसी पर उसने पत्नी को थप्पड़ जड़ दिया था। जिससे उसने घटना को अंजाम दे दिया है।

# सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव क्षेत्र के बिलंदा पूर्वी बाईपास के समीप वाहन ने पैदल जा रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी, जिससे बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। उधर, बिलंदा में ही एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई।

थरियांव थाना क्षेत्र के बेती सादात निवासी रामआसरे जो मानसिक रूप से विक्षिप्त था। शनिवार की सुबह वह अपने घर से बिना किसी को जानकारी दिये बिलंदा पूर्वी बाईपास पर पहुंच गया। जैसे ही वह हाईवे क्रॉस करने लगा। उसी दौरान अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही बुजुर्ग की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

उधर, बिलंदा के समीप एनएच-2 में शनिवार की भोर सड़क पार कर रहे 58 वर्षीय अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना क्षेत्र के बेंती सादात गांव निवासी सुमेर मौर्या भोर लगभग पांच बजे टहलने निकला था। बताते हैं कि जब वह बिलंदा के समीप एनएच-2 पर सड़क पार कर रहा था तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# भाजपा ने संगठनात्मक चुनाव की रूपरेखा बनाई

संवाददाता, फतेहपुर



बैठक में भाग लेते जिला चुनाव अधिकारी रीतेश कुमार व जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल।

**अमृत विचार।** संगठन पर्व 2024 के अन्तर्गत सक्रिय सदस्यता व आसन्न संगठन चुनाव को लेकर भाजपा कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिला चुनाव अधिकारी के रूप में मुरादाबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष व वर्तमान विधायक रीतेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

जिला चुनाव अधिकारी ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बूथ समितियों के गठन प्रकिया के साथ ही संगठन चुनाव को एक पर्व के दृष्टिगत रखने की बात कही। श्री गुप्त ने कहा कि पूरी ईमानदारी व कर्मठता से संगठन की नव संरचना में अपने दायित्व का निर्वहन करना है। बैठक में उपस्थित जिला सत्यापन अधिकारी बांदा के पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव ने सदस्यता अभियान में शामिल सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए जिले के सकारात्मक अनुभवों को साझा किया।

जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने सभी लोगों से सदस्यता अभियान की तरह से ही संगठन चुनाव में भी कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपेक्षा करते हुए चुनाव अधिकारी को संगठनात्मक चुनाव सकुशल संपन्न होने का विश्वास दिलाया गया। बैठक में खागा विधायक कृष्णा पासवान, अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, प्रमोद द्विवेदी, अन्नू श्रीवास्तव, उदय लोधी, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, पुष्पराज पटेल, नीरज सिंह, अपर्णा गौतम, अर्चना त्रिपाठी, कुलदीप भदौरिया, रेखा मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, विवेक श्रीवास्तव, जितेन्द्र सिंह सेंगर, अतुल त्रिवेदी, पवन मिश्रा, विजय प्रताप सिंह, पंकज त्रिवेदी, मधुराज विश्वकर्मा, अमित शिवहरे, अभिजीत भारती, स्वरूप राज सिंह जूली, रिंकू लोहारी, धनंजय द्विवेदी, गीता सिंह, ज्ञानचन्द्र केसरवानी, राजू पाल सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता रहे।

# पीडीए की विचारधारा आगे बढ़ाएगी वाहिनी

**फतेहपुर।** समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी की मासिक बैठक सामुदायिक मिलन केंद्र आबूनगर में हुई। जिसमें पीडीए की विचारधारा को जागृत करने पर जहां चर्चा की गई वहीं मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में सपा के जिला महासचिव चौ.मंजर यार एवं बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव फूल सिंह मौर्य, जिलाध्यक्ष डा. अमित पाल ने संगठन के विस्तार और पीडीए की विचारधारा से लोगों को जाग्रत करने पर बल दिया। उन्होंने बूथ अध्यक्षों के साथ मिलकर वोटर बढ़ाने पर जोर दिया। संचालन जिला महासचिव चंद्रमणि भास्कर ने किया। यहां वीरेंद्र साहू, इंद्रराज पाल, जितेंद्र सिंह चैहान, प्रमोद कुमार, गंगासागर पाल, इमाम अली, सुरेन्द्र पासवान, ललिल सैनी, अर्जुन पाल, हिमांशु पटेल, नीरज पाल, समरजीत पाल, मो अकील, अश्वनी यादव रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत गढ़ा विकास खण्ड मौदहा हमीरपुर

पत्रांक / 59 /निविदा प्रकाशन /मनरेगा/ 2024–25 दिनांक: 09.11.2024

अल्पकालीन निविदा प्रकाशन

ग्राम पंचायत गढ़ा में मनरेगा योजना के अन्र्तगत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो में प्रयोगार्थ सामग्री आपूर्ति हेतु ग्रा0अ0वि0/ लो0नि0वि0/सि0वि0/ आयकर / व्यापार कर / ग्राम पंचायत / विकास खण्ड/जिला पंचायत में पंजीकृत फर्मो/ सप्लायरो से मुहरबंद निविदाये आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यालय से कार्य दिवसो मे प्रात: 10.00 बजे से 05.00 बजे सायं तक दिनांक 10.11.2024 से 24.11. 2024 तक निविदा मूल्य (कालम सं0 06 में दर्शाये गये) देकर प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदाये दिनांक 25.11.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा ग्राम पंचायत अथवा समिति के समक्ष खोले जायेगे ।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि रू0 में जी0एस0टी0 सहित | समग्री अंश (रू0 में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य राजबहादुर के दरवाजे से बरमदेव स्थान तक | 1400877 .00 | 1160543 .00 | 23211.00 | 1350+18 प्रतिशत | 03 माह |

निविदा हेतु शर्ते रू–
1. निविदा प्रपत्र/कुटेशन के साथ 100 रू0 का स्टाम्प एवं 1 रू0 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर अनिवार्य होगा।
2. प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि (कालम नं0 5 पर प्रदर्षित) राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ0डी0आर0 / डाक विभाग की एन0एस0सी0 जो ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत गढा वि0ख0 मौदहा–हमीरपुर के नाम बंधक / देय होगा। यह निविदा दिनांक से 180 दिन तक वैध होगा। धरोहर राशि न होने पर कार्य पूर्ण होने तक उतनी धनराशि रोककर भुगतान किया जायेगा।
3. निविदादाता आयकर दाता हो तथा वाणिज्य कर कार्यालय में पंजीकृत हो जी0एस0टी0 नम्बर अंकित होगा।
4. लोक निर्माण विभाग द्वारा शासनादेश सं0 6738/23.07.2016–176 (सा0)/06 दिनांक 28.122006 के अनसार दिशा निर्देशों के क्रम में हो।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
6. प्रथक–प्रथक कार्य हेतु प्रथक प्रथक निविदा प्रपत्र भरने हो गे। एक कार्य की एक निविदा स्वीकार की जायेगी।
7. फर्म/सप्लायर कार्य स्थल का भलीभांति परीक्षण कर ले निविदा स्वीकृति के पश्चात कार्य स्थल पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी / अधोहस्ताक्षरी की मांग के अनुसार की जायेगी, जिसके सम्बन्ध में कोई दावा मान्य न होगा।
8. ग्राम पंचायत/समिति/अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत अथवा बिना कारण बताये समस्त निविदाये निरस्त कर सकती है।
9. उक्त सामग्री घट या बढ़ सकती है जिस पर कोई दावा मान्य नही होगा।
10. शासनादेश सं0 730/33–3–2022–11/2022 पंचायतीराज अनुभाग–3 दिनांक 26 अप्रैल 2022 मे वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहिये।
11. शासनादेश सं0 137/अडतीस–7–2022–63 नरेगा/2009 ग्राम्य विकास अनुभाग 7 दिनांक 21.03.2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहिये।
12. प्रत्येक दशा मे निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाये निर्धारित प्रारूप पर संलग्न होना चाहिये।
13. निविदादाता अपराधिक प्रवृत्ति का नही होना चाहिये।

सोनम सिंह — प्रधान ग्रा0पं0 गढ़ा
नितेश कुमार सिंह — ग्राम पंचायत अधिकारी ग्रा0 पं0–गढा


**संडे स्पेशल** विशेषज्ञों की राय–उच्च रक्तचाप पीड़ित अपनी दवा की डोज सेट कराएं, वर्ना बन सकता स्ट्रोक या हार्ट अटैक का खतरा

# मौसम का मिजाज नरम होने से ऊपर चढ़ने लगा ब्लड प्रेशर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मौसम में सर्दी बढ़ने पर बीपी अनियंत्रित होना सामान्य समस्या
- घबराने से ज्यादा एहतियात बरतने की जरूरत

**अमृत विचार।** रात में पारा गिरने के साथ ही उच्च रक्तचाप यानी हाइपरटेंशन से पीड़ित लोगों के लिए परेशानी खड़ी हो गई है। तमाम लोगों का बीपी बेकाबू होने लगा है। ऐसे में चिकित्सकों ने एहतियात बरतने और जरूरत देखकर दवा की डोज में बदलाव नहीं करने पर पीड़ितों को ब्रेन स्ट्रोक और हार्ट अटैक के खतरे के प्रति अगाह किया है। हालांकि चिकित्सकों के मुताबिक इसमें घबराने जैसा कुछ भी नहीं है, क्योंकि मौसम में सर्दी बढ़ने पर बीपी का अनियंत्रित होना सामान्य समस्या है। ठंड में बीपी अचानक घटने-बढ़ने पर रक्त धमनियों के सिकुड़ने से शरीर में खून की आपूर्ति करने के लिए हृदय को अतिरिक्त दबाव का सामना करना पड़ता है।

हृदय रोग के चिकित्सकों का कहना है कि जिन लोगों को ब्लड प्रेशर की समस्या है और वह अभी भी गर्मी के मौसम में निर्धारित की गई दवा की खुराक का सेवन कर रहे हैं, उन्हें विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। गर्मी वाली बीपी की दवा सर्दी में खाने से दिल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। स्ट्रोक व हार्ट अटैक की संभावना बन सकती है। ऐसे में जिन रोगियों ने अभी तक दवा की डोज में बदलाव नहीं किया है, उन्हें अपने डॉक्टर से संपर्क कर दवा में बदलाव करवाना चाहिए। लापरवाही दिखाने के कारण ही एलपीएस कार्डियोलॉजी संस्थान में रोगियों की संख्या में बढ़ोत्तरी होना शुरू हो गया है। ऐहतियात के लिए तले-भुने भोजन और अधिक नमक युक्त खानपान से बचना होगा। नियमित व्यायाम करना चाहिए। पसीना नहीं निकलने के अलावा भी कई कारण हैं जो बीपी को अनियंत्रित कर देते हैं।

### 2 दिन में कार्डियोलॉजी पहुंचे 2000 मरीज

- **कानपुर।** कार्डियोलॉजी संस्थान की ओपीडी में अचानक मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। शुक्रवार व शनिवार को 2 दिन में संस्थान की ओपीडी में करीब 2 हजार मरीज पहुंचे। इनमें महिलाओं की संख्या करीब 40 प्रतिशत रही। 40 फीसदी नए रोगी सीने में दर्द, जकड़न, उच्च रक्तचाप, माइल्ड हार्ट अटैक व स्ट्रोक के भी पहुंचे। डॉ.अवधेश शर्मा ने बताया कि दो दिनों में 10 फीसदी नए बीपी के रोगी आए हैं। 60 फीसदी पुराने रोगियों में भी बीपी की समस्या लेकर 20 फीसदी से ज्यादा रोगी आए। इनमें अधिकतर अपनी बीपी की दवा अनियमित तरीके से ले रहे थे। मौसम में हो रहे बदलाव के कारण भी बीपी की समस्या रोगियों में बढ़ी है। ऐसे में जरूरी है कि रोगियों को अपने डॉक्टर से संपर्क कर दवा में परिवर्तन कराना चाहिए। क्योंकि हवा में नमी की वजह से बीपी कम होता है।

### बीपी कम होने से भी बढ़ती समस्या

वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अवधेश कुमार शर्मा ने बताया कि सिस्टोलिक यानी ऊपर का बीपी 90 के नीचे आने से शरीर के दूसरे अंग फेल होने लगते हैं। सिस्टोलिक बीपी 100 से कम नहीं होना चाहिए। डायस्टोलिक यानी नीचे का बीपी 80 से कम होने पर दिक्कत होती है। इससे नसों में खून नहीं पहुंचता है। रक्त का प्रेशर कम होने से नसें सिकुड़ने लगती हैं।

### ये बरतें सावधानी

- बीपी के मरीज व 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोग नियमित जांच कराएं।
- ठंड का एहसास होने पर गर्म पानी व भोजन का प्रयोग करें।
- नियमित व संतुलित आहार लें, मौसमी फलों का प्रयोग करें।
- प्रतिदिन 30 मिनट पैदल जरूर चलें, हल्का व्यायाम करें।

"बीपी रोगियों को दवा का सेवन नियमित व सीमित मात्रा में करना चाहिए। जितनी दवा की जरूरत हो, उतनी ही खानी चाहिए। अधिक दवा के सेवन से पल्स रेट कम होने लगते है, जिससे हार्ट फेल की नौबत आ सकती है। लापरवाही बरतने पर स्थिति गंभीर हो सकती है।

– डॉ. राकेश वर्मा, निदेशक कार्डियोलॉजी संस्थान

# समाधान दिवस: भूमि संबंधी शिकायतों की भरमार

कार्यालय संवाददाता, औरैया


औरैया कोतवाली में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने कोतवाली सदर में समाधान दिवस में समस्याएं सुनीं। इस दौरान सबसे ज्यादा शिकायतें भूमि संबंधी आईं। इस पर उन्होंने संबंधित हल्का इन्चार्ज, लेखपाल को निर्देशित किया कि जो भी समस्या प्राप्त हुईं हैं उसका स्थलीय जांच करते हुए निर्धारित समय में नियमानुसार निस्तारण किया जाए।

कहा कि निस्तारण में यह प्रयास किया जाए कि दोनों पक्ष संतुष्ट हों जिससे समस्या का निस्तारण स्थाई हो सके। इस अवसर पर भूमि विवाद एवं अवैध कब्जा की शिकायतें प्राप्त हुई जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित थाना प्रभारी एवं लेखपाल को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण स्थलीय जांच कर किया जाए। तहसीलदार सदर रणवीर सिंह, थानाध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, लेखपाल व शिकायतकर्ता आदि उपस्थित रहे।

- औरैया कोतवाली में एसपी व जिलाधिकारी ने सुनीं जन समस्याएं
- अजीतमल पहुंचे अपर जिलाधिकारी, फरियादें सुनकर किया समाधान

### 12 शिकायतें आईं, 10 मौके पर निस्तारित

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली अजीतमल में थानादिवस में पहुंचे अपर जिलाधिकारी एमपी सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा के साथ फरियादियों की सिकायतों को सुना। इस दौरान यहां 12 शिकायतें आईं, जिसमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अपर जिलाधिकारी ने मातहतों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण प्रमुखता से करें। इस अवसर पर तहसीलदार जीतेश वर्मा, कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर रूद्र त्रिपाठी सहित समस्त चौकी प्रभारी एवं लेखपाल मौजूद रहे।

### समाधान दिवस में 2 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**अयाना, औरैया।** थाना समाधान दिवस पर शनिवार को एसडीएम अजीतमल गारिमा सोनकिया, सीओ अशोक कुमार व थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने समस्याएं सुनीं पूरे दिन में आठ फरियादियों ने अपनी समस्या बताई। इनमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम ने बताया शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट मांगी है।

# बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनना शुरू

संवाददाता ककोर, औरैया




**अमृत विचार।** जिले में अब 70 साल या उससे अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनना शुरू हो गए हैं। कोई भी बुजुर्ग यदि 70 साल या अधिक की आयु प्राप्त कर चुका है तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा उसका आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी डॉक्टर को इसके आदेश जारी हो गए हैं। सबसे पहले स्वास्थ्य विभाग ने आने पुर में स्थित वृद्धा आश्रम में शुरुआत की और पहले दिन करीब 30 से अधिक बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए। इसके बाद जिले में सभी ग्राम पंचायत में स्थित सचिवालय में ही आयुष्मान कार्ड बुजुर्गों के बनाए जाएंगे। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए बुजुर्ग को केवल अपना आधार कार्ड ही लाना होगा। इसके लिए प्रशासन से मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिससे आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए गांव के बुजुर्गों को कहीं भटकना न पड़े। सभी बुजुर्गों की व्यवस्था गांव की सचिवालय में ही की गई है। आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत जो व्यक्ति 70 साल या उससे अधिक आयु को पार कर चुका हैं। वह गरीब हो या अमीर सभी के कार्ड बनाए जाएंगे। वरिष्ठ नागरिक प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत किसी भी सूचीबद्ध अस्पताल में 5 लाख तक का मुक्त इलाज कर सकेंगे। जानकारी देते हुए स्वास्थ्य अधिकारी ज्योतेंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में वरिष्ठ नागरिक प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का अतिरिक्त टॉपअप ले सकते हैं। उनके परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कोई भी लाभ का भागीदार नहीं होगा। जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि जिले में जितने भी 70 साल या उससे अधिक आयु को प्राप्त कर चुके हैं और उनके आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं सभी जनसेवा पर गांव के सचिवालय या अस्पताल में चिकित्सा अस्पताल में अपने आयुष्मान कार्ड निशुल्क बनवा लें।

# शादी के 5वें दिन ही लटका मिला नवविवाहिता का शव

## सोमवार को चौथी पर होनी थी विदाई, हत्या का आरोप

संवाददाता अयाना, औरैया


हिमानी।


मौके पर जांच पड़ताल करते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के करके का पुरवा में शादी के पांचवें दिन नवविवाहिता का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटकता मिला। पड़ोसियों की जानकारी पर आए मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों पर हत्याकर शव लटाने का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल के साक्ष्य एकत्र किए। शव का पंचनामा भरकर विधिक कार्रवाई शुरू की।

अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के चांदूपुर निवासी मनोज कुमार की बेटी हिमानी 19 की शादी 5 नवंबर को करके का पुरवा निवासी शिवम के साथ हुई थी। मृतका के भाई हेमंत ने बताया कि शुक्रवार रात 9 बजे बहन से वीडियो कॉल पर बात हुई थी। सोमवार को वह लोग चौथी की रश्म पूरी करने आने वाले थे। शनिवार सुबह पड़ोसियों ने बहन की मौत होने की जानकारी दी। जब वह परिजनों के साथ करके का पुरवा आए तो बहन का शव कमरे में छत के कुंडे पर साड़ी के फंदे पर लटका मिला। ससुरालीजन मौके से गायब थे। अनहोनी पर मृतका की बहन ऋचा, मां रेशमा बिलखने लगीं। सूचना पर पहुंचीं नायब तहसीलदार अजीतमल प्रतिभा पाल, सीओ अशोक कुमार, थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने घटनास्थल की जांच पड़ताल कर शव को फंदे से उतरवाया। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाने के बाद विधिक कार्रवाई शुरू की। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व मायके पक्ष की तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## गंगदासपुर में हुआ भोला सिंह का अंतिम संस्कार

**अजीतमल, औरैया।** मुलायम सिंह यादव के करीबी रहे सपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख, तीन वार सपा जिला प्रभारी व दर्जा प्राप्त पूर्व राज्यमंत्री भोला सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार को उनके पैतृक गांव गंगदासपुर में हुआ। उनके नाती राहुल सेंगर ने उन्हे मुखाग्नि दी। शुक्रवार को लंबी बीमारी के बाद उनका निधन हो गया था।

इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपू सिंह, अवधेश सिंह भदौरिया, मदन सिंह गौतम, विधानसभा प्रत्याशी रहे जितेंद्र दोहरे, रामदर्शन कठेरिया, अधिवक्ता संदीप शुक्ला, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष यशवीर सिंह, रविंद्र सिंह, सतीश सिंह, राजवीर सिंह, कृष्ण मोहन उपाध्याय, डॉअरविंद शर्मा प्राचार्य, रवि राजावत, सांसद जितेंद्र दोहरे, विधायक प्रदीप यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष सपा अशोक यादव , जिला अध्यक्षसर्वेश बाबू गौतम, राजन लाला ,प्रेम नारायण दुबे, रमेश चंद्र गुप्ता, रामू तिवारी, अनिल दीक्षित , अंशुल दीक्षित, अभिनव, राजवीर, अरविंद सेंगर आदि अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

# समाज के अंतिम व्यक्ति को मिले न्याय

संवाददाता बिधूना औरैया


शिविर में उपस्थित पीएलवी व अन्य।


जानकारी देते डा. विजय आनंद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण औरैया के अध्यक्ष जिला जज संजय कुमार, प्राधिकरण की सचिव स्वाति चंद्रा के निर्देशन में तहसील सभागार में शनिवार को विधिक सेवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अरविंद दुबे ने समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को न्याय दिलाने में प्राधिकरण और उसके स्वयं सेवकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि न्याय मिलने में देरी होना भी न्याय के साथ अन्याय है। उन्होंने अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक किया। वरिष्ठ पीएलवी एवं ग्रुप लीडर राघवेन्द्र प्रताप सिंह गौर ने विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविरों की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति जागरूक होगा तो उसका शोषण नहीं हो सकेगा और उसे न्याय सुलभ होगा।इस अवसर पर वरिष्ठ पीएलवी देवेंद्र प्रताप सिंह सेंगर पीएलवी बेद प्रकाश वर्मा ने भी विधिक सेवा दिवस के बारे में जानकारी देने के साथ महिलाओं के अधिकारों बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि के बारे में जानकारी दी।इस अवसर पर कानून की जानकारी एवं न्याय पाने के लिए नालसा द्वारा जारी की गयी हैल्प लाइन 15100 के बारे में जानकारी दी गई और शिविर में मौजूद लोगों को पंपलेट आदि वितरित किए गए।इस अवसर पर 14 दिसंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गई साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से समनीय बादो के निस्तारण के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कुलदीप सिंह कुशवाह एडवोकेट, विक्रांत सिंह चौहान एडवोकेट, राजेश शर्मा अशोक चौहान सभासद, अवधेश वर्मा जीतूं चौहान, लल्ला चौहान रामशरण ,शिवम सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे। उधर वरिष्ठ पीएलवी एवं ग्रुप लीडर राघवेन्द्र प्रताप सिंह गौर, वरिष्ठ पीएलवी देवेंद्र प्रताप सिंह सेंगर वाल विकास परियोजना अधिकारी साधना दीक्षित की मौजूदगी में ऐरवाकटरा ब्लाक सभागार में विधिक सेवा दिवस के अवसर पर शिविर आयोजित कर लोगों को उनके कानूनी अधिकारों आदि के बारे में जागरूक किया गया।इस अवसर पर अनीता, शिवकांती ,मधू यादव ,बीना, शारदा, अंशू देवी, रामलाल, विजय कुमार, सुनील कुमार, कपिल मुनि, अशोक कुमार राजेश सत्येन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

### सीएचसी में बुजुर्गों को दी विधिक जानकारी

**दिबियापुर, औरैया।** विधिक सेवा दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दिबियापुर में जागरूकता शिविर लगा। शिविर में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 70 वर्ष या उससे अधिक के वरिष्ठजनों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए डॉक्टर विजय आनंद अधीक्षक दिबियापुर एवं डॉक्टर ज्योतींद्र कुमार मिश्रा जिला कार्यक्रम समन्वयक आयुष्मान भारत द्वारा संगिनी, आशाओं को जागरूक किया गया।



प्रतियोगिता में भाग लेने विजेता बच्चे। अमृत विचार

# स्कूल में हुई लेमन स्पून रेस

संवाददाता,फफूंद औरैया

**अमृत विचार।** यहां के एक्सिस पब्लिक स्कूल में लेमन स्पून रेस का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों में खेल के प्रति काफी उत्साह दिखाई दिया। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी (ए) में प्रथम स्थान आदर्श राज, द्वितीय स्थान श्रेयश व तृतीय स्थान नैंसी, कक्षा नर्सरी (बी) में प्रथम स्थान त्रिश्य, द्वितीय स्थान अनुभव, तृतीय स्थान वेदांत तथा कक्षा एलकेजी में प्रथम स्थान तेजस्वी, द्वितीय स्थान त्रिशया व तृतीय स्थान रिषभ और कक्षा यूकेजी (ए) में प्रथम स्थान अवनीश, द्वितीय स्थान इशिका व तृतीय स्थान नवतेज तथा कक्षा यूकेजी (बी) में प्रथम स्थान दिव्यांशी, द्वितीय स्थान सार्थक, तृतीय स्थान शौर्य ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के निदेशक दीपक दीक्षित ने बताया कि बालक के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ खेल का भी बहुत योगदान होता हैं और साथ ही बच्चों में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

## कार ने वाहनों को मारी टक्कर, बाइक सवार घायल

**अजीतमल।** कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर कार का टायर फट गया। वह अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मारते हुए दूसरे वाहनों से जाकर टकरा गई। बाइक सवार दो लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह कार का टायर फट गया, जिससे वह अनियंत्रित हो गई और औरैया की तरफ से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाबरपुर के अशोक नगर निवासी अजय कुमार पुत्र मुन्नू लाल व धीरू पुत्र रामप्रकाश घालय हो गई। वहीं बाइक से टकरा कर कार हाइवे के किनारे खड़े अन्य वाहनों से टकराई, बाइक सवार उक्त दोनों लोग गम्भीर घायल हो गए जिन्हें घायलावस्था में पीआरबी के एसआई धर्मेंद्र ने अपने जवानों सत्यवीर, राजीव व मानवेन्द्र ने सीएचसी में भर्ती कराया जहां से चिकित्सकों ने गम्भीरावस्था के चलते दोनो घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


टक्कर से क्षतिग्रस्त कंटेनर व लोडर। अमृत विचार

# हादसे में लोडर चालक घायल

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बे के बाबरपुर रोड पर शुक्रवार रात प्लास्टिक दाना लादकर जा रहे कंटेनर ने सड़क किनारे खड़े लोडर में टक्कर मार दी, जिससे उसमें बैठा चालक घायल होकर केबिन में फंस गया। घटना के बाद चालक ट्राला छोड़कर भाग निकला। ग्रामीणों ने किसी तरह लोडर चालक को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। शुक्रवार की रात क्षेत्र के गांव सिंदुरिया निवासी सुभाष नागर धान बेंचकर अपने लोडर से वापस गांव जा रहा था। फफूंद बाबरपुर मार्ग पर पसईपुर गांव के पास पहुंचते ही एक स्थान पर वह लोडर को खड़ा कर रहा था तभी पीछे से आए प्लास्टिक दाने से लदे एक कंटेनर ने लोडर में टक्कर मार दी। इससे लोडर बुरीतरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में बैठा सुभाष उसमें फंस गया। टक्कर की आवाज से आसपास के घरों के लोग बाहर निकल आए और उसे बाहर निकाला। मौका देख कंटेनर को चालक छोड़कर भाग निकला।

## ग्रामीण खड़ंजा निर्माण को 10 साल से लगा रहे गुहार

**कंचौसी, औरैया।** विकास खंड भाग्यनगर के जमौली पंचायत के मजरा गांव चंद्रपुर में कई सालों से सड़कों का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है। ग्रामीण खड़ंजा निर्माण के लिए 10 वर्षों से भटक रहे हैं।

ग्रामीण कल्लू, सनी, राजू, दीपक, पप्पू सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि बीते कई सालों से उनके गांव की पंचायत व जिला प्रशासन द्वारा कोई सुध नहीं ली गई है। जिसके चलते आज गांव में एक भी सड़क ऐसा नहीं है जिससे गांव से बाहर आसानी से निकला जा सके। उन्होंने बताया कि सड़कों का निर्माण कार्य नहीं होने से उनको हर कार्य करने में परेशानी आ रही है। जिला प्रशासन के साथ कई स्थानीय नेताओं से भी इस बारे में गुहार लगाई है लेकिन आज तक किसी ने भी उनके गांव के रास्तों को सुध नहीं ली है। रास्तों में बहुत अधिक मात्रा में कूड़ा करकट जमा हो रहा है।

## सार-संक्षेप

### घर में लगे नए स्मार्ट मीटर को पहनाई माला

**औरैया।** शहर में सभी विद्युत उपभोक्तओं के यहां पुराने मीटर के स्थान पर स्मार्ट मीटर लगने लगे हैं। कार्य कार्यदायी संस्था मेसर्स जीनस द्वारा विद्युत उपकेंद्र औरैया-प्रथम के टाउन-1 फीडर पर शक्ति तालाब के सामने से प्रारंभ किया गया। शनिवार को एक उपभोक्ता के यहां मीटर लगा तो उसने मीटर को माला पहनाकर उसका स्वागत किया। बता दें कि उप्र सरकार द्वारा 2025 तक सभी उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। स्मार्ट मीटर योजना एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें उपभोक्तओं को कई प्रकार के लाभ जैसे स्मार्ट मीटर द्वारा रीडिंग आधारित सही बिल समय से (प्रत्येक माह 1 तारीख को) प्राप्त होगा। बिल में गड़बड़ी की संभावना कम हो जाएगी, समय से सही बिल प्राप्त होने के उपरांत तत्काल भुगतान पर विभाग द्वारा 2 प्रतिशत का लाभ भी दिया जाएगा, स्मार्ट मीटर को पोस्टपेड, प्रीपेड या नेट-मीटर के रूप में सोलर पैनल पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है, मकान मालिक और किरायेदार के बीच में विवाद से बचा जा सकता है।


स्मार्ट मीटर को गृहस्वामी ने माला पहनाई।

### बिना एसएमएस के मिला हार्वेस्टर किया सीज

**अजीतमल, औरैया।** अपर जिलाधिकारी के आदेश पर बिना एसएमएस (सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम) लगाये धान काट रही हार्वेस्टर मशीन को सीज कर दिया गया। तहसील क्षेत्र के मौजा सराय अमलिया में गोपालपुर निवासी वासुदेव के खेत में बिना एसएमएस लगाये चल रही हार्वेस्टर मशीन को मौके पर पहुंचे एडीओ एजी योगेन्द्र, लेखपाल धीरेन्द्र शुक्ला, सहायक तकनीशियन प्रवीनदुबे, एवं पुलिस बल ने मौके पर जांच की। मशीन मालिक बलविन्दर को मशीन सहित कोतवाली लाया गया। यहां अपर जिलाधिकारी एमपी सिंह के आदेश पर मशीन को सीज कर दिया गया।

**आस्था** | गोपाष्टमी पर श्रद्धालुओं ने किया गोमाता का पूजन

# गोमाता को गुड़, फल, मिष्ठान खिलाकर मांगी समृद्धि

कार्यालय संवाददाता, औरैया


औरैया में गोमाता का पूजन करतीं सखी ग्रुप की सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक विचित्र पहल सेवा समिति औरैया की महिला शाखा तुलसी सखी ग्रुप द्वारा शनिवार को गोपाल इंटर कॉलेज औरैया में गोपाष्टमी पर्व मनाया गया। गोमाता पर गंगाजल छिड़ककर अंग वस्त्रों के साथ गुड़, फल, मिष्ठान व चने की दाल खिलाकर विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई।

शाखा की अध्यक्ष एकता गुप्ता ने कहा कि गोपाष्टमी का पर्व कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष अष्टमी को धूमधाम से मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गाय के शरीर में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है, प्राचीन कथानुसार आज के दिन माता यशोदा ने प्रभु कृष्ण को पहली बार गायों को चराने के लिए जंगल में भेजा था। मान्यता है कि गोपाष्टमी के दिन जो भी व्यक्ति गाय के नीचे से निकलता है उसकी मनचाही मुराद पूरी होती है। आज के दिन दान का भी विशेष महत्व है, मान्यता है कि इस दिन ग्वालों को दान करने से घर में शांति व सुख समृद्धि आती है। गोपाष्टमी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शाखा की प्रभारी लक्ष्मी बिश्नोई, संरक्षक बबिता गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष मधु शर्मा, शांती गुप्ता, बबीता गुप्ता (मेडिकल), रेखा गुप्ता, सीता पोरवाल, बंदना बिश्नोई, अनुराधा यादव, अनुपम पोरवाल, मंगला शुक्ला, अर्चना बिश्नोई, रेनू पोरवाल, राधा पुरवार, बीना गुप्ता, रचना पुरवार, नीलम, शालिनी पुरवार, जूली, अर्चना पोरवाल आदि सदस्य मौजूद रहीं।


गो माता का पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### गोमाता को माला पहनाकर किया पूजन

**बिधूना, औरैया।** नगर पंचायत द्वारा अस्थाई रूप से संचालित गोशालाओं में शनिवार को गोपाष्टमी के पावन पर्व पर गोमाता का पूजन किया गया। नगर पंचायत बिधूना द्वारा अस्थाई रूप से संचालित गौशाला में शनिवार को पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रेमचंद व डॉक्टर शशांक यादव, राहुल तिवारी आदि ने गोमाता को माला पहनाकर मिष्ठान, फल, गुड़, चना खिलाकर गोमाता का पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने गाय के महत्व को बताया। उन्होंने कहा गाय को माता कहा गया है। गाय में तैंतीस कोटि देवताओं का वास होता है। और गाय के द्वारा उत्सर्जित पदार्थ से बने पंचगव्य से असाध्य से असाध्य रोग दूर हो जाते हैं।

# एसडीओ बने एक्सईएन केशमपुर को दी गई विदाई

संवाददाता फफूंद, औरैया

- दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम से पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में तबादला

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग के अछल्दा उपखंड अधिकारी को प्रोन्नति मिलने के बाद उनका पश्चिमांचल विद्युत वितरण खंड तबादला होने पर केशमपुर सब स्टेशन पर विदाई दी गई। विद्युत वितरण खंड अछल्दा में तैनात उपखंड अधिकारी अरविंद कुमार गौतम को बीती 15 अक्टूबर को अधिशासी अभियंता पद पर प्रमोशन हुआ था।

प्रमोशन के साथ ही उनका दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम से पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में तबादला कर दिया गया। शनिवार को चार्ज लेने के लिए मेरठ जाने से पूर्व केशमपुर विद्युत सब स्टेशन पर अवर अभियंता ओमवीर सिंह के नेतृत्व में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अवर अभियंता समेत सब स्टेशन पर तैनात सभी एसएसओ और विद्युत लाइनमैनों ने उपखंड अधिकारी को फूल मालाएं पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर मिठाई खिलाकर विदाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि उपखंड अछल्दा में तैनाती के दौरान उन्हें विद्युत कर्मियों का पूरा सहयोग मिला जिससे निर्बाध विद्युत आपूर्ति में कोई दिक्कत नहीं आई वहीं उपभोक्ताओं को बिल संबंधी किसी समस्या का भी सामना नहीं करना पड़ा। श्यामपाल, विशाल, प्रेम कुमार, सुरजीत, रवि, धीरज समेत सभी विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को दिया वर्तनी ज्ञान

**औरैया।** विद्यालय में अंग्रेजी भाषा के ज्ञान में वृद्धि करने के उद्देश्य से स्पैल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में अंग्रेजी शब्दों का सही उच्चारण और वर्तनी में सुधार करना था। प्रतियोगिता में विभिन्न स्तरों पर कठिन शब्दों को प्रस्तुत किया, जिस पर छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रधानाचार्य ने प्रतियोगिता के अंत में विजेता छात्रों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान किए और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के आत्मविश्वास और भाषा ज्ञान को बढ़ावा देती हैं। सभी प्रतिभागियों को उनके प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया गया और प्रतियोगिता का समापन छात्रों की शिक्षा में योगदान देने वाले अध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त करके किया गया।

# व्यक्तित्व का आधार है आहार



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भोजन की गुणवत्ता जरूरी है और भोजन शैली की भी। शतपथ ब्राह्मण व तैत्तिरीय ब्राह्मण के अनुसार तब भोजन दो बार किया जाता था। बैठकर भोजन की परंपरा थी। ऋग्वेद में भोजन की स्तुति भी है। ब्रह्म पुराण के अनुसार घोड़ा, गाड़ी, मंदिर, बिस्तर पर भोजन नहीं करना चाहिए।

"आहार" व्यक्तित्व का आधार है। आहार पर भी देशकाल का प्रभाव होता है। ठंडी जलवायु वाले देशों में शरीर के ताप को विशेष स्तर पर बनाए रखने की जरूरत होती है। ऐसे देशों में अधिक ऊष्मा देने वाले आहार का चलन होता है। प्राचीन भारत में आहार की दृष्टि से व्यापक चिंतन हुआ है। अन्न ही काया का निर्माता है, इसी से ऊर्जा है, इसी से प्राण और जीवन भी। वैदिक समाज ने भोजन का गहन विवेचन किया है। "वैदिक काल में आर्यों के मुख्य भोज्य पदार्थ अन्न, कंद, मूल, फल, दूध और घृत थे। ब्रीहि, यव, तिल माश-उड़द, सरसों और गन्ने का उल्लेख मिलता है। तंदुल का उल्लेख भी है। यह चावल है। उबाले गए तंदुलों को 'ओदन' कहते थे।" उन्होंने ऋग्वेद में 'क्षीरपाकमोदनम्' दूध में पकाए चावल का भी उल्लेख किया है। छान्दोग्य उपनिषद् में आहार को मुक्तिदाता कहा है। कहते हैं कि आहार शुद्धि से सत्व-सिद्धि होती है। सत्व सिद्धि से सुंदर स्मृति मिलती है। स्मृति से तत्व ज्ञान मिलता है और तत्व ज्ञान से मुक्ति मिलती है। आहार शुद्धि के लाभ महत्वपूर्ण हैं।

भोजन की गुणवत्ता जरूरी है और भोजन शैली की भी। शतपथ ब्राह्मण व तैत्तिरीय ब्राह्मण के अनुसार तब भोजन दो बार किया जाता था। बैठकर भोजन की परंपरा थी। ऋग्वेद में भोजन की स्तुति भी है। ब्रह्म पुराण के अनुसार घोड़ा, गाड़ी, मंदिर, बिस्तर पर भोजन नहीं करना चाहिए। भोजन के शिष्टाचार भी प्राचीन साहित्य में हैं। जैसे पंक्ति में प्रथम स्थान पर आग्रह के बाद ही बैठना चाहिए। सबके साथ ही उठना चाहिए। भविष्य पुराण में निषिद्ध भोजन के उल्लेख हैं। गंदे हाथों से परोसा गया, कुत्तों आदि से छुआ गया भोजन दुष्ट कहा गया है। बासी, दुर्गंध युक्त भोजन या बच्चा देने के 10 दिन के भीतर का गोदूध 'कालदुष्ट' कहा गया है।

शरीर, मन, बुद्धि और प्रज्ञा के निर्माण में अन्न की भूमिका है। तैत्तिरीय उपनिषद् में वरूण द्वारा पुत्र भृगु को दिया गया उपदेश है। भृगु ने पिता वरूण से ब्रह्म की जिज्ञासा की। वरुण ने कहा, "अन्न, प्राण, नेत्र, कान, मन और वाणी ब्रह्म प्राप्ति के द्वार हैं।" भृगु ने निश्चय किया "अन्न ब्रह्म है-अन्नं ब्रह्ममेति व्यजनत। प्राणी अन्न से बढ़ते हैं। मृत्यु के बाद अन्न क्षेत्र पृथ्वी में समा जाते हैं।" अन्न महत्वपूर्ण है। भौतिकवादी उपनिषद् साहित्य को अंधविश्वासी, भाववादी बताते हैं। वे वैदिक साहित्य का दार्शनिक यथार्थवाद नहीं देखते। एक मंत्र में कहते हैं "यह व्रत संकल्प है कि अन्न की निन्दा न करें-अन्नं न निन्द्यात्। अन्न ही प्राण है। प्राण ही अन्न है। यह शरीर भी अन्न है। शरीर और प्राण का अंतर्संबंध है। अन्न ही अन्न में प्रतिष्ठित है, जो यह जान लेता है, वह महान हो जाता है-महान् भवति, महानकीर्त्या। (7वां अनुवाक) फिर बताते हैं "यह व्रत है कि अन्न का अपमान न करें-अन्नं न परिचक्षीत, तद् व्रतम्। जल अन्न है। जल में तेज है, तेज जल में प्रतिष्ठित है, अन्न में अन्न प्रतिष्ठित है। जो यह जानते हैं वे महान होते हैं, कीर्तिवान होते हैं।" (8वां अनुवाक) फिर कहते हैं "यह व्रत है कि खूब अन्न पैदा करें-अन्नं बहुकुर्वीत। पृथ्वी अन्न है, आकाश अन्नाद है। आकाश में पृथ्वी है, पृथ्वी में आकाश है। जो यह बात जानते है वे अन्नवान हैं, महान बनते हैं।" (9वां अनुवाक) उपनिषद् का अंतिम मंत्र बड़ा प्यारा है "व्रत है कि घर आए अतिथि की अवहेलना न करें। अन्न का प्रबंध करें। अतिथि से श्रद्धापूर्वक कहे-अन्न तैयार है। ऐसा करने वाले के घर अन्न रहता है, मध्यम और साधारण रीति से इस कार्य करने वाले के घर साधारण अन्न भंडार ही रहता है।" (10वां अनुवाक) यहां आहार का अर्थ अन्न है। उत्तरवैदिक काल की प्रश्नोपनिषद् (1.14) में अन्न को प्रजापति ब्रह्म बताया गया है-अन्नं वै प्रजापति। ऐतरेय उपनिषद् में कहते हैं, "सृष्टि रचना के पूर्व 'वह' अकेला था, दूसरा कोई नहीं था। उसने सृजन की इच्छा की-स ईक्षत् लोकान्नु सृजा इति। उसने लोक रचे। उसने लोकपाल रचे। फिर इच्छा की कि अब लोक और लोकपालों के लिए अन्न सृजन करना चाहिए। उसने अन्न बनाए। (खंड 2 से खंड 3 तक) योगसूत्र बहुत बाद में रचे गये। उपनिषदों में भी शरीर को अन्नमय कोष कहा गया। भारत में अतिप्राचीन काल से अन्न ही प्रमुख भोजन रहा है।

चरक संहिता में आहार जीवों का प्राण कहा गया है-"वह अन्न-प्राण मन को शक्ति देता है, शरीर की सम्पूर्ण धातुओं व बल वर्ण और इन्द्रियों को प्रसन्नता देता है।" आहार शुद्धि का ध्यान रखा जाना चाहिए। बताते हैं "भोजन से उदर पर दबाव न पड़े, हृदय की गति पर अवरोध न हो, उदर में क्रूरता न हो, इन्द्रियां (भी) तृप्त रहें।" गीता में सत्व, रज और तम के अनुसार भोजन को तीन प्रकार का बताया गया, लेकिन चरक की स्थापना है "सत्व, रज और तम के प्रभाव में मन तीन तरह का दिखाई पड़ता है परन्तु वह एक है।" मन बड़ा कारक है। मनोनुकूल स्थान पर भोजन करने के अतिरिक्त लाभ हैं, "मन-अनुकूल स्थान पर भोजन से मानसिक विकार नहीं होते। मन के अनुकूल स्थान और मनोनुकूल भोजन स्वास्थ्यवर्द्धक है।" (वही 559) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने मोटे अनाज की खेती को महत्व दिया है। मोदी की पहल के चलते पूरी दुनिया में वर्ष 2023 को 'मिलेट्स वर्ष' घोषित किया गया था।

भूख स्वाभाविक इच्छा है। यह हमारी योजना का परिणाम नहीं है। भोजन बिना शरीर नहीं चलता। सो प्रकृति ने हम सबके शरीर में 'भूख' नाम की इच्छा जोड़ी है। मैं अपने सहायक दल के साथ उत्तर प्रदेश में प्रवास पर था। भूख लगी थी। मैं सड़क के किनारे ढाबे की खोज में था। स्थानीय पुलिस ने मुझे एक सुंदर होटल तक पहुंचाया। ठेठ ग्रामीण क्षेत्र वाले होटल में भी मैनेजर ने मिक्स वेज अंग्रेजी टाइप भाषा में खाद्य पदार्थों के नाम बताए। टमाटर को पानी में उबाल कर मसाला मिलाकर बने रस को 'टोमैटो सूप' कहना उचित है। पर इसके गाढ़ेपन का राज क्या? मन में प्रश्न उठे कि इसमें कुछ मिलाया तो नहीं गया? उसने पिज्जा फिज्जा जैसी अनेक चीजों का प्रस्ताव किया। गांव देहात में भी इटली, यू.के. और अमेरिका की अनुभूति थी। पिज्जा के बारे में सुना है कि यह भोजन के बचे अवशेषों को गरीबों को खिलाने के लिए एक ब्रेड पर रखा गया उच्छिष्ट है।

आधुनिक काल में भारत में भी भोजन संबंधी प्राचीन ज्ञान खारिज कर दिया गया है। फास्ट फूड का जमाना है। मांसाहार के नये तरीके आये हैं। शराब की खपत बढ़ी है। इसी का परिणाम है कि नए-नए रोग बढ़े हैं। तनाव बढ़े है। क्रोध बढ़ा है, क्रोधी बढ़े हैं। क्या हम भारतवासी छोटे नकलची हैं? हम दूसरे देशों के वैज्ञानिक शोध, अध्ययन और ज्ञान विज्ञान की नकल नहीं करते। ज्ञान विज्ञान में हम दुनिया से प्रेरित नहीं होते लेकिन उनके भोजन, हैप्पी क्रिसमस या हैप्पी न्यू इयर का पट्टा बांधे आधुनिक हो जाने की गलत फहमी में हैं। आधुनिक होना ही है तो पढ़ाई लिखाई को अद्यतन बनाना चाहिए और संस्कारों को पुनर्नवा शक्ति देनी चाहिए। खेद है कि भारत में भी विदेशी का प्रभाव है और भारतीय भोजन का अभाव।

# अर्थशास्त्र की प्रणालियां



चारों प्रणालियों का उद्देश्य और आर्थिक ढांचा भिन्न-भिन्न होते हैं। इन भिन्नताओं के चलते उनके स्वभाव अलग हैं, उनकी समस्याएं अलग हैं और उनके समाधान भी अलग हैं।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

फासीवादी अर्थशास्त्र, राष्ट्रवादी अर्थशास्त्र, साम्यवादी अर्थशास्त्र और समाजवादी अर्थशास्त्र सभी अलग-अलग आर्थिक प्रणालियों के शास्त्र हैं, जो कमोवेश पूंजीवाद या व्यक्ति केंद्रित पूंजीवाद के शास्त्र से अलग हैं। इनके बीच के कुछ प्रमुख अंतर को हैं।

फासीवादी अर्थशास्त्र- फासीवादी अर्थशास्त्र में निजी संपत्ति और उद्योगों का अस्तित्व बना रहता है, लेकिन सरकार उन पर कड़ा नियंत्रण रखती है। इसमें उद्योगों को राष्ट्र की सेवा में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है और राज्य का प्राथमिक लक्ष्य राष्ट्र का सामूहिक हित होता है। इसमें निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों का गठजोड़ होता है, जहां सरकार उत्पादन और वितरण के तरीकों को निर्देशित करती है। इसमें मुक्त बाजार की स्वतंत्रता सीमित होती है।

राष्ट्रवादी अर्थशास्त्र- राष्ट्रवादी अर्थशास्त्र का उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था को स्वायत्त और आत्मनिर्भर बनाना होता है। इसमें घरेलू उद्योगों को संरक्षण देना, आयात पर निर्भरता को कम करना और विदेशी व्यापार पर नियंत्रण को बढ़ावा देना शामिल है। यह प्रणाली व्यापार में राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देती है, लेकिन आमतौर पर सरकार का निजी उद्योगों पर पूर्ण नियंत्रण नहीं होता।

साम्यवादी अर्थशास्त्र- साम्यवाद का उद्देश्य एक वर्गविहीन समाज बनाना है, जिसमें निजी संपत्ति का उन्मूलन किया जाता है और सभी उत्पादन के साधनों पर राज्य का स्वामित्व होता है। इसमें पूरी तरह से राज्य के नियंत्रण में उत्पादन, वितरण और अन्य आर्थिक गतिविधियां होती हैं। साम्यवाद में संपत्ति का कोई व्यक्तिगत अधिकार नहीं होता और सभी संसाधनों का वितरण समान रूप से किया जाता है, जिससे समाज में आर्थिक असमानता समाप्त की जा सके। ऐसी व्यवस्था का अध्ययन साम्यवादी अर्थशास्त्र है। समाजवादी अर्थशास्त्र - समाजवाद में उत्पादन और वितरण के साधनों का सामूहिक या सरकारी स्वामित्व होता है, लेकिन कुछ हद तक निजी संपत्ति की अनुमति दी जा सकती है। इसमें राज्य का उद्देश्य सामाजिक समानता और न्याय प्राप्त करना होता है। समाजवाद में आमतौर पर प्रमुख उद्योग और सेवाएं राज्य के नियंत्रण में होती हैं, जबकि छोटे व्यवसाय और व्यक्तिगत संपत्ति की अनुमति होती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि संसाधनों का उपयोग समाज के सभी वर्गों के हित में हो। इस प्रकार की अर्थव्यवस्था का अध्ययन समाजवादी अर्थशास्त्र है।

फासीवाद - निजी संपत्ति मौजूद रहती है, लेकिन सरकार का सख्त नियंत्रण होता है। राष्ट्रवाद - आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता, पर सरकार का पूर्ण नियंत्रण नहीं। साम्यवाद- निजी संपत्ति का उन्मूलन और सभी संसाधनों का राज्य नियंत्रण। समाजवाद - प्रमुख उद्योगों पर राज्य का नियंत्रण, लेकिन कुछ निजी संपत्ति की अनुमति। इस प्रकार इन चारों प्रणालियों का उद्देश्य और आर्थिक ढांचा भिन्न-भिन्न होते हैं। इन भिन्नताओं के चलते उनके स्वभाव अलग हैं, उनकी समस्याएं अलग हैं और उनके समाधान भी अलग हैं। अतः उनके अर्थशास्त्र भी अलग हैं।

# उत्तराखंड राज्यः आर्थिक प्रगति के साथ चुनौतियां भी



प्रो. एच. सी. पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

24 वर्षों में राज्य ने कृषि, उद्योग एवं सेवा के क्षेत्र में अभूतपूर्व तरक्की की है और आगे इस गति को बनाए रखना एक महत्वपूर्ण चुनौती है। उत्तराखंड राज्य अपने मानव संसाधनों के लिए पहचाना जाता है।

उत्तराखंड राज्य का गठन 9 नवंबर, 2000 को उत्तर प्रदेश से गढ़वाल और कुमाऊं मंडल को मिलाकर किया गया, परंतु पृथक राज्य निर्माण की मांग कई दशकों से इस क्षेत्र की विशिष्ट सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि तथा भौगोलिक संरचना के कारण होती रही है। वर्ष 1994 में ऐतिहासिक जनांदोलन के फलस्वरूप यह राज्य अस्तित्व में आया। राज्य निर्माण के लिए आंदोलनकारियों, बुद्धिजीवियों व पृथक राज्य के पक्षधरों द्वारा जो सपने देखे गए थे, उनका मूल्यांकन राज्य निर्माण के 24 वर्ष पूर्ण होने एवं रजत जयंती वर्ष में प्रवेश की इस घड़ी में किया जाना आवश्यक है। उत्तराखंड आज आर्थिक विकास के कई मानदंडों की श्रेणी में देश के अग्रणी राज्यों में एक है।

पिछले 24 वर्षों में राज्य के जीडीपी का आकार 24 गुना बढ़ा है और प्रति व्यक्ति आय में 17 गुना वृद्धि हुई है। किसी भी राज्य की आर्थिकी मुख्य रूप से तीन क्षेत्रों पर आधारित होती है, जिसमें कृषि, उद्योग एवं सेवा का क्षेत्र शामिल है। उत्तराखंड राज्य नैसर्गिक एवं प्राकृतिक सुंदरता के कारण विश्व के पर्यटकों के लिए सदैव आकर्षण का केंद्र रहा है। सनातन धर्मावलंबियों के लिए यह देवभूमि तीर्थाटन का भी प्रमुख केंद्र है। पर्यटन क्षेत्र राज्य की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देता है, इसलिए पिछले 24 वर्षों में पर्यटन की सुविधाओं को पर्यटकों के लिए सुविधाजनक बनाने हेतु सरकार ने कई दूरगामी योजनाएं बनाई हैं, जिसके अंतर्गत होम स्टे, अतिथि गृहों की योजना, साहसिक पर्यटन के लिए ढांचागत विकास के साथ ही आवागमन के साधनों में सुधार किया जा रहा है। विश्व प्रसिद्ध चारधाम बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री तक तीर्थयात्रियों की सुगम एवं आरामदायक यात्रा के लिए ऑलवेदर रोड परियोजना के कारण सड़क परिवहन व्यवस्था काफी सुधरी है और आवागमन सुविधाजनक हुआ है, जिसके कारण तीर्थयात्रियों की संख्या हर वर्ष लगातार बढ़ती जा रही है।

तीर्थयात्रियों की बढ़ती तादाद को देखते हुए पार्किंग एवं यात्री विश्राम गृह की व्यवस्था करना एक बड़ी चुनौती है। राज्य के विभिन्न पर्यटक स्थलों तक हेलीसेवाओं के माध्यम पहुंचने के लिए भी कई हेलीपेड तैयार किए गए हैं, जिनमें पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, पंतनगर, गौचर, चिन्यालीसौड़ आदि शामिल हैं। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का निर्माण तेजी से प्रगति पर है। नए पर्यटक स्थलों को विकसित करने के साथ ही कुमाऊं मंडल परिपथ एवं आदिकैलाश, जागेश्वर धाम, बैजनाथ धाम आदि तीर्थ स्थलों तक देश और दुनिया के पर्यटकों के सुगम आवागमन हेतु गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों से आने वाले दिनों में राज्य के पर्यटन उद्योग को गति मिलेगी और स्थानीय युवाओं को पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। राज्य में कृषि के विकास के लिए ऑर्गेनिक फार्मिंग परिषद का गठन कर जैविक कृषि एवं औद्यानिकी को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड के माध्यम से स्थानीय कृषि एवं औद्यानिकी सहित हथकरघा उत्पादों को उपभोक्ता बाजार में विपणन हेतु उपलब्ध किया जा रहा है। 'लोकल फॉर वोकल' अभियान के तहत स्थानीय मोटे एवं पोषक खाद्यान्नों को जीआई के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहन एवं संवर्धन दिया जा रहा है।

राज्य में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में देश और दुनिया के निवेशकों को राज्य में निवेश हेतु आकर्षित करने की दिशा में अब तक दो इंवेस्टर समिट आयोजित किए जा चुके हैं, जिसके माध्यम से राज्य के विभिन्न भागों में औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो रही हैं, जो रोजगार सृजन का महत्वपूर्ण केंद्र हैं। इस प्रकार पिछले 24 वर्षों में राज्य ने कृषि, उद्योग एवं सेवा के क्षेत्र में अभूतपूर्व तरक्की की है और आगे इस गति को बनाए रखना एक महत्वपूर्ण चुनौती है। उत्तराखंड राज्य अपने मानव संसाधनों के लिए पहचाना जाता है। यहां के युवा देश और दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रशिक्षित मानव संसाधन यदि राज्य के अन्यत्र रोजगार के लिए पलायन करेंगे तो उनका प्रदर्शन अन्य के मुकाबले बेहतर होगा, जिससे उनकी अच्छी सेवाओं के लिए उन्हें अधिक भुगतान भी मिल सकता है, जो राज्य की आर्थिकी बढ़ाने में भी सहायक होगा। ग्रामीण स्तर पर गुणवत्तायुक्त शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधाएं राज्य गठन के पूर्व से ही एक बड़ी चुनौती रही है। राज्य गठन के बाद शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार हुआ है। कई चिकित्सा महाविद्यालयों के साथ चिकित्सा विश्वविद्यालय की स्थापना से राज्य को चिकित्सा विशेषज्ञ एवं चिकित्सा सेवाओं को दूर-दराज ग्रामीण स्तर तक उपलब्ध होंगे। शिक्षा की गुणवत्ता विशेष तौर पर उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में काफी प्रगति हुई है। यहां राज्य निर्माण से पूर्व प्रदेश में मात्र चार विश्वविद्यालय थे, वहीं आज विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। इसके साथ ही केंद्रीय विश्वविद्यालय, एनआईटी, आईआईटी, अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान तथा भारतीय प्रबंधन संस्थान भी राज्य में स्थापित होने से राज्य में चिकित्सा शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं प्रबंधन शिक्षा में काफी सुधार हो रहा है।

उत्तराखंड पर्वतीय राज्य होने के कारण आपदा एक बड़ी चुनौती है। आपदा के कारण हर वर्ष लाखों-करोड़ों रुपये, जो विकास कार्यों पर खर्च होने चाहिए, वह आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास पर व्यय किए जाते हैं। इसलिए आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों का प्रशिक्षण राज्य के प्रत्येक नागरिक को होना चाहिए, जिससे वे आपदा की चुनौतियों का मुकाबला कर सके और आपदा के बाद उनका पुनर्वास सुलभ हो सके। इस प्रकार के प्रयास गुणवत्तायुक्त शिक्षा, प्राथमिक चिकित्सा एवं आपदा प्रबंधन के लिए कारगर कदम सिद्ध होंगे और पलायन रोकने में भी सहायक होंगे। राज्य के दूरगामी विकास एवं समस्याओं के दीर्घकालीन समाधान हेतु विधानसभा का परिसीमन क्षेत्रफल के आधार पर किया जाना चाहिए, क्योंकि यह राज्य अंतर्राष्ट्रीय सामरिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। साथ ही राज्य की राजधानी परिक्षेत्र गैरसैंण-भराड़ीसैंण के विकास हेतु दीर्घकालीन नीति पर कार्य करना होगा।

# वास्तविक योग



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः।/ तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम्।। अर्थात हे राजन, जहां योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण हैं और जहां गांडीव धनुषधारी अर्जुन हैं, वहीं पर श्री, विजय, विभूति और अचल नीति अर्थात धर्म है, ऐसा मेरा मत है। श्रीकृष्ण समस्त योग शक्तियों के स्वामी हैं। वे अपनी योगशक्ति से क्षणभर में समस्त जगत की उत्पत्ति, संहार और पालन कर सकते हैं। अर्जुन नर ऋषि के अवतार, भगवान के प्रिय सखा और गांडीव धनुर्धारी महान वीर पुरुष हैं, जहां पर योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन रहते हैं, वहीं संपूर्ण शोभा, सारा ऐश्वर्य, धर्म रूपी अटल न्याय रहते हैं और जिस पक्ष में धर्म रहता है, उसी की विजय होती है। अतः पांडवों की विजय में किसी प्रकार की शंका नहीं है।

कहने का तात्पर्य यह है कि भगवान स्वयं ऐश्वर्य, विजय, विभूति और अचल नीति आदि शक्तियों के निवास स्थान हैं। वही मनुष्य के हृदय में बैठकर उसे कल्याण मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। संसार में मनुष्य रूपी क्षणभंगुर शरीर प्राप्त करने का सबसे उत्तम फल यही है कि गीता शास्त्र में बताए गए सुगम उपाय को समझकर मनुष्य भगवान की भक्ति प्राप्त कर ले। यही उसका परम ऐश्वर्य है, यही उसकी सारी प्रवृत्तियों पर विजय है और यही उसका परम सामर्थ्य है। श्रीमद्भगवद्गीता में पांच प्रमुख विषयों की व्याख्या की गई है, भगवान, भौतिक प्रकृति, जीव, शाश्वत काल और सभी प्रकार के कर्म। परम सत्य की सारी धारणाएं निराकार ब्रह्म, अंतर्यामी परमात्मा तथा अन्य दिव्य अनुभूतियां भगवान के ज्ञान की श्रेणी में ही सन्निहित हैं। यद्यपि ऊपर से भगवान, जीव, प्रकृति व काल भिन्न-भिन्न प्रतीत होते हैं, लेकिन ब्रह्म से कुछ भी भिन्न नहीं है। हां! ब्रह्म अवश्य सदैव समस्त वस्तुओं से भिन्न है।

जीव अपने मूल रूप में शुद्ध आत्मा है। वह परमात्मा का परमाणु अंश है। चूंकि सारे जीव ब्रह्म की तटस्थ शक्ति हैं, अतः उनका संसर्ग अपरा प्रकृति रूपी भौतिक शक्ति और परा प्रकृति रूपी आध्यात्मिक शक्ति से होता है। दूसरे शब्दों में जीव भगवान की दो शक्तियों के मध्य स्थित है और चूंकि उसका संबंध भगवान की परा शक्ति से है। अतः जीव में किंचित स्वतंत्रता भी रहती है। इस स्वतंत्रता के सदुपयोग से वह प्रकृति के बंधन से मुक्त होकर भगवान का सान्निध्य प्राप्त कर सकता है। यही मानव जीवन का पुरुषार्थ है, यही वास्तविक योग है।

# पारस्परिक दयालुता



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

दंड पाने योग्य अधिकारी इतर-शासकीय सेवा सुश्रुसा में दक्ष होते हैं और उन अधिकारियों की सेवा सुश्रुषा से प्रसन्न नेता भी ऐसे अधिकारियों पर विशेष दयालु रहते हैं। ऐसे भी उदाहरण उपलब्ध हैं, जिनमें एक मुख्यमंत्री ने अपने प्रिय सेवक को प्रोन्नति देने हेतु उनकी अनेक प्रतिकूल प्रविष्टियां बिना विभागीय संस्तुति लिए एक साथ काट दी थीं। इन अधिकारियों की महंगे वकीलों की फीस देने की क्षमता अपार होती है। अतः कानून भी इन पर दयालु रहता है।

मेरे ज्ञान में उत्तर प्रदेश में स्वतंत्रता के पश्चात अभी तक केवल तीन आईपीएस अधिकारियों को सेवाच्युत किए जाने का आदेश पारित हुआ है। इनमें से एक एसपी (मुरादाबाद) घूस लेते हुए पकड़े जाने के लगभग 20 वर्ष बाद, जब वह सेवानिवृति की आयु प्राप्त कर चुके थे, मुझे अकस्मात मिल गए और उन्होंने बताया कि वह उच्चतम न्यायालय के आदेश से बइज्जत बरी हुए हैं और बिना काम किए संपूर्ण वेतन-भत्ते-पेंशन प्राप्त कर सेवानिवृत हो गए हैं। दूसरे एसपी (मथुरा) सेवाच्युत होने के कुछ साल बाद बहाल होकर आईजी के पद तक को सुशोभित कर सेवानिवृत हुए। तृतीय एसपी (बाराबंकी)सेवाच्युत हुए थे।

सजातीय शासन के आने पर उन्हें न केवल अविलंब बहाल किया गया, वरन सेवानिवृत्ति हेतु बचे दो-तीन वर्ष में ही एसपी से डीआईजी, डीआईजी से आईजी और फिर आईजी से एडिशनल डीजी पद पर प्रोन्नति दे दी गई, जिससे वह सेवा के सभी लाभ प्राप्त कर सपरिवार सुख समृद्धि को प्राप्त होते हुए। धन और साधन वाले अपराधियों के प्रति विशेष दयालुता रखना और उनके दुष्कर्मों पर उनकी रक्षा करना हमारा राजनैतिक कर्तव्य है। बड़ों के प्रति दयालुता में कहीं चूक न हो जाए, इस उद्देश्य से शासन ने सीबीआई पर यह प्रतिबंध लगा दिया है कि वह संयुक्त सचिव अथवा उससे उच्च स्तर के अधिकारी के प्रकरण में शासन की पूर्व अनुमति के बिना कोई जांच नहीं कर सकते हैं और न उन्हें ट्रैप कर सकते हैं। इसी तरह का प्रतिबंध न्यायालयों ने अपने अधिकारियों के संबंध में लगा रखे हैं। प्रदेश सरकारों के नियम उच्च स्तरीय व्यक्तियों के प्रति और अधिक दयालुता पूर्ण है।

उत्तर प्रदेश सरकार का सतर्कता निदेशालय किसी स्तर के कर्मचारी के विरुद्ध शासन की अनुमति के बिना जांच प्रारंभ ही नहीं कर सकता है और जांच की शासकीय अनुमति के उपरांत भी किसी अधिकारी का बिना शासन की पुनः अनुमति लिए चालान नहीं कर सकता है। किसी भी स्तर के गजेटेड ऑफिसर को बिना शासकीय अनुमति के ट्रैप नहीं कर सकता है और न उसके घर की तलाशी ले सकता है। सीआईडी और आर्थिक अपराध संगठन भी इन्हीं नियमों से प्रतिबंधित हैं। वस्तु स्थिति यह है कि साधन-संपन्न आरोपित अधिकारियों के विरुद्ध जांच पूर्ण होने के पश्चात चार्ज शीट कचहरी में भेजने की अनुमति प्रायः तब तक नहीं मिलती है जब तक आरोपित अधिकारी सेवानिवृत होकर परलोक नहीं सिधार गए होते हैं। हमारे नेतागणों में कतिपय विषयों में असीम पारस्परिक दयालुता देखी गई है। अपनी पार्टी का हो या दूसरी पार्टी का हो, किसी नेता के द्वारा सरकारी मकान पर अवैध कब्जा बनाए रखने में, अपराधियों को भरपूर सुरक्षा देने में, उन्हें अपने दलों में ससम्मान मिला लेने में, उनकी बूथ-कैप्चरिंग तथा दल-बदल की योग्यता के अनुसार उन्हें मंत्री अथवा अन्य उच्च पद पर बिठा देने में एवं अपने वेतन-भत्ते बढ़ा लेने के 'पुण्य' कार्य में नेताओं की आपसी दरियादिली की मिसाल मिलना कठिन है।

# विकराल समस्या बनती पराली



डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

पराली जलाना, जो अक्सर भारत के उत्तर-पश्चिमी राज्यों में देखा जाता है, एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या के रूप में उभर रहा है। यह न केवल वायु प्रदूषण को बढ़ाता है, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव डालता है। भारत में प्रत्येक वर्ष लगभग 35 मिलियन टन पराली उत्पन्न होती है, जिसमें से एक बड़ी मात्रा को जला दिया जाता है। पराली धान की खेती के बाद बची हुई फसल अवशेष है, जिसे किसान अगले फसल चक्र से पहले खेत से हटाना चाहते हैं।

पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्यों में धान की कटाई के बाद खेतों में बड़ी मात्रा में पराली बचती है। चूंकि पराली को हटाने का कोई सस्ता और समयबद्ध उपाय नहीं है, जिसके कारण किसान इसे जला देते हैं ताकि खेत को जल्दी से गेहूं की बुआई के लिए तैयार किया जा सके। धान और गेहूं की दोहरी फसल प्रणाली में किसानों को केवल कुछ ही दिनों का समय मिलता है, जिसमें उन्हें खेत को तैयार करना होता है। इसके अलावा, कृषि श्रमिकों की कमी, पराली निपटान के वैकल्पिक तरीकों की उच्च लागत और फसल अवशेष प्रबंधन की उचित तकनीकों की अनुपलब्धता पराली जलाने के मुख्य कारणों में शामिल हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार पंजाब और हरियाणा में धान की कटाई के बाद हर साल लगभग 23 मिलियन टन पराली उत्पन्न होती है, जिसमें से लगभग 80 प्रतिशत को जलाया जाता है। पराली जलाने से उत्पन्न धुएं में कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें होती हैं। ये सभी ग्रीनहाउस गैसें हैं, जो वायुमंडल में गर्मी बढ़ाने में योगदान देती हैं और जलवायु परिवर्तन को तेज करती हैं। यह अनुमान है कि पराली जलाने से उत्पन्न कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा भारत में कुल वार्षिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग छह प्रतिशत है। इसके अलावा पराली जलाने से वायु में पर्टिकुलेट मैटर (पीएम 2.5 और पीएम 10) की मात्रा भी बढ़ जाती है, जो हवा की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण का स्तर कई बार सुरक्षित सीमा से 20 गुना अधिक हो जाता है, जिसका एक प्रमुख कारण पराली जलाना है।

पराली जलाने से उत्पन्न धुएं के कारण सांस संबंधी बीमारियां, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और अन्य श्वसन समस्याएं बढ़ जाती हैं। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से ही श्वसन रोगों से पीड़ित लोगों के लिए यह अत्यधिक खतरनाक साबित होता है। धुएं के कारण आंखों में जलन, गले में खराश और त्वचा की समस्याएं भी आम हैं। एक अध्ययन के अनुसार पराली जलाने के कारण उत्तरी भारत में औसतन जीवन प्रत्याशा में लगभग 1.5 वर्ष की कमी आई है। अतिरिक्त प्रदूषण से फसलों की गुणवत्ता और पैदावार पर भी असर पड़ता है, धुएं की मौजूदगी से सूर्य की रोशनी का प्रभाव भी कम हो जाता है, जिससे फसलों का प्रकाश संश्लेषण प्रभावित होता है और उत्पादन में 5-10 प्रतिशत की कमी आ सकती है।



पराली निपटान के लिए विभिन्न प्रकार की मशीनरी का उपयोग किया जा सकता है, जैसे कि सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस), हैप्पी सीडर और बेलर। हैप्पी सीडर, एक ऐसी मशीन है, जो बिना पराली को जलाए सीधे खेत में बुआई कर सकती है, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है। हालांकि इन मशीनों की उच्च लागत और किसानों के लिए सब्सिडी का अभाव इसे व्यापक रूप से अपनाने में एक बाधा है। पराली को जलाने की बजाय इसे जैविक खाद में परिवर्तित करने के लिए तकनीकों का उपयोग किया जा सकता है। जैसे कि 'डीकंपोजर' कीटाणुओं का उपयोग, जो पराली को तेजी से विघटित कर खेत की उर्वरता को बढ़ाते हैं। इसका एक उदाहरण भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित 'पीयूसा डीकंपोजर' है, जो पराली को 20-25 दिनों में जैविक खाद में बदल देता है। इसके अतिरिक्त, पराली को पशु चारे या बायोगैस उत्पादन के लिए भी उपयोग में लाया जा सकता है, जो न केवल पराली की समस्या को हल करेगा, बल्कि ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत भी प्रदान करेगा। सरकार को किसानों को पराली जलाने के नुकसान और इसके वैकल्पिक तरीकों के लाभ के बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता है। इसके लिए विशेष जागरूकता अभियानों आवश्यकता है। इसके अलावा, किसानों को वैकल्पिक तरीकों को अपनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जानी चाहिए।

पंजाब और हरियाणा सरकारें किसानों को पराली न जलाने के लिए नकद प्रोत्साहन देने की योजना भी बना रही हैं, ताकि पराली प्रबंधन के वैकल्पिक तरीकों को अपनाया जा सके। पराली जलाना एक गंभीर समस्या है, जो पर्यावरण, स्वास्थ्य और आर्थिक क्षेत्र में नकारात्मक प्रभाव डालता है। इसके समाधान के लिए सरकार, किसान और समाज के सभी वर्गों को एक साथ आना होगा और जिम्मेदारी से कार्य करना होगा। तकनीकी नवाचार, नीति निर्माण और जागरूकता अभियान जैसे उपायों के माध्यम से हम इस समस्या का प्रभावी समाधान कर सकते हैं। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो यह समस्या और भी गंभीर हो सकती है, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा।

## एक नजर

### डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा को नैक में ए प्लस ग्रेड



**अमृत विचार, लखनऊ:** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के मूल्यांकन में ए प्लस ग्रेड मिला है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय को उन्नति की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने की शुभकामनाएं दीं। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह सफलता न केवल डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि प्रदेश के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए प्रेरणादायक भी है। उन्होंने प्रदेश के शैक्षिक संस्थानों के जरिये राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त हो रही सफलता की सराहना की और इसे शैक्षिक उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# किसानों को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होगा उर्वरक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुगम आपूर्ति के लिए कृषि मंत्री ने किया रेल मंत्री से अनुरोध
- कम आपूर्ति वाले जिलों को मिलेगी प्राथमिकता



**अमृत विचार :** प्रदेश में किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध होगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को उर्वरक की सुगम आपूर्ति के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से अनुरोध किया। कृषि मंत्री ने कहा कि कम आपूर्ति वाले जिलों को उर्वरक उपलब्ध कराने में प्राथमिकता दी जाएगी। कृषि मंत्री शनिवार को विधानभवन में उर्वरकों की आपूर्ति के लिए आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने प्रदेश में रबी फसल की बुवाई को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस माह के लिए भारत सरकार की ओर से आवंटित फास्फेटिक उर्वरकों की शत-प्रतिशत आपूर्ति की जाय। बैठक में उर्वरक कंपनियों ने जानकारी दी कि पोर्ट से प्रदेश के लिए भेजी गई उर्वरक रैक को पहुंचने में अधिक समय लग रहा है, इससे आपूर्ति में देरी हो रही है। पारादीप पोर्ट पर पर्याप्त उर्वरक स्टॉक होने के बावजूद रेल रेक की अनुपलब्धता के कारण इस स्टॉक को प्रदेश के लिए समय पर भेजना चुनौतीपूर्ण हो रहा है। इस पर कृषि मंत्री ने रेल मंत्री से दूरभाष पर वार्ता कर आग्रह किया कि रबी फसल की बुवाई के मद्देनजर उर्वरक रैक की प्राथमिकता से उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र, प्रमुख सचिव सहकारिता एमपी अग्रवाल, कृषि सचिव अनुराग यादव, कृषि निदेशक जितेंद्र तोमर, संयुक्त निदेशक आशुतोष मिश्र व पीसीएफ के वरिष्ठ अधिकारी विनोद कुमार शामिल हुए।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए एक अरब छह करोड़ मंजूर

प्रदेश के किसानों को कृषि क्षेत्र में जोखिम से सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 में नेशनल क्रॉप इंश्योरेंस प्रोग्राम (प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना) के अन्तर्गत एक अरब छह करोड़ उन्नीस लाख की वित्तीय स्वीकृति दी गई है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि बीमा योजना का उद्देश्य कृषि में टिकाऊ उत्पादन को बढ़ावा देना है।

# बिजली चोरी के खिलाफ शुरू होगा सघन अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ऊर्जा मंत्री ने दिए अभियान शुरू करने के निर्देश

**अमृत विचार :** प्रदेश में बिजली चोरी के खिलाफ जल्द सघन अभियान शुरू होगा। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अभियान को शुरू करने व बकाएदारों से बिजली बिल वसूली के किए ठोस प्रयास करने के निर्देश दिये। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा शनिवार को शक्ति भवन में बिजली आपूर्ति व राजस्व वसूली की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में संगठित ढंग से बिजली चोरी हो रही है, वहां पर सबसे पहले प्रभावी कार्रवाई की जाए। ऐसे में किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक परेशान न किया जाए। जिन क्षेत्रों से बिजली चोरी की शिकायतें प्राप्त होती हैं, उसे चिन्हित कर चोरी रोकने के लिए प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि अभी भी बड़ी संख्या में ऐसे क्षेत्र हैं, जहां 60 प्रतिशत से ज्यादा लाइन हानियां हैं। इसको कम करने के लिए ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर बिजली चोरी रोकने के लिए सभी वितरण निगमों के प्रबंध निदेशक स्वयं प्रयास करें। विजिलेंस व विभागीय स्तर से भी प्रयास तेज किए जायं।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली अभियंता अपने क्षेत्र के जर्जर व झुके पोल, ढीली व जर्जर लाइनों और आवासीय मकान को छूकर जाने वाले बिजली के खुले तारों को दुरुस्त करें, ताकि लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति के साथ ही कोई दुर्घटना न होने पाये।

### उपभोक्ताओं से करें शालीनता का व्यवहार

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं की अनदेखी न करें। सभी कार्मिक उपभोक्ताओं से शालीनता से व्यवहार करें। उपभोक्ताओं को समय से सही बिल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।



शनिवार को शक्ति भवन में समीक्षा बैठक करते ऊर्जा मंत्री एके शर्मा।

### ज्यादा ट्रांसफार्मर फुंकेंगे तो होगी कार्रवाई : अध्यक्ष

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता को रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुरक्षण कार्यों के लिए सभी क्षेत्रों को पर्याप्त धनराशि दी गई है। ऐसी स्थिति में ट्रांसफार्मर की क्षतिग्रस्तता जहां बढ़ेगी, वहां कार्रवाई होगी। उन्होंने सभी वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में राजस्व वसूलने में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है, वहां जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

# त्योहार व परम्पराएं हमारी विरासत का हिस्सा : योगी

## मुख्यमंत्री ने आकांक्षा हॉट का किया उद्घाटन, कहा- महिलाओं की आर्थिक मजबूती बनेगा माध्यम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शनिवार को आकांक्षा हॉट 2024 का उद्घाटन करते हुए कहा कि कहा कि त्योहार और परंपराएं हमारी विरासत का हिस्सा हैं। हाट के माध्यम से जम्मू-कश्मीर सहित देश के विभिन्न राज्यों के उत्पाद भी प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इससे सांस्कृतिक और आर्थिक आदान-प्रदान का अवसर मिलेगा। यह महिलाओं की आर्थिक मजबूती माध्यम बनेगा।



शनिवार को राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आकांक्षा हाट की शुरुआत के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य।

योगी ने कहा कि आकांक्षा हाट जैसे आयोजनों से हमारी संस्कृति और परंपराएं जीवित रहती हैं और नई पीढ़ी को प्रेरित करती हैं। इससे राज्य की महिला उद्यमियों को न केवल नए कौशल और विचारों को सीखने का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें अपने व्यवसाय को व्यापक स्तर पर विस्तार देने में भी सहायता मिलेगी। कहा कि आकांक्षा समिति सभी 75 जिलों में सक्रिय है और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने आकांक्षा हाट को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के लिए भी महत्वपूर्ण मंच बताया। कहा कि पहले राज्य के बारे में धारणा थी कि यहां कुछ नहीं हो सकता है, लेकिन जब इंटरनेशनल ट्रेड शो ग्रेटर नोएडा में आयोजित हुआ, तब लोगों ने राज्य की बदलती तस्वीर देखी। इस वर्ष ट्रेड शो का दूसरा सत्र था, इसमें 5 लाख से अधिक लोग शामिल हुए। आकांक्षा हाट में कई महिला स्व-सहायता समूहों और उद्यमियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान, कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका गर्ग, आकांक्षा समिति अध्यक्ष डॉ. रश्मि सिंह समेत गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



हरी झंडी दिखाने के बाद बस में सफर करते मुख्यमंत्री योगी।

### डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में महिलाओं को देना होगा आधा किराया

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ में चलने वाली पहली डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाने के बाद महिला यात्रियों को बड़ी सौगात दी। इस बस में सफर करने वाली महिला यात्रियों को किराए में 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। साथ ही हर शनिवार को सुबह की ट्रिप में हेरिटेज मार्ग पर संचालित बस सेवाओं में महिलाओं को नि:शुल्क यात्रा की सुविधा होगी। मुख्यमंत्री योगी इन घोषणाओं से शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान सभागार तालियों की से गूंज उठा। योगी ने आकांक्षा हाट कार्यक्रम से पहले राज्य की पहली डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस सेवा का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ बस में सफर भी किया और बस की खूबियों के बारे में जाना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस की सेवा शुरू होने से यातायात की समस्या को दूर करने में मदद मिलेगी। साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। आने वाले समय में राज्य के दूसरे प्रमुख शहरों में भी इसी तरह की डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरुआत की जाएगी। योगी ने कहा कि यहां पर हिंदूजा ग्रुप इलेक्ट्रिक व्हीकल का प्लांट भी स्थापित कर रहा है, जिसका उत्पादन जल्द ही शुरू हो जाएगा।

# डॉ. संगीता गुप्ता बनीं निदेशक परिवार कल्याण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पदोन्नति के बाद स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में 7 निदेशकों की तैनाती

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के 7 अपर निदेशक ग्रेड के चिकित्साधिकारियों को निदेशक पद पर प्रोन्नति के बाद स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय लखनऊ में नई जिम्मेदारी दी है। राज्यपाल की स्वीकृति के बाद शनिवार को शासन ने आदेश जारी कर दिया। प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के जिन चिकित्साधिकारियों को पदोन्नति दी गई है उनमें डॉ रेखा रानी, डॉ सरोज कुमार, डॉ रंजना खरे, डॉ कल्पना चंदेल, डॉ संगीता गुप्ता, डॉ सुधा मिश्रा और डॉ सीमा श्रीवास्तव शामिल हैं।

आदेश के अनुसार स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय लखनऊ में अपर निदेशक प्रशिक्षण डॉ रेखा रानी को प्रोन्नति देकर निदेशक (नियोजन एवं बजट) बनाया गया है। डॉ सरोज कुमार को मुख्य परामर्शदाता बलरामपुर चिकित्सालय से प्रोन्नत करते हुए निदेशक (संक्रामक रोग) बनाया गया है। इसी तरह स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय लखनऊ में अपर निदेशक डॉ रंजना खरे को निदेशक (पैरामेडिकल) बनाया गया है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय लखनऊ में अपर निदेशक (सीएचसी) डॉ कल्पना चंदेल को निदेशक (सीएचसी) बनाया गया है। एसएन मेडिकल कालेज आगरा की प्रमुख अधीक्षक डॉ संगीता गुप्ता को निदेशक (परिवार कल्याण) बनाया गया है। कानपुर जिला चिकित्सालय की मुख्य परामर्शदाता डॉ सुधा मिश्रा को निदेशक (राष्ट्रीय कार्यक्रम) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला महिला चिकित्सालय कानपुर की प्रमुख अधीक्षक डॉ सीमा श्रीवास्तव को प्रोन्नति के बाद निदेशक (नर्सिंग) बनाया गया है। शासन ने सभी सातों नए निदेशकों को तत्काल कार्यभार ग्रहण करने का आदेश दिया है।



पार्टी मुख्यालय में 8 वर्ष के बालक खजांची का जन्म दिन मनाते सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

# सपा मुख्यालय में मनाया गया 8 वर्ष के खजांची का जन्म दिन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की ओर से शनिवार को प्रदेश मुख्यालय में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की उपस्थिति में आठ साल के बालक खजांची का 8वां जन्म दिन मनाया गया। नोटबंदी के समय कानपुर देहात के रसूलाबाद में बैंक की लाइन में नोट बदलने के दौरान इस बालक का जन्म हुआ था।

इस अवसर पर सपा प्रमुख ने खजांची को लड्डू खिलाकर जन्म दिन की बधाई दी। साथ ही, साइकिल भी भेंट की। खजांची ने कविता सुनाई। बड़ी संख्या में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी खजांची को जन्म दिन की बधाई दी और उपहार भेंट किये। सभी ने खजांची के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सपा प्रमुख ने कहा कि खजांची जितना बड़ा हो रहा है नोटबंदी की नाकामी उतनी ज्यादा दिखाई दे रही है। नोटबंदी दुनिया के इतिहास में सबसे बड़े आर्थिक भ्रष्टाचार के रूप में उभर कर आई है। नोटबंदी भाजपा के भ्रष्टाचार का महासागर साबित हुई है। नोटबंदी के समय भाजपा की केन्द्र सरकार ने जितने लक्ष्य बताये थे, अभी तक एक भी पूरा नहीं हुआ। नोटबंदी केवल दिखावटी बनकर रह गई है। इसका असर 'स्लो प्वाइजन' जैसा था।

### ताकि याद आए भाजपा को गलत फैसले की

सपा प्रमुख ने कहा कि खजांची का जन्म दिन हम लोगों से ज्यादा भाजपा को मनाना चाहिए। हम लोग खजांची का जन्म दिन इसलिए मनाते है कि जिससे भाजपा को याद आये कि उनके गलत फैसले की वजह से देश की जनता को तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा और खजांची का जन्म बैंक में हुआ। उन्होंने कहा कि कम से कम उस बैंक को खजांची की पढ़ाई-लिखाई का ध्यान रखना चाहिए था जिसमें वह पैदा हुआ था। अगर बैंक ख्याल नहीं रख पा रही है तो भाजपा को किसी न किसी योजना में शामिल कर बच्चे के भविष्य की चिंता करनी चाहिए।

### मायावती आज झारखंड में संबोधित करेंगी चुनावी सभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती 10 नवंबर को झारखंड में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। पार्टी के प्रदेश कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार बसपा प्रमुख झारखंड में हो रहे विधानसभा चुनाव को लेकर जिला पलामू में आयोजित सभा में शामिल होंगी और पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में मतदाताओं से अपील करेंगी। पार्टी के नेशनल कोआर्डीनेटर आकाश आनंद भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### पीसीएस परीक्षा दो दिन कराने का निर्णय लिया जाए वापस : अजय राय

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पीसीएस और समीक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा दो दिन कराने का निर्णय वापस लिया जाय। उन्होंने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के निर्णय के खिलाफ प्रतियोगी छात्रों के आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि आयोग पेपरलीक होने से नहीं रोक पा रहा था, अब अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए मानकीकरण का सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लाखों प्रतियोगी छात्र भाजपा सरकार में प्रतियोगी परीक्षाओं में फैले भ्रष्टाचार से अपने भविष्य को लेकर सशंकित हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में कापियों में हेरफेर का मामला सामने आया था जिसमें न्यायालय के दखल के बाद छात्रों को न्याय मिला था। मालूम हो कि छात्र परीक्षा को एक ही दिन आयोजित किये जाने व मानकीकरण की प्रक्रिया को रद किए जाने की मांग कर रहे हैं।

# सामाजिक सौहार्द खत्म कर बारूदी सुरंग बिछा रही भाजपा : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा, इनकाउंटर करने वाली सरकार का 'काउंटडाउन' शुरू

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सामाजिक सौहार्द खत्म कर बारूदी सुरंग बिछा रही है। उन्होंने कहा कि इनकाउंटर करने वाली भाजपा सरकार का 'काउंटडाउन' शुरू हो गया है, इसीलिए वे घबराये हुए हैं। उनकी भाषा बदल गई है। सपा प्रमुख शनिवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा नेता इतने घबराये हैं कि अधिकारियों को अपना पदाधिकारी समझ रहे हैं लेकिन अधिकारी और सरकार के लोगों को शायद यह नहीं पता है कि जनता अब उनके साथ नहीं है। जनता भाजपा के खिलाफ है। जब जनता खिलाफ है तो अधिकारी क्या करेंगे। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की भाषा कैसी हो गई है और वे क्या-क्या बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह बारूद बिछाना छोड़ दें। सपा प्रमुख ने कहा कि अब भाजपा सरकार उतने दिन नहीं रहेगी, जितना रह चुकी हैं। इसी वजह से उनकी भाषा बदल गई है।

उनका सोचने और समझने का तरीका बदल गया है। सच्चाई यह है कि मन की कुटिलता ही वचन की कटुता बनती है। जिन्होंने खुद के ऊपर से सच्चे मुकदमे हटवाए हैं और दूसरे के ऊपर झूठे मुकदमे लगवाएं हैं वे जितना कम बोलेंगे उतना उनकी सच्चाई छिपी रहेगी।

### कोई व्यक्ति वस्त्र से नहीं वचन से होता है योगी

सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार में साधु-संतों से पक्षपात किया जा रहा है। साधु-संतो के बीच झगड़े करवाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा रही है कि जो जितना बड़ा संत होता है उतना कम बोलता है और जब बोलता है तो जनकल्याण के लिए बोलता है। यहां तो सब उल्टा है। इनकी योग्यता की परीक्षा करवानी पड़ेगी, क्योंकि जिस तरह की भाषा प्रयोग कर रहे हैं उससे लगता है कि कहीं न कहीं उनकी योग्यता के बारे में हम लोगों को जानना चाहिए। व्यक्ति वस्त्र से नहीं वचन से योगी होता है।

## वर्ग पहेली-247

**बाएं से दाएं**

1. 1. व्यभिचारिणी स्त्री 2. बिना विवाह किए रखी हुई स्त्री, रखैल, उपपत्नी।

4. 1. सूत्र 2. नियम; नुस्खा 3. विधि, सिद्धांत 4. किसी काम को करने का तरीका, गुर, तरकीब, जैसे- फ़िल्म हिट करने का फ़ॉरमूला 5. सांकेतिक भाषा में तथ्यों का विवरण 6. औषधि या दवाई के घटक तथा उसे बनाने की विधि 7. मतभेद सुलझाने या समझौता कराने का उपाय।

5. 1. वह कर्मचारी जिसपर किसी कार्य का दारोमदार या पूरा दायित्व हो 2. स्तंभ 3. राज्य का प्रमुख

6. नट, कलाबाज़ी दिखाने वाला व्यक्ति।


**ऊपर से नीचे**

1. धरती पर गिरा हुआ, भूमिसात।

2. 1. नागरमोथा घास की एक जाति 2. एक तृण जिससे चटाई बनाई जाती है 3. गोनरा या गोनी नामक घास।

3. 1. जिसमें ज़ोर या शक्ति हो, ज़ोरवाला, बलशाली 2. तेज़, प्रबल, तीव्र 3. ज़बरदस्त, उत्साहवर्धक 4. आग्रहयुक्त, जैसे- ज़ोरदार अनुशंसा।

5. सामूहिक रूप से नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद से होने वाली पुकार या बुलावा।




### वर्ग पहेली -246 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 के | | 2 धू |
| | 3 र | | फ़े | | पि |
| | स | | 4 टि | कि | या |
| | धा | | रि | | |
| 5 क | र | छि | या | | 6 दि |
| रे | | | | | खा |
| 7 ल | घु | चे | ता | | ना |

## सुडोकू -160

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | 4 | | |
| | 8 | | | | | | 1 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 7 | | | | | 5 | | | |
| | | 4 | | | | | 8 | |
| | 9 | | | | 2 | | | |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | | | | | | |
| | | 2 | | | | | | |

### सुडोकू - 159 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 8 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 4 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 4 | 5 | 3 | 2 | 9 | 7 | 6 |
| 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 6 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 9 | 6 | 2 | 1 | 7 | 8 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 4 | 1 | 6 | 9 | 5 | 7 | 2 | 8 |
| 8 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 नवंबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 21.01 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-हेमंत।

चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।

ताराबल- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र- धनिष्ठा 22.59 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** - आज महिलाओं को करियर में महत्वपूर्ण उपलब्धि मिल सकती है। समाज में आपकी छवि बेहतरीन होगी। परिजनों की चिंता हो सकती है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आप दूसरों की सहायता करने को लेकर तत्पर रहेंगे।

**वृष** - आज बड़े भाई-बहनों से अपने मन की बातें साझा कर सकते हैं। नया वाहन खरीद सकते हैं। आप आत्ममंथन में काफी समय व्यतीत करेंगे। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को शुभ परिणाम प्राप्त होंगे।

**मिथुन** - आज कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा सम्मान मिल सकता है। कटु वाणी का प्रयोग न करें अन्यथा लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। व्यवसाय में बदलाव करना चाहते हैं तो समय उत्तम है। अधीनस्थ कर्मचारियों से अपने संबंध मधुर रखें।

**कर्क** - आज आपको अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। घर के किसी बुजुर्ग की सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। जमीन और संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों को सुरक्षित रखें। किसी पर भी सजह भरोसा न करें।

**सिंह** - आज सभी आवश्यक कार्य आसानी से पूर्ण हो जाएंगे। निर्माण कार्यों में प्रगति होगी। जीवनसाथी से कई गंभीर मुद्दों पर चर्चा करेंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। जोड़ों में दर्द की शिकायत होने की संभावना है।

**कन्या** - आज आपके ऊपर अचानक काम का दबाव बढ़ सकता है। योग और ध्यान का सहारा लेना उचित होगा। अनुभवी व्यक्तियों की सलाह को हमेशा ध्यान में रखें। बच्चों के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। सहयोगियों के सम्मान का हमेशा ध्यान रखें।

**तुला** - आज आयात-निर्यात से जुड़े लोगों को बड़ा धन लाभ होगा। कारोबारी उद्देश्य से यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आप अपनी सेहत को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। अपनी मेहनत और ऊर्जा का सही दिशा में प्रयोग अवश्य करें।

**वृश्चिक** - आज आपके ऊपर सभी कार्य निर्धारित समय पूरे करने का दबाव रहेगा। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थी अपनी शिक्षा को लेकर आशंकित रहेंगे। बड़े अधिकारियों के साथ आपके संबंध खराब न हो इसका ध्यान रखें। ज्यादा गरम और मिर्च-मसाले युक्त भोजन का सेवन न करें।

**धनु** - आज नौकरीपेशा लोग कहीं पर्यटन के लिए छुट्टी ले सकते हैं। घर की साज-सज्जा में बदलाव कर सकते हैं। व्यवसाय में रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। वर्तमान समय उपलब्धियों से भरपूर रहने वाला है। काम को कल पर मत टालिए।

**मकर** - आज घर में मनोरंजन और उत्साह का माहौल रहेगा। बच्चे दोस्तों के साथ गेम्स में अच्छा समय बिताएंगे। आपको क्रोध पर नियंत्रण रखना चाहिए। आत्मविश्वास में वृद्धि होने से आपको लाभ मिलेगा। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**कुंभ** - आज पुरानी मेहनत का उत्तम परिणाम आपको मिलेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को पदोन्नति मिल सकती है। अपनी कार्यशैली में बदलाव लाने का प्रयास कर सकते हैं। सामाजिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित होंगे।

**मीन** - आज प्रेम संबंधों में तालमेल शानदार रहने वाला है। व्यवसायियों को अपने ग्राहकों के प्रति अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। पारिवारिक जीवन में तनाव रहेगा। आपको चापलूस लोगों से बचना चाहिए। एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- आतिश — दोपहर : 12.00
- चालबाज — शाम : 06.21

**&pictures**
- वेलकम बैक — सुबह : 11.00
- खिलाड़ी 786 — रात : 07.30

**Sony Pix**
- वेनम — दोपहर : 12.21
- होस्ट राइडर — रात : 07.50

**Zee Cinema**
- आजाद देश के गुलाम — दोपहर : 12.50
- हम आपके है कौन — रात : 07.25

**Zee Action**
- मक्खी — सुबह : 11.21
- जंग — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बॉयफ्रेंड- आई लव यू
गर्लफ्रेंड- आई लव यू टू
बॉयफ्रेंड- कितना प्यार करती हो तुम मुझसे?
गर्लफ्रेंड- जितना तुम मुझसे करते हो
बॉयफ्रेंड- धत्त तेरे की
इसका मतलब तू भी टाइम पास ही कर रही है।

पहला दोस्त- क्या कर रहे हो भाई?
दूसरा दोस्त- खा रहा हूं भाई
पहला दोस्त- अकेले-अकेले?
दूसरा दोस्त- अबे बीवी से ताने खा रहा हूं, आजा तू भी खा ले।

## एक नजर

### 155 लोगों की आंखों का हुआ परीक्षण

**पौथिया (हमीरपुर)।** नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 155 लोगों ने परीक्षण कराया। शनिवार को पौथिया स्थित साई हेल्थ केयर सेंटर में सदगुरू नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड चित्रकूट व साइट सेवर इंडिया के डा.आशीष गुप्ता द्वारा 155 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें 30 मरीज मोतियाबिंद के मिलने पर ऑपरेशन के लिए चित्रकूट ले गए। वहीं शेष मरीजों को दवा व चश्मा देकर भेजा गया। इस मौके पर आनंद अशोक सचान प्रांतीय संगठन मंत्री पूर्व प्रधान, नीरज सचान पूर्व प्रधान, सौरभ सचान सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

### दंपति के साथ की मारपीट

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के चकोठी गांव में खेत के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पीड़ित पक्ष ने एक आरोपी खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया है। चकोठी गांव निवासी राजा भैया पुत्र स्वामीदीन ने थाने में दी तहरीर बताया कि शुक्रवार की शाम खेत को लेकर ईश्वरी प्रसाद पुत्र छोटेलाल अकारण गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करने लगा। बीच बचाव को आई उसकी पत्नी रमाबाई के साथ भी मारपीट की। जिससे दोनों को काफी चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी खिलाफ मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पाइप लाइन के गड्ढे में गिरकर युवक की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** तहसील के थाना सिसोलर के गांव बैजेमऊ अपने मामा के यहां जा रहे बाइक युवक नमामि गंगे के पाइप लाइन के गढ्ढों में बाइक सहित असंतुलित होकर गिरने से मौत हो गई। युवक थाना ललपुरा के गांव मोराकांदर निवासी था। सिसोलर थानाध्यक्ष कल्पना सिंह ने बताया कि मोराकांदर गांव निवासी रोहित 20 पुत्र सुरेश अपने मामा के यहां बैजेमऊ गांव जा रहा था। तभी रास्ते में नमामि गंगे की पाइप लाइन की गड्ढों में असंतुलित होकर बाइक सहित सहित गिर गया। पानी होने की वजह से वह वहां से निकल नहीं सका। राहगीरों की मदद से उसे निकाला और पुलिस को सूचना दी। रात ही उसे कस्बा स्थित सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### गजक पट्टी का हुआ वितरण

**बिवांर (हमीरपुर)।** बच्चों को सप्ताह में मिड डे मील में एक दिन पौष्टिक न्यूट्रिएंट्स देने के लिए बच्चों को गजक पट्टी वितरित की गई है। मुस्करा विकासखंड के उमरी में स्थित शाश्वत शांति इंटर कॉलेज में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को मिड डे मील दिया जाता है जिसमें करीब चार सैकड़ा से अधिक बच्चों को आहार दिया जाता है। शासन से आदेश पर सप्ताह में एक दिन आहार के साथ पौष्टिक न्यूट्रिएंट्स देने के आदेश पर शनिवार को बच्चों को कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार पालीवाल ने मूंगफली व गुड़ से बनी गजक पट्टी वितरित की। बच्चे गजक पाकर बहुत खुश हुए हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि बच्चों को पौष्टिक न्यूट्रिएंट्स देने से उनकी संख्या व उनके मनोवृत्ति में सुधार होगा।

### युवक को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** मवई गांव निवासी गुज्जू पुत्र मंगना ने बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा हुआ था। उसी दौरान गांव का रामसेवक पुत्र रामसहाय उसके पास आया और मामूली विवाद के चलते हुए गालियां देने लगा। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो आरोपी रामसेवक ने उसके साथ जमकर मारपीट कर दी।

# खेलते समय डीजे का ढांचा गिरने से दबी बच्ची की मौत

## मेरापुर मोहल्ले की घटना, डीजे संचालक के खिलाफ तहरीर

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



सुरभि।



पोस्टमार्टम हाउस में बैठे गमगीन परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के मेरापुर मोहल्ले में शुक्रवार रात पड़ोसी के घर बर्थडे पार्टी को लेकर लगाया गया डीजे नाबालिग बच्ची की मौत का सबब बन गया। कार्यक्रम निपटने के बाद दरवाजे पर खड़ा डीजे का स्ट्रक्चर पार्ट दीवार के सहारे रखा था। जो खेलते समय बच्ची के ऊपर गिर गया। सिर में गंभीर चोट आने से घायल बच्ची की इलाज के दौरान देर शाम जिला अस्पताल में मौत हो गई। मृतका की मां ने डीजे संचालक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है।

शहर के मेरापुर मोहल्ला निवासी स्वामी प्रसाद निषाद के पड़ोसी योगेश कुमार के पास डीजे है। शुक्रवार को उसके बच्चे का जन्मदिन था। इसके चलते योगेश ने दरवाजे पर करीब तीन बजे डीजे लगाया। कार्यक्रम खत्म होने के बाद डीजे का फ्रेम बाहर ही लगा रहा। वहां पड़ोसियों के बच्चे डीजे फ्रेम के आसपास ही खेलने लगे। तभी अचानक पड़ोसी स्वामी प्रसाद की तीन वर्षीय पुत्री सुरभि के सिर के ऊपर डीजे फ्रेम गिर गया। जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। इस पर डीजे संचालक योगेश व परिजन बच्ची को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक होने पर कानपुर रेफर कर दिया। सुरभि की दादी कुसमा ने बताया कि बच्ची को कानपुर ले जाने के लिए स्वामी प्रसाद पैसों का बंदोबस्त करने निकल गया। इसमें देरी हो गई और देर शाम बच्ची ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतका तीन बहने थी, जिसमें यह सबसे छोटी थी। वहीं जिला अस्पताल के मेमो की सूचना पर कोतवाली नगर पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## रोडवेज के चालक परिचालक पर लैपटॉप हड़पने का आरोप

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के एक लैपटॉप मरम्मत केंद्र के संचालक ने महोबा डिपो के चालक व परिचालक पर तीन लैपटॉप एवं एनवीआर कानपुर से लाते समय हड़प लेने का आरोप लगाया है।

मौदहा कोतवाली क्षेत्र के सिचौली पुरवा निवासी राजेश कुमार ने बताया कि वह सुमेरपुर कस्बे में लैपटॉप रिपेयरिंग की दुकान चलाता है। गत माह पांच अक्टूबर को उसने तीन लैपटॉप रिपेयरिंग के लिए कानपुर के सोमदत्त प्लाजा भेजे थे। रिपेयरिंग के बाद आठ अक्टूबर को उसके मौसेरे भाई महेश ने तीनों लैपटॉप एवं एनवीआर पैक कराकर महोबा डिपो की बस संख्या यूपी 78 जेटी 7256 के चालक एवं परिचालक को सौंपकर 200 रुपये शुल्क अदा करके सुमेरपुर देने की बात कही थी। सुमेरपुर बस आने पर उसे लैपटॉप नहीं मिले। बाद में 9 अक्टूबर को देने की बात कहकर बस लेकर महोबा चले गए। लेकिन जब 9 अक्टूबर को भी चालक व परिचालक ने लैपटॉप नहीं दिए तो वह एआरएम महोबा से जाकर मिला। तब उसे चार दिन के बाद वापस देने की बात कही गई।



जरिया थाने में शिकायतें सुनते अधिकारी। अमृत विचार

## 5 शिकायतें आईं, 1 का मौके पर हुआ निस्तारण

**सरीला (हमीरपुर)।** थाना जरिया में थाना समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विजय शंकर तिवारी व अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। थानाध्यक्ष जरिया भरत कुमार ने बताया कि राजस्व विभाग से संबंधित 5 शिकायतें आई थी। जिसमें मात्र एक शिकायत का मौके पर निस्तारण हो सका।

अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को सुना व शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। जमीनी विवादों को पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शीघ्र निस्तारण करने के लिए निर्देश दिये। इस मौके पर नायब तहसीलदार राममोहन कुशवाहा मौजूद रहे। उधर थाना जलालपुर में उपजिलाधिकारी विपिन कुमार शिवहरे व क्षेत्राधिकारी घनश्याम सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। थानाध्यक्ष जलालपुर ब्रजमोहन ने बताया कि छह शिकायतें आई थीं। जिसमें दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया है। इस मौके पर थानाध्यक्ष, लेखपाल व कानूनगो एवं अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहें।

## खाद विक्रेताओं ने डीलरों पर लगाया अधिक रेट लेने का आरोप

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे में विभिन्न स्थानों पर स्थित उर्वरक विक्रेताओं ने विधायक और एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उन सभी उर्वरक विक्रेताओं को 1580 रुपये में डीएपी की बोरी तथा 1400 रुपये में एनपीकेएस की बोरी के अलावा 320 रुपये में यूरिया खाद की बोरी थोक डीलरों के द्वारा उन्हें उपलब्ध कराई जा रही है।

जबकि अभी बुआई पर्याप्त मात्रा में हो रही है। बताया कि थोक डीलरों के द्वारा अन्य उत्पाद सल्फर नैनो, डीएपी नैनो तथा यूरिया में भी निर्धारित रेट से अधिक मूल्य पर जबरन उन्हें दिया जा रहा है। जिससे गांव देहात के किसानों पर अतिरिक्त मूल्य का भार पड़ रहा है। बताया कि वह लोग कई बार इसकी शिकायत भी उच्च अधिकारियों से कर चुके हैं। इस दौरान बृजनंदन यति एग्री जंक्शन वन स्टॉप, शारदा कृषि रक्षा केंद्र, अन्नदाता कृषि केंद्र, सचान बीज भंडार, किसान बीज भंडार, कल्लू एग्री जंक्शन, हरिश्चंद्र, सत्यपाल सिंह, राम सिंह राजपूत, साहू बीज भंडार, भगवती व आंसू बीज भंडार के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।

## गौशालाओं की निगरानी के लिए लगाएं सीसीटीवी

- गौशालाओं में इसी माह बनेंगे चौकीदार कक्ष

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** ब्लॉक सभागार में ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव सहित तकनीकी सहायकों रोजगार सेवकों पंचायत सहायकों की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। बीडीओ ने पंचायत में संचालित सभी अस्थाई गोशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के साथ चौकीदार कक्ष प्रत्येक दशा में इसी माह में तैयार करने के सख्त निर्देश दिए है।

बैठक को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार सिंह ने कहा कि शासन की स्पष्ट निर्देश है कि पंचायत में संचालित स्थाई गौशालाओं में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाएं जाएं। उन्होंने प्रत्येक गोशाला में चौकीदार कक्ष अनिवार्य रूप से बनवाया जाय। कहा कि जहां पर यह कक्ष अभी तक नहीं बन सके हैं। वहां इसी महीने निर्माण आवश्यक हो जाना चाहिए। साथ ही गौशाला में साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। बीडीओ ने कहा कि वह पंचायत का दौरा करके गौशालाओं की व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। बैठक में सभी पंचायत के ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक आदि मौजूद रहे।

## सरकार शिक्षा के साथ कर रही खिलवाड़



एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन देते आप कार्यकर्ता व पदाधिकारी। अमृत विचार

- आप कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा

**मौदहा(हमीरपुर)।** आम आदमी पार्टी ने सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने वाली योगी सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कार्यालय में दिया।

जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 27,000 सरकारी स्कूलों को बंद करने का आदेश न केवल सरकार की नीतियों को संदिग्ध बनाता है बल्कि यह सीधे तौर पर गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। कहा कि प्रदेश सरकार जानबूझकर सरकारी विद्यालयों के पास निजी विद्यालयों को मान्यता देने और उन्हें खोलने की नीति अपनाई जा रही है। ताकि सरकारी विद्यालयों में छात्र की संख्या कम हो सके। आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि हर जनपद के हर ब्लॉक में ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर कार्यवाही की जाए, जो सरकारी विद्यालयों के पास स्थित हैं और अवैध रूप से खोले गए हैं। मामले को संज्ञान लेकर सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों पर तुरंत रोक लगाई जाए और सरकारी विद्यालयों को बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस मौके पर गुलाम मोहम्मद, मोहम्मद साबिर, शहाबुद्दीन आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप



चादर निकालते अकीदतमंद। अमृत विचार

### उर्स पर अकीदतमंदों ने निकाली चादर

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के कपसा मार्ग के निकट हजरत हामिद शहीद बाबा के वार्षिक उर्स पर शनिवार को धूमधाम से उनकी चादर निकाली गई। हुसैनगंज मोहल्ला के बिट्टू बादशाह सहित युवकों तथा मोहल्ले के लोगों ने मिलकर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हामिद शहीद बाबा की चादर हजरत शेख चांद बाबा के स्थान से निकाल गाजे बाजे और घोड़ों के काफिले के साथ चादर निकाली। यह चादर विभिन्न मार्गों से होते हुए कपसा मार्ग स्थित उनके आस्ताने हजरत हामिद शहीद बाबा पहुंची।

### शिक्षिका को कस्बे के स्कूल में किया संबद्ध

**हमीरपुर।** मौदहा खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल ने बताया कि ग्राम सिजनौडा के निवासियों के द्वारा तहसील के सामने की रोड को जाम करते हुए प्रा.वि.सिजनौडा की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका नेहा गुप्ता को विद्यालय से हटाये जाने एवं पुलिस मुकदमा वापस लेने, शिक्षा विभाग मुर्दाबाद के नारे लगाये गए थे। जिस पर मेन रोड का यातायात प्रभावित रहा। उक्त के संबंध में उपजिलाधिकारी राजेश चंद्रा द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व उनसे वार्ता की गई। जिसके उपरांत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा दिये गए निर्देश के क्रम में प्रा.वि. सिजनौडा के बच्चों की शिक्षा व्यवस्था, ग्राम वासियों के विरोध, विद्यालय में उत्पन्न विवाद को देखते हुए प्रधानाध्यापिका नेहा गुप्ता को अस्थाई रूप से अग्रिम आदेशों तक नगर क्षेत्र मौदहा के शिक्षक विहीन विद्यालय प्रा.वि. पूर्वी तरौस में विद्यालय संचालन के लिए संबद्ध किया गया है।

### पंचायत सचिवालय के मीटिंग हाल की छत में दरार

**हमीरपुर।** डीपीआरओ जितेंद्र कुमार मिश्र ने सुमेरपुर विकास खंड की दो ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया। जिसमें पचखुरा बुजुर्ग में ग्राम पंचायत सचिवालय में निर्मित मीटिंग हाल की छत में दरार मिली। डीपीआरओ ने इसकी मरम्मत कराने के निर्देश दिये। साथ ही ग्राम सभा की बैठकों एवं मुनादी आदि के माध्यम से पंचायत सचिवालय में दी जाने वाली सीएससी की जानकारी जनसामान्य को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश सचिव को दिए। ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023-24 में ओडीएफ प्लस किया गया था, लेकिन यहां बनवाया गया आरआरसी सेंटर भवन संचालित नहीं मिला। जिसे संबंधित सचिव द्वारा तीन दिन के अंदर कराए जाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग में निरीक्षण में पंचायत भवन में जनपद स्तरीय अधिकारियों के नाम नहीं लिखे जाने पर पंचायत सहायक को निर्देशित किया। पंचायत सहायक ने बताया कि माह अक्टूबर 2024 तक कुल 101 सीएससी सेवाओं का आवेदन किया गया है। इसमें प्रति सेवा संबंधी फीस 30 रुपये ली गई है। इस पर डीपीआरओ ने पंचायत सचिव को निर्देश दिए कि ओएसआर के खाते में फीस जमा कराकर बैंक स्टेटमेंट एवं कैश बुक की छाया प्रति तत्काल कार्यालय में प्रेषित करें।

### घरेलू कलह के चलते युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के मराठीपुरा मोहल्ला में घरेलू कलह से परेशान होकर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों ने फांसी पर झूलते हुए देखा तो कोहराम मच गया। बताते चलें कि महोबा जनपद के पुरा गांव निवासी हाल मुकाम मराठीपुरा मोहल्ला बालाजी मंदिर के पास बृज गोपाल सिंह निवास करते है। उनके छोटे पुत्र राजन सिंह (42) ने शुक्रवार की रात घर के अंदर कमरे में लगें पंखे के हुक में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब पर परिजनों ने कमरे पर उसका शव लटकता हुआ देखा तो कोहराम मच गया। भाई संजय ने बताया कि उसका किसी से कोई विवाद नही था। बताया जा रहा है कि गृह कलह के चलते उक्त युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मृतक शादीशुदा था, जो पत्नी सहित एक लड़का और एक लड़की व वृद्ध माता पिता को रोता विलखता छोड़ गया है।




कार्यक्रम को संबोधित करतीं अपर जिला जज गीतांजलि गर्ग। अमृत विचार

### विधिक जानकारियां देकर छात्राओं को किया जागरूक

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे के श्री गायत्री बालिका इंटर कॉलेज में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को विभिन्न जानकारियां दी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान मे विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन कस्बे के श्री गायत्री विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती गीतांजलि गर्ग अपर जिला जज/सचिव, चीफ लीगल एड .डिफेंस काउंसिल आनंद सक्सेना, डिप्टी चीफ लीगल एड .डिफेंस काउंसिल सिस्टम हरनाम सिंह, असिस्टेन्ट फिरोज आलम ने विधिक सेवा के महत्व एवं कार्य प्रणाली की जानकारी दी। जिसे छात्राओं में ध्यान पूर्वक सुनकर उत्साह दिखाया। इसके बाद छात्राओं ने विधिक जानकारियों की स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक पुनीत कुमार पॉलीवाल, प्रधानाचार्य दीपिका, प्रवक्ता सपना गुप्ता सहित अन्य शिक्षक एवं छात्राएं मौजूद रही।

## बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन का स्वागत करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश इलाहाबाद के सदस्य / पूर्व चेयरमैन पीआर मौर्या के जनपद आगमन पर अधिवक्ता संघ ने उनका फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। इस दौरान अधिवक्ताओं की समस्याओं के विषय में भी उन्हें अवगत कराया गया।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवान दास दीक्षित व महामंत्री शैलेन्द्र सचान ने बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन को अधिवक्ताओं से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें पूर्व चेयरमैन ने समस्याओं को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश इलाहाबाद को लिखित में भिजवाने का आवाहन किया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा अधिवक्ताओं के लिए कैंटीन, लाइब्रेरी, चेम्बर, आदि के लिए जिलों में बजट भिजवाया जा रहा है। अध्यक्ष से कहा कि इस सम्बन्ध में जनपद न्यायाधीश से वार्ता कर संघ को अविलंब बताने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश कुमार धुरिया, पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार अवस्थी, पूर्व संयुक्त सचिव (प्रशासन) नरेन्द्र कुमार साहू, शशिकान्त द्विवेदी, प्रशान्त सिंह चन्देल, समर देवर, अंकुर निगम, सन्दीप चंदेल, अश्विनी प्रजापति, अमित कबीर, अरुण कुमार श्रीवास, अभिषेक कुमार त्रिपाठी, अजय कुमार पाण्डेय, नीरज कुमार शर्मा, राजबहादुर वर्मा, प्रदीप कुमार सविता आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## चालक-खलासी को पीटकर छीने 10 हजार

- न्याय के लिए पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के बांकी गांव निवासी ट्रक चालक व खलासी को इंगोहटा आश्रम के पास तीन बाइक सवारों ने मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। साथ ही दस हजार रुपये छीन ले गए। पुलिस द्वारा मुकदमा न दर्ज किए जाने पर पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

बांकी गांव निवासी ट्रक चालक अमन कुमार व खलासी सोमनाथ ने थानाध्यक्ष को दी गई तहरीर में बताया कि वह सुमेरपुर में बालू खाली करने के बाद दोबारा इंगोहटा होकर भेड़ी खदान जा रहे थे। तभी इंगोहटा निवासी बाइक सवार छुट्टन, बड्डन व एक अज्ञात ने बाइक को आगे लगाकर ट्रक को खड़ा करवा लिया और उन्हें केबिन से उतार कर प्लास व लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा। आरोप लगाया कि इसी बीच जेब में पड़े दस हजार रुपये भी छीन ले गए। पीड़ितों ने घटना की तहरीर थानाध्यक्ष को दी थी। लेकिन वह सिर्फ मारपीट का मुकदमा दर्ज करने को तैयार थे। जिस पर ट्रक मालिक ने दोनों को मुख्यालय बुलाकर पुलिस अधीक्षक को घटना से अवगत कराकर न्याय की गुहार लगाई है। एसपी ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि मारपीट की घटना हुई है। रुपये छिनने की घटना झूठी है।



दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र। अमृत विचार

## मिनी बाल क्रीड़ा सिसोलर न्याय पंचायत बनी चैंपियन

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ब्लाक स्तरीय बेसिक शिक्षा की मिनी बाल क्रीड़ा में न्याय पंचायत स्तर पर सिसोलर न्याय पंचायत को चैंपियन घोषित किया गया है।

सबसे पहले प्राथमिक बालक वर्ग की 50 मीटर की दौड़ में माचा के जीशान प्रथम व इसी गांव के प्राथमिक विद्यालय के आयुष द्वितीय रहे। 100 मीटर की दौड़ में जीशान गुशियारी प्रथम तो सिसोलर के बाबू दूसरे स्थान पर रहे। बालक वर्ग की कबड्डी में सिलौली विजेता रहा। उप विजेता आनंदपुर तथा लंबी कूद में सिसोलर का सोनू प्रथम रहा तथा आनंद राज बड़ा लेवा दूसरे स्थान पर रहा। खो खो में छिरका प्रथम तथा गढा दूसरे स्थान पर रहा। वहीं बालिका वर्ग की 50 मी दौड़ में रागनी प्रथम रही। दूसरे स्थान पर गढ़ा की खुशबू रही। जबकि 100 मीटर दौड़ में खुशबू पहले स्थान पर रही। वहीं गढा की रागनी द्वितीय स्थान पर रही।

**कार्रवाई** ओवरलोडिंग के विरुद्ध चलाया चेकिंग अभियान, 6 ट्रक पकड़े, 1 को सीज करने के निर्देश

## एसडीएम ने किया 2 मौरंग खंडों का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर




ओवरलोड ट्रकों को चेक करते एसडीएम अभिमन्यु कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना के निर्देशानुसार ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार को उपजिलाधिकारी राठ अभिमन्यु कुमार ने टोला रावत के पास ओवरलोड छह ट्रक को पकड़ा। जिसमें एक ट्रक का चालक रवन्ना नहीं दिखा सका। खनन अधिकारी को निर्देशित करके इसे सीज करने को कहा। वहीं परिवहन विभाग को भी मौके पर बुला कर जुर्माना लगाने को कहा।

ट्रकों में मौरम ओवरलोड मात्रा में ढोने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को राठ उप जिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार ने टोला रावत गांव के पास ऐसे छह ट्रक पकड़ लिए। सभी में मौरम ओवरलोड मात्रा में भरा हुआ था। उप जिलाधिकारी ने सभी ट्रकों के प्रपत्र चेक किए जिसमें एक ट्रक चालक रवन्ना नहीं दिखा पाया। एसडीएम ने खनिज व परिवहन विभाग को मौके पर बुलाकर ओवरलोडिंग में जुर्माना तय किया। करीब आठ लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा रहा है। उप जिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार ने बताया कि दोनों विभागों का जुर्माना देने के बाद वाहन अवमुक्त हो सकेंगे। एसडीएम की इस कार्यवाही से ओवरलोड ट्रक परिवहन करने वालों में हडकंप मच गया। वहीं अपर जिलाधिकारी (वि/रा)/ प्रभारी अधिकारी (खनिज) विजय शंकर तिवारी, उपजिलाधिकारी राठ अभिमन्यु व खान अधिकारी वशिष्ठ यादव ने राजस्व टीम के साथ तहसील राठ के ग्राम टोला खंगारन के दो मौरंग खंडों का निरीक्षण किया। जहां खंड संख्या-5 के पट्टाधारक द्वारा 2138 घन मीटर व खण्ड संख्या-6 के पट्टाधारक द्वारा स्वीकृत क्षेत्र के बाहर 600 घन मीटर का अवैध खनन किया जाना पाया गया। साथ ही 696 घन मीटर अतिरिक्त खनन होना पाया गया। उक्त खनन क्षेत्रों में किए गए अवैध खनन से करीब 35.90 लाख के राजस्व का नुकसान हुआ है। जांच के दौरान रास्ते में छह वाहन अवैध परिवहन कर जाते पाए गए। जिन पर कुल 3 लाख 60 हजार रुपये की धनराशि आरोपित की है। वहीं मौके पर ही चार वाहनों से 2 लाख 34 हजार रुपये घनराशि जमा कराई गई है।

# हद हो गई: पंचायत भवन में चल रहा निजी अस्पताल

हरी नारायण पांडेय, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** एक विभाग के सरकारी भवन में दूसरे विभाग का कार्यालय चलने की बात ही आपत्तिजनक होती है। पर यहां तो हालात और भी ज्यादा आश्चर्यजनक हैं। एक पंचायत भवन में एक चिकित्सक द्वारा निजी अस्पताल संचालित किया जा रहा है, वह भी किराये से। मजे की बात कि किसी भी अधिकारी को इसकी न तो जानकारी है और न वह इसको लेकर जागरूक हैं।

ग्रामीणों को आय, जाति, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्रों को बनवाने के लिए परिवार रजिस्टर आदि जरूरी कागजात के लिए ब्लॉक तहसीलों के चक्कर न काटने पड़ें, इसके लिए गांव में पंचायत भवन की अवधारणा की गई। यह भी सोचा गया कि इनके बनने से अधिकारी समय-समय आएंगे और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। पर ज्यादातर में न तो जिम्मेदार बैठते हैं और न काम होते हैं। आकांक्षी ब्लाक रामनगर की ग्राम पंचायत कटैया खादर के पंचायत भवन में विद्यालय संचालित होने की बात सामने आई थी। अब सिकरी अमान में निजी अस्पताल संचालित होने की जानकारी है। जानकारी के अनुसार, गांव में बने पंचायत भवन की बिल्डिंग पुरानी होने के कारण जर्जर हो गई थी। इससे रैन बसेरा के भवन में पंचायत भवन का आधिकारिक कार्यालय खोलने और पंचायत सहायक को बैठने के निर्देश दिए गए। लेकिन अब इस पंचायत भवन में अस्पताल संचालित हो रहा है।



रैन बसेरा में बनाया गया पंचायत भवन। अमृत विचार


कमरे में बने अस्पताल में रखीं दवाइयां। अमृत विचार

- रैन बसेरा में बनाया गया पर वहां से भी कामकाज नहीं

### देता हूं किराया...

अस्पताल के चिकित्सक ने नाम बताने से इंकार किया लेकिन इतना बताया कि धाता फतेहपुर से वह डी फार्मा की डिग्री लेकर यहां अस्पताल खोले हैं। इसको लगभग दस माह हो गया। बताया कि भवन का बाकायदा किराया प्रधान को किराया देते हैं।

### प्रधान के घर से चलता है काम

पंचायत सहायक के पद पर नियुक्ति ओम शांति देवी की है। पति गुलबदन ने बताया कि पंचायत भवन अब प्रधान के घर से चलता है, जहां पर वह पत्नी की जगह काम करता है। बताया कि पत्नी कम्प्यूटर चलाना नहीं जानती और फिर पुरुष ग्रामीणों के बीच महिला कैसे रहेगी।

### प्रधान के परिचित हैं चिकित्सक

सचिव आलोक सिंह ने बताया कि पिछले सचिव मनीष पांडेय के कार्यकाल में पंचायत भवन में चोरी हुई थी। चिकित्सक प्रधान के परिचित हैं इसलिए पंचायत भवन में रहने लगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से यहां देखरेख भी हो रही है। इस संबंध में ग्राम प्रधान सुरेंद्र यादव से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका मोबाइल लगातार नेटवर्क क्षेत्र के बाहर बताता रहा।

### हमको पता नहीं

खंड विकास अधिकारी दिनेश मिश्रा ने ऐसी किसी जानकारी से अनभिज्ञता जताई। उधर, एडीओ पंचायत रामनगर देवेंद्र सिंह ने भी बताया कि ऐसा कोई मामला ही उनके संज्ञान में नहीं है।

### ग्रामीण बोले, हो रही दिक्कत

उधर, गांवदारी के डर से ग्रामीण खुलकर बोलने से कतराते दिखे। दबी जुबान से बोले, वाहन के लिए तेल देने के बाद काम होता है। इससे अच्छा तो ब्लॉक से ही रहता तो शायद ठीक होता।


थाना दिवस में लोगों की दिक्कतें जानते एसपी अरुण कुमार सिंह। अमृत विचार

# एसपी ने थाना दिवस में सुनीं समस्याएं

संवाददाता,चित्रकूट

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को थाना राजापुर और सरधुआ में थाना दिवस का आयोजन हुआ। एसपी ने शिकायतों को सुनकर संबधित अधिकारियों को इनके पारदर्शितापूर्ण समाधान के निर्देश दिए। भूमि विवाद से संबंधित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को मौके पर जाकर निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। उधर, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने थाना मऊ और रैपुरा में शिकायतों को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए।

# गर्भवती से दुराचार के आरोपी पकड़ से दूर

## एसपी से गुहार, एसओ बोले-विवेचना जारी है

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** चार महीने की गर्भवती से मारपीट और दुराचार के आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पीड़िता ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर गुहार लगाई है। उसका यह भी आरोप है कि मामले की निष्पक्ष विवेचना नहीं की जा रही है। एसओ ने आरोपों को गलत बताते हुए बताया है कि मामले की जांच जारी है। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार किए जाएंगे।

रैपुरा थानांतर्गत एक गांव निवासी युवती ने बताया कि वह चार माह की गर्भवती है। 31 अक्टूबर को उसके साथ फूलचंद्र पुत्र चुनबाद और मनीष पुत्र रामसंवारे ने गालीगलौज मारपीट कर दुराचार किया था। साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। उसका कहना है कि जब वह रिपोर्ट दर्ज कराने गई तो एसओ ने थाने में मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति से प्रार्थनापत्र लिखवा लिया और उसे पढ़ने नहीं दिया। जबरन हस्ताक्षर भी करा लिए। उसने पुलिस अधिकारियों पर मामला रफा दफा करने के लिए सुविधा शुल्क लेने के भी आरोप लगाए। आरोप लगाया कि एसओ ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। थाना प्रभारी और मामले के विवेचक एसआई रविकांत राय पद का दुरुपयोग कर रहे हैं और आरोपियों को बचाने में जुटे हैं। उसे अभी तक एफआईआर की कापी तक उपलब्ध नहीं कराई गई। पीड़िता का यह भी आरोप है कि कई दिन बीतने के बाद भी उसका बयान और मेडिकल परीक्षण नहीं कराया गया। जब उसने एसपी से गुहार लगाई तब पांच नवंबर को उसका बयान कराया गया। आरोप लगाया कि विवेचक मामले में सुलह समझौता का दबाव भी बना रहे हैं। उसने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की गुहार लगाई है। उधर, इस संबंध में एसओ रैपुरा श्यामप्रताप पटेल ने आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष विवेचना की जा रही है। पीड़िता का दो-दो बार मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।


नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते युवा। अमृत विचार

### रेप आरोपी की गिरफ्तारी के लिए किया विरोध-प्रदर्शन

**चित्रकूट।** दो महीने बाद भी दुराचार के आरोपी की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। जिला संयोजक संजय कुमार गौतम के नेतृत्व में तहसील में धरना देकर नायब तहसीलदार मंगल सिंह को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिला संयोजक ने बताया कि मानिकपुर थानांतर्गत सरैया चौकी क्षेत्र के एक गांव बिटिया के साथ कैरा उर्फ लाल सिंह पटेल नाम के युवक ने दुराचार किया था। पीड़िता द्वारा इसकी तहरीर देने के बाद रिपोर्ट तो दर्ज कर ली गई पर लगभग दो माह बीत गए गिरफ्तारी नहीं की गई। आरोप लगाया कि आरोपी और उसके परिचित अब पीड़िता और उसके परिवार को मामला वापस लेने की धमकी दे रहे हैं। बताया कि भीम आर्मी की मांग है कि तीन दिन के अंदर आरोपी की गिरफ्तारी हो, पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद मिले, पीड़िता और उसके परिवार को सुरक्षा दी जाए, आरोपी को संरक्षण देने वालों पर कठोर कार्रवाई हो। बताया कि ऐसा न होने पर भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी 13 नवंबर को पीड़ित परिवार के साथ तहसील परिसर मानिकपुर में विशाल धरना-प्रदर्शन करेगी। बाद में युवाओं ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया। इस मौके पर भीम आर्मी जिला संयोजक संजय कुमार गौतम, आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष कुंवर सिद्धार्थ, एडवोकेट श्रीपाल प्रजापति, कोमल सूर्यवंशी, एडवोकेट राजकरण वर्मा, एडवोकेट मनीष विश्वकर्मा, एडवोकेट मेहराज प्रजापति, दिनेश कुमार सनेही, बाबूलाल यादव, अर्जुन कश्यप, दिलीप कश्यप, लक्ष्मण पटेल, शनि वर्मा, सोनू दिनकर, राधेश्याम प्रजापति, पुष्पराज वर्मा मौजूद रहे।

# सरकारी विद्यालयों के पास खुले निजी स्कूल किए जाएं चिह्नित

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- आम आदमी पार्टी ने भेजा राष्ट्रपति को ज्ञापन
- बोले, 27 हजार सरकारी स्कूल बंद करने की योजना चल रही

**अमृत विचार।** आम आदमी पार्टी की जिला इकाई ने सरकारी स्कूल बंद करने की खबरों पर नाराजगी जताई है। मांग की कि सरकारी स्कूलों के पास खुले निजी स्कूलों को चिह्नित किया जाए। आप पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने शनिवार को नायब तहसीलदार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

आप जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला ने बताया कि खबरों के अनुसार, प्रदेश सरकार ने 27 हजार सरकारी स्कूलों को बंद करने की योजना बनाई है। यह प्रदेश सरकार द्वारा 2020 तक बंद किए गए 26 हजार स्कूलों के बाद नया कदम है। पार्टी का माना है कि अगर ऐसा हुआ तो यह गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार जानबूझकर सरकारी विद्यालयों के पास निजी विद्यालयों को खोलने की नीति अपना रही है कि सरकारी स्कूलों को बंद करने का रास्ता तैयार हो। यह एक सुनियोजित साजिश लगती है। उन्होंने बताया कि पार्टी की मांग है कि हर ब्लाक में ऐसे निजी स्कूलों को चिह्नित किया जाए, जो सरकारी विद्यालयों के पास स्थित हों। पार्टी की जिला इकाई ने इसके विरोध में जुलूस निकाला और नायब तहसीलदार मंगल सिंह को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश सरकार की कथित शिक्षा विरोधी नीतियों पर रोक लगाने और सरकारी विद्यालयों को बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांगें हैं। इस मौके पर श्यामबाबू त्रिपाठी, लवलेश केशरवानी, नर्वदा प्रसाद यादव, जितेंद्र गोयल, योगेंद्र रैकवार, सन्नो देवी मौर्या, धर्मेंद्र वर्मा, डा. रमाकांत गुप्ता, सुरेश सिंह, अर्चना प्रजापति, सोनम देवी, गीता प्रजापति, आशा देवी, मीना देवी, अनुरुद्ध सिंह यादव, प्रमोद कुमार सोनी आदि पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।



प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता। अमृत विचार

# स्कूल में बच्चों की उपस्थिति आवश्यक

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत बरुवा के पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय में शनिवार को मीना मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति की आवश्यकता बताई। कहा कि स्कूल में बच्चों की उपस्थिति ही वहां की पढ़ाई लिखाई का मानक बताती है।

कार्यक्रम में बीएसए के साथ बीईओ एनपी सिंह, ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य अर्जुन शुक्ला, ज्ञानेंद्र मिश्रा, छोटा प्रसाद, रामभरोसा यादव, मुंशी लाल गुप्ता ने बच्चों की हौसलाफजाई की। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ख़ुशी, ऋषिता, अंजली ने सरस्वती वंदना की। बच्चों की प्रदर्शनी और मॉडल की अतिथियों ने प्रशंसा की। शिक्षकों ने आए हुए अतिथियों को सरस्वती प्रतिमा भेंट की। प्रभारी प्रधानाध्यापक अहमद रजा मिसरी ने बताया कि स्कूल में लगभग 300 विद्यार्थी हैं। तीन अनुदेशक, दो शिक्षामित्र और चार शिक्षक नियुक्त हैं। कार्यक्रम में रंगनाथ सिंह, पूरन सिंह समाजसेवी आदि के साथ अभिभावक व ग्रामीण मौजूद रहे।


मीना मेले में मौजूद बीएसए बीके शर्मा व अन्य। अमृत विचार

# जमीन कब्जामुक्त कराने की गुहार

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** थानांतर्गत कौहरी गांव निवासी रामकृपाल प्रजापति ने जिलाधिकारी को संबोधित प्रार्थनापत्र में एक व्यक्ति पर उसके धोखे से हस्ताक्षर बनवाकर कर्ज लेने का आरोप लगाया है।

उसने बताया है कि अपने पुत्र के साथ मजबूरी में एक किसान के यहां मजदूरी करता था। वृद्धावस्था पेंशन बनवाने के नाम पर उसने उसके हस्ताक्षर से 1,90,000 रुपये कर्ज लिखा लिया। बताया कि उसकी और उसके बेटे के किसान के यहां दो लाख रुपये मजदूरी अवशेष है। इन लोगों ने अब उसकी जमीन पर कब्जा भी कर लिया है।

# न्याय तक समान पहुंच बताता है विधिक सेवा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- विधिक सेवा दिवस पर दी गई कानून की जानकारी

**अमृत विचार।** विधिक सेवा दिवस पर शनिवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह और जिला कारागार में विधिक जागरूकता कार्यक्रम हुए। इनकी अध्यक्षता प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुराग कुरील ने की। उन्होंने कहा कि यह दिन बताता है कि न्याय तक सबकी समान पहुंच है।

राजकीय संप्रेक्षण गृह में हुए कार्यक्रम में प्रभारी जनपद न्यायाधीश ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस हाशिए पर पड़े समुदायों को सशक्त बनाने पर जोर देता है। इसका उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को न्याय व कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। आज भी समाज में कई ऐसे वर्ग हैं, जिनके लिए कानूनी प्रक्रिया को समझना और न्याय तक पहुंचना कठिन है। ऐसे में विधिक सेवा दिवस एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें गरीब, वंचित व अशिक्षित नागरिकों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाता है।

मुख्य न्याय रक्षक गया प्रसाद निषाद ने बताया कि कानूनी सेवा दिवस की शुरुआत भारत में 1996 में की गई थी। इस मौके पर निर्वासित बालअपचारियों के मध्य गणित विषय की प्रतियोगिता हुई। इसमें स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को प्रभारी जनपद न्यायाधीश ने पदक देकर उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में अधीक्षक वीर सिंह, सहायक न्याय रक्षक योगेंद्र सिंह, अधिकार मित्र रामसागर, साकेत सैनी आदि मौजूद रहे।

प्रभारी जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार में बंदियों को विधिक अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने इनको अच्छे नागरिक बनने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शशांक पांडेय जेल अधीक्षक, रजनीश कुमार सिंह उप कारापाल, गया प्रसाद निषाद मुख्य न्याय रक्षक, योगेंद्र सिंह सहायक न्याय रक्षक आदि मौजूद रहे।

### कई जगह हुए आयोजन

विधिक सेवा दिवस पर कालेजों में भी कार्यक्रम हुए। जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि राजकीय इंटर कालेज बड़ी मड़ईन, राजकीय इंटर कालेज बरगढ़, त्यागी इंटर कालेज ऐंचवारा, तुलसी इंटर कालेज राजापुर, स्व. लाला भाई पटेल इंटर कालेज कपना इटौरा में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा ने बताया कि विकास खंडों में जागरूकता कार्यक्रम हुए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं व लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया।

पहला दिन | अवकाशप्राप्त माध्यमिक शिक्षकों का प्रादेशिक अधिवेशन

# जुटे पुराने साथी, बांटा सुख-दुख तो भर आईं आखें

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** उप्र माध्यमिक अवकाश प्राप्त शिक्षक वेलफेयर एसोसियेशन के तीन दिवसीय प्रादेशिक अधिवेशन एवं शैक्षिक संगोष्ठी की शनिवार को शुरुआत हो गई। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में जब पुराने साथी जुटे तो माहौल भावुक हो गया। सभी ने एक दूसरे से अपने सुख-दुख की बातें साझा कीं तो कई की आंखें भर आईं।

कार्यक्रम की शुरुआत साहित्यकार डा. नीरजा माधव और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया। संघ के संस्थापक स्व. महेश्वर पांडेय व संरक्षक हरिनारायण सिंह को श्रद्धांजलि दी। स्मारिका का विमोचन किया गया और शिक्षकों के हितों के लिए आजीवन संघर्षरत रहे संरक्षक स्व. हरिनारायण सिंह के पुत्र एसपी अरुण कुमार सिंह सहित अन्य परिवारीजनों व अन्य सात दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को अंगवस्त्रम् और प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि यह सम्मेलन स्व. हरिनारायण सिंह की पुण्यस्मृति में किया जा रहा है। प्रधान संयोजक रमेश चंद्र सिंह ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर डा. कवींद्र, डा. बेनीमाधव, रामजपित सिंह, बृजेंद्र कुमार श्रीमाली, राजकुमार बाजपेई, कमलाकांत शर्मा, सुमनलता यादव, उमा रानी, मनोरमा, इंद्रा अवस्थी, राममूति मौर्य, अरविंद उपाध्याय, आनंद उपाध्याय, ओमप्रकाश त्रिपाठी, केशव कुमार माथुर, राजेंद्र श्रीवास्तव, रोशन सिंह, हनुमान प्रसाद शुक्ला, डा. कमलाशंकर द्विवेदी, लल्लूराम शुक्ला, निर्मलेंद्र पांडेय, रामशंकर वर्मा, मोहित बाजपेई आदि शिक्षक मौजूद रहे।

जुझारू नेताओं की देन हैं सुविधाएं

प्रदेश अध्यक्ष डा. देवेंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि आज शिक्षकों को जो सुविधायें और अच्छा वेतनमान मिल रहा है वह जुझारू शिक्षक नेताओं के संघर्षों की देन है। हमें उनके संघर्षों को भूलना नहीं है। उनसे प्रेरणा लेकर शिक्षा व शिक्षक हितों के लिए आजीवन संघर्ष करना है। शिक्षा जगत में अभी बहुत खामियां हैं, जिनको सरकार से दूर कराने के लिए संघर्ष करना है।


पिता के मित्र देवेंद्र नाथ मिश्रा के पैर छूकर आशीर्वाद लेते पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह।


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक और दिवंगत शिक्षकों के परिजन। अमृत विचार

### परिजन हुए सम्मानित

जिलाध्यक्ष प्रतापनारायण श्रीवास्तव ने बताया कि अधिवेशन के पहले सत्र में दिवंगत शिक्षक नेता हरिनारायण सिंह (आजमगढ़), राजाराम पांडेय (चित्रकूट), रामतीर्थ उपाध्याय (आजमगढ़), अवधेश सिंह गौर (फर्रुखाबाद), करुणाशंकर शुक्ला (पीलीभीत), शिवशंकर लाल शर्मा (लखनऊ), तेज नारायण पांडेय (लखनऊ), हरिशंकर शर्मा (मेरठ) के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस दौरान परिजन अपनों को याद कर भावुक हो गए।

## सार-संक्षेप

### यातायात नियमों की दी जानकारी

**चित्रकूट।** यातायात माह के तहत राजकीय बालिका इंटर कालेज में छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने छात्राओं से अपील की कि वे इन नियमों का पालन करें और अपने परिवारवालों को भी प्रेरित करें।


यातायात नियमों की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

### आज होगी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**चित्रकूट।** युवा एवं बाल विकास समिति अंतर्गत भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में रविवार को डा. अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता होगी। परीक्षा जिले के तीन केंद्रों में होगी। यह जानकारी परीक्षा प्रभारी गया प्रसाद बौद्ध ने दी। इनका केंद्र व्यवस्थापक अजय कुमार त्यागी प्रवक्ता राजकीय अभिनव इंटर कालेज सरधुआ, कमलेश प्रसाद प्रधानाचार्य बजरंग इंटर कालेज सपहा, भगवानदीन कुशवाहा प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर भरतकूप को बनाया गया है। राजकीय अभिनव इंटर कालेज में पर्यवेक्षक जाहर सिंह, गणेश शंकर विद्यार्थी को बजरंग इंटर कालेज में गणेश शंकर विद्यार्थी और सरस्वती शिशु मंदिर में मुन्नी लाल शाक्य पर्यवेक्षक होंगे।

### 3 वारंटी हुए गिरफ्तार

**चित्रकूट।** रैपुरा पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। एसआई रविकांत राय ने राजा पुत्र केदार, चिंता पत्नी राजा और बरकत अली पुत्र गुलशेर अली निवासीगण बसावनपुर को पकड़ा।

# शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता को बनाए रखें

## मात्र 7 शिकायतों का हुआ निस्तारण, शेष के जल्द निस्तारित करने के निर्देश

**संपूर्ण थाना दिवस**



शिकायत सुनते कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी और डीआईजी अजय कुमार सिंह।

- कमिश्नर और डीआईजी ने थाना दिवस में सुनीं फरियादियों की शिकायतें

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** चित्रकूट धाम मंडल बांदा के कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी और पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह की मौजूदगी में थाना समाधन दिवस कोतवाली महोबा में आयोजित किया गया। थाना दिवस में रेंज स्तर के आला अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों का गठन करते हुए मौके पर जाकर समस्याओं का शतप्रतिशत गुणवत्तापूर्ण समाधान किए जाने के निर्देश दिए।

चित्रकूट धाम मंडल के कमिश्नर और पुलिस उपमहानिरीक्षक ने थाना समाधान दिवस के मौके पर स्वयं शिकायतों को सुना और फोन कर फीडबैक लिया। जिसके क्रम में निर्देशित किया कि शिकायत निस्तारण शिकायतकर्ता की संतुष्टि के उपरांत ही अंकित की जाए। शिकायत निस्तारण में जनपद महोबा पुलिस के प्रथम स्थान आने पर खुशी जाताई।

उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता को बनाए रखने के भी निर्देश दिए। समाधान दिवस के मौके पर 55 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 38 राजस्व विभाग व 17 शिकायते पुलिस विभाग से संबन्धित रही। कुल प्राप्त शिकायतों में तीन राजस्व और चार पुलिस विभाग से संबन्धित शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व और पुलिस विभाग की टीम गठित करते हुए मौके पर जाकर पीड़िता से वार्ता कर एवं फीडबैक लेने के बाद समस्याओं का निस्तारण करने पर जोर दिया गया। साथ ही कहा कि शिकायतकर्ताओं को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिये।

इस मौके पर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक पलास बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिह, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकांत गौड़, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अर्जुन सिंह, पुलिस अधीक्षक पीआरओ अरविंद सिंह गौड़ सहित संबन्धित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### थाना स्तर पर भी थाना प्रभारियों ने सुनीं शिकायतें

- कोतवाली महोबा में जिला स्तरीय संपूर्ण थाना दिवस का आयोजन किया गया, वहीं जिले के सभी थानो और कोतवाली प्रभारी निरीक्षकों और थाना प्रभारी द्वारा अपने अपने थाने पर समाधान दिवस का आयोजन कर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण के लिए संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का गुणवत्ता के आधार पर निस्तारण किया।

# 1995 में हुई थी राष्ट्रीय विधिक सेवा की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता महोबा



मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते जिला जज व जानकारी देते न्यायिक अधिकारी।

- जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन
- गरीब, वंचित व दिव्यांग वर्ग को सहायता देने के लिए हुआ था गठन

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय महोबा में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जेपी यादव ने करते हुए मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प् अर्पित करते हुए गोष्ठी की शुरुआत की गई । कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा के इतिहास पर प्रकाश डाला गया साथ ही कानून सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत आर्थिक रूप से कमजोर, विकलांग महिलाओं सहित अन्य लोगों को मुफ्त सहायता प्रदान किए जाने के अधिकार की जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के विषय मे जानकारी देते हुये जिला जज ने बताया कि हर साल भारत में 9 नवम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है.। इस दिन देश के सभी नागरिकों को उचित, निष्पक्ष और न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया जाता है। सभी नागरिकों के लिये उचित निष्पक्ष और न्याय प्रक्रिया के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस की शुरुआत पहली बार 1995 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिये की गई थी। अपर जिला जज ने बताया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 39ए और इसकी समिति द्वारा की गई सिफारिशों के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा कानून सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 को अधिनियमित किया गया था।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश लखविन्दर सिंह सूद ने कहा कि न्याय प्राप्त करने का जितना अधिकार एक अमीर व्यक्ति या किसी समान्य वर्ग के व्यक्ति को है उतना ही अधिकार एक गरीब और आम व्यक्ति को भी है। इस मौके पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवार्थ खरे, सिविल जज सीनियर डिवीजन नितिन राठी, सिविल जज एफटीसी पुष्पेन्द्र चैधरी, नीलम कटियार के अलावा जिला अधिवक्ता समिति महोबा के अध्यक्ष इन्द्रपाल सिंह, महामंत्री शिवपाल सिंह, लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम, महोबा के चीफ रामऔतार सिंह, डिप्टी चीफ रामनरेश यादव, व असिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा एवं योगेन्द्र सिंह, पराविधिक स्वयंसेवक दिव्यप्रकाश सिंह उपस्थित रहे साथ ही कार्यक्रम का संचालन पराविधिक स्वयंसेवक विश्वनाथ त्रिपाठी ने किया। इसके साथ ही जनपद के विभिन्न विद्यालयां मे साक्षरता शिविर एवं प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।

### विधिक साक्षरता शिविर में दी कानून की जानकारी

- **कुलपहाड़ महोबा।** गरीबों को सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन जीबी इस्लामिया इंटर कॉलेज में किया गया। सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं विधिक साक्षरता के अध्यक्ष अरूण कुमार राणा के दिशा निर्देशानुसार विधिक साक्षरता शिविर के सचिव तहसीलदार पुष्पक की अध्यक्षता में शिविर सम्पन्न हुआ। विधिक साक्षरता शिविर के आयोजन में तहसीलदार पुष्पक ने कहा कि गरीब व्यक्ति कानूनी जानकारी के अभाव में सुलभ एवं सस्ता न्याय पाने से वंचित रह जाता है। इस लिए समय समय पर विधिक साक्षरता शिविरों के माध्यम से गरीब वादकारियों को जानकारियां उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जैसे आप लोगों को आय ,जाति ,निवास प्रमाण पत्र बनवाना हो, तो आय, जाति प्रमाण पत्र तहसीलदार द्वारा बनाया जाता है, और निवास प्रमाण पत्र एसडीएम द्वारा दिया जाता है। इस अवसर पर डिवीजन कोर्ट के पेशकार रामकुमार पासवान, तहसीलदार पेशकार प्रियंका रहीं।



बैठक में मंचासीन भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

# भाजपा ने नियुक्त किये 11 चुनाव अधिकारी

**भाजपा के संगठनात्मक चुनाव**

- भाजपा कार्यालय में जिला चुनाव अधिकारी ने बैठक कर पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश संगठन द्वारा महोबा जनपद के संगठनात्म चुनाव के लिए रामनिवास यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई। शनिवार को जिला चुनाव अधिकारी के रूप में वे महोबा जनपद के पार्टी कार्यालय पहुंचे। यहां पहुंच कर उन्होंने सक्रिय सदस्यता के उपरांत चुनाव को लेकर संगठनात्मक बैठक की। बैठक में 11 मंडल अध्यक्ष के चुनाव को लेकर 11 चुनाव अधिकारी नियुक्त किया।

श्रीनिवास ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी महोबा में बूथ अध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष तक चुनाव घोषित किए जाएंगे, जिसको पूरे लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह संगठन का पर्व है जिसमें पुराने जाएंगे और नए लोगों को मौका दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरे लोकतांत्रिक तरीके से अपने संगठन का चुनाव करती है और बिना किसी भी मनमुटाव के सारे संगठन के कार्यकर्ता भारत माता की सेवा के लिए इस संगठनात्मक चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। इसके साथ साथ जनपद में सभी मंडल अध्यक्षों को सक्रिय सदस्य की सूची जारी करने एवं सक्रिय सदस्य बनने पर उनको माला पहनाकर बधाई दी।

उन्होंने संगठनात्मक चुनाव की रणनीति तैयार की तथा चरखारी ग्रामीण मंडल का चुनाव अधिकारी पुष्पा अनुरागी पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका , पनवाड़ी मंडल का चुनाव अधिकारी चक्रपाणि त्रिपाठी पूर्व जिलाध्यक्ष, कमलेश सक्सेना, खन्ना के हरनारायण यादव, श्रीनगर अजय विक्रम राजपूत, कबरई महेंद्र गुरुदेव, खरेला में नीरज गुप्ता, महोबकंठ में रविन्द्र महेंद्र, अजनर रोशन सिंह, संतोष चौरसिया को चरखारी नगर का चुनाव अधिकारी नियुक्त किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अंकुर शिवहरे द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

# यातायात नियमों को समझना ही सड़क सुरक्षा का मंत्र

संवाददाता पनवाड़ी महोबा



छात्राओं के साथ खड़े शिक्षक। अमृत विचार

- बुंदेलखण्ड नवोदय महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत हुई गोष्ठी

**अमृत विचार।** सरकार द्वारा चलाई जा रही सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जन जागरण अभियान के तहत बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय पनवाड़ी में संगोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि समाजसेवी संतोष गंगेले रहे। कार्यक्रम दौरान विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा संबन्धी जानकारी दी गई साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सफल होने वाली छात्राओं का मुख्य अतिथि द्वारा पूजन कर उन्हें सम्मानित किया गया।

बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती मां के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया। मुख्य अतिथि संतोष गंगेले ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यातायात में संभावित खतरों का अनुमान लगाना, सड़क सुरक्षा खतरों को न्यूनतम करने के लिए सुरक्षित तरीके से ही सड़क सुरक्षा का एक मंत्र है।

उन्होंने बताया है कि वह प्रतिदिन दो से चार शिक्षण संस्थानों में बच्चों से मिलते हैं । इस के तहत उन्होंने नौगांव से चलकर अजनर कुलपहाड़ फिर पनवाड़ी क्षेत्र के विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा भारतीय संस्कृति संस्कारों सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा नशा मुक्ति बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सामाजिक समरसता राष्ट्र ग्राम देश भावना की जागृत करने के लिए विभिन्न प्रकार की नैतिक शिक्षाओं के माध्यम से समझाने का प्रयास किया। इस मौके पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राआं ने शिक्षकों द्वारा किए गए प्रश्नों का उत्तर दिया और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का पद पूजन कर उन्हें पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में मोहम्मद आफताब, सुनील कुमार, सकीना हाशमी मनोज कुमार, राजेंद्र कुमार, दीपक सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

# शराब ठेके के बाहर मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता महोबा

- परिजनों ने लगाया हत्या करने का आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच-पड़ताल

**अमृत विचार।** कस्बा पनवाड़ी के ग्राम शेरगढ़ में एक शराब ठेके की दुकान के बाहर ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाना पनवाड़ी में तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर जांच पड़ताला शुरू कर दी है।

थाना पनवाड़ी के ग्राम शेरगढ़ निवासी जयसिंह (30) पुत्र मकरंदी राजपूत गांव में एक शराब ठेके की दुकान के बाहर मृत पड़ मिला था। कुछ लोगों ने मृतक के परिजनों को सूचना दी, जिस पर आनन फानन में परिजन गांव के बाहर बने शराब ठेके पर पहुंच गए और उसे जिंदा समझकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी ले गए, जहां पर डाक्टरों ने परीक्षण करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक के परिजनों ने थाना पनवाड़ी में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोगों द्वारा उसे शराब में जहर मिलाकर पिला दिया गया है, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने घटना का पर्दाफाश किए जाने की मांग की है। मृतक के परिजनों से तहरीर मिलने के बाद पुलिस घटना का खुलासा करने के लिए जांच पड़ताल में जुट गई है।

# बूथ पर जाकर जुड़वायें अपना नाम

कार्यालय संवाददाता महोबा



बैठक में मौजूद कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी व अन्य अधिकारी।

- विरमा भवन में कमिश्नर की अध्यक्षता में संपन्न हुई राजनीतिक दलों की बैठक

**अमृत विचार।** एक जनवरी 2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के बाबत आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह की उपस्थिति में मान्यता प्राप्त समस्त राजनीतिक दलों के साथ शनिवार को विरमा भवन में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के सभी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा चार विशेष अभियान की तिथि निर्धारित की गई हैं। जो 9 नवम्बर, 10 नवम्बर 23 नवम्बर और 24 नवम्बर 2024 हैं, जिसमें सभी बीएलओ अपने बूथ पर बैठेंगे और जो भी मतदाता अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाना चाहेगा वह विशेष अभियान तिथि पर मतदेय स्थल पर जाकर अपने बीएलओ से संपर्क कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। युवाओं के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता बनने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसका युवा वर्ग के लोग मतदेय स्थल पर जाकर लाभ उठाएं

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के अलावा समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव, कांगेस कमेटी के जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी के अलावा अन्य मान्यता प्राप्त रानैतिक दलों के जिलाध्यक्ष व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दम दिखायेगा अजय

कार्यालय संवाददाता महोबा

- प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में दूसरा स्थान पाने पर राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में हुआ चयन

**अमृत विचार।** प्रदेश स्तरीय विद्यालीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में देवकीनंदन सिंह राजपूत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिकहरा महोबा के कक्षा आठ के छात्र अजय ने सबजूनियर बालक वर्ग की ऊंची कूद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पाकर राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ है।

68वीं प्रदेश स्तरीय राजकीय एथलेटिक्स राजकीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन वाराणासी के डॉ. भीमराव आंबेडकर क्रीड़ा संकुल मैदान में 04 नवम्बर से 08 नवम्बर 2024 तक संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से भारी संख्या में प्रतिभागियों ने पहुंचकर हिस्सा लिया। जिसमें महोबा जिले के ग्राम छिकहरा के देवकीनंदन सिंह राजपूत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र अजय सिंह ने सबजूनियर बालक वर्ग की ऊंची कूद मे प्रदेश में दूसरा स्थान पाकर चित्रकूट धाम मंडल बांदा का नाम रोशन किया है , जिसके चलते छात्र का राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चयन हो गया है।

देवकीनंदन सिंह राजपूत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य देवी सिंह राजपूत, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरधारीलाल कोली, जिला क्रीड़ा प्रभारी नंदराम यादव, विद्यालय के शिक्षक शिक्षकाओं ने छात्र अजय की इस कामयाबी पर खुशी जताई है।


# सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध की मौत

**महोबा।** चरखारी अस्थौन मार्ग में एक पखवाड़ा पहले हुई सड़क दुर्घटना में घायल हुए बुर्जुग की शनिवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

26 अक्टूबर को ग्राम अस्थौन निवासी पृथ्वीराज (79) बाइक से ग्राम अकटोहां जा रहा था, तभी गांव के पास सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर की टक्कर से पृथ्वीराज बुरी तरह घायल हो गया था। घायल होने पर उसके रिश्तेदारों ने उपचार के लिए लिए जिला अस्पताल महोबा में भर्ती कराया था। जिला अस्पताल में कइ दिनों तक इलाज करने के बाद भी कोई आराम न मिलने पर डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया था, जहां पर शनिवार को सुबह 6 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

**पर्व** रामकुंड गौशाला में गौ भक्तों ने पहुंचकर गायों की पूजा कर मनाई गोपाष्टमी

# गायों की पूजा-अर्चना कर खिलाया गुड़ व हरा चारा



गौशाला में गौमाता की पूजा-अर्चना करते लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** श्री रामकुण्ड गौशाला सेवा संस्थान महोबा के तत्वावधान में शनिवार को गोपाष्टमी महोत्सव और गौ पूजन का आयोजन रामकुंड गौशाला में किया गया। यहां पर गौ माता को नहलाकर सजाया संवारा गया। उसके बाद लोगो ने गौ माता को रोली हल्दी लगाकर कर विधि विधान से उनकी पूजा अर्चना कर आरती उतारी। साथ ही भक्तों द्वारा गायों को गुड़ व हरा चारा आदि भी खिलाया गया। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार दिवाली के ठीक बाद आने वाली कार्तिक शुक्ल अष्टमी को गोपाष्टमी पर्व के रूप में मनाया जाता है।

गौशाला सेवा संस्थान रामकुंड में गोपाष्टमी के मौके पर भक्त सुबह से ही रामकुंड स्थित गौशाला पहुंच गए जहां पर गायों को नहला धुलाकर उनकी सेवा की गई, इसके बाद गायों को सजाकर उसकी पूजा करने का सिलसिला शुरू हुआ जो काफी देर तक चलता रहा इसके बाद भक्त अपने साथ लाये हरा चारा, गुड़, अजवाइन आदि गायों को खिलाया।

गौ भक्त संजय मिश्रा ने बताया कि गोपाष्टमी के मौके पर गौ माता को स्नान कराया गया। उसके बाद अंग में मेहंदी, हल्दी, रंग के छापे आदि लगाकर सजाया गया। फिर बछड़े सहित गाय का धूप दीप, अक्षत, रोली आदि से गाय का पूजन करते हुए उनकी आरती उतारी गई। गोपाष्टमी के दिन ग्वालों को उपहार आदि देकर उनका भी पूजन करने का महत्व है। इस दिन सभी परिवार के लोग गाय की विधि विधान से पूजा करते हैं। इसके बाद गाय को चारा आदि डालकर उनकी परिक्रमा करते हैं। साथ ही गौमाता की पूजा अर्चना कर पुण्य कमाते हैं । हिन्दू धर्म में गोपाष्टमी का विशेष महत्व है।

परिक्रमा करने के बाद कुछ दूर तक गायों के साथ चलते हैं। इस मौके पर रवींद्र पुरवार, भारत सिंह, संतराम गुप्ता, केदारनाथ गुप्ता, परममेंद्र सिह, राजा सिंह चौहान, साहब सिंह राजपूत, सजय मिश्रा, धनजय दीक्षित, अर्जुन कुशवाहा, गोरेलाल कुशवाहा, नील यादव शिवशंकर तिवारी, शिवप्रसाद चौबे, शरद गुप्ता, सुनील जैन, विक्रम यादव, अवधेश पटेल सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes January 2025 session in the following disciplines**

- **Faculty of Medical Sciences** (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- **Faculty of Nursing** M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- **Faculty of Dental Sciences** (All Specilities)
- **Humanities and Journalism** English
- **Faculty of Pharmacy**
- **Faculty of Management**

**Last Date of Receiving Application : 30th November, 2024**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

# मवेशी से टकराई बाइक, 1 की मौत व दूसरा घायल

## कमसेरा गांव से आगे छिरिया सलेमपुर के पास हुई दुर्घटना, जिला अस्पताल में चल रहा है घायल का इलाज

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में ग्राम छिरिया सलेमपुर के पास सड़क पर घूम रहे अन्ना मवेशी से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार दो युवकों में एक की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरे को गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम कुदारी निवासी राजकुमार परिहार व तिलक सिंह परिहार शुक्रवार की रात अपने गांव से किसी काम के चलते बाइक से जालौन की ओर जा रहे थे। बाइक से जब वह कमसेरा गांव से आगे छिरिया सलेमपुर के पास पहुंचे तभी अचानक सड़क पर अन्ना मवेशी आ गया और बाइक जानवर से टकरा गई, जिससे बाइक सवार दोनों युवक बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गए। चोट अधिक लगने से राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तिलक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा देखकर वहां अफरातफरी मच गई। राहगीरों ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उठाकर उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। जबकि पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की गई जान

**कुठौंद।** थाना क्षेत्र में विलवा मार्ग पर तेज रफ्तार भाग रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, हादसे में बाइक सवारी युवक की मौत हो गई। कुठौद थाना क्षेत्र के ग्राम बिलवा निवासी अजय उर्फ कल्लू शुक्रबार की शाम अपनी बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक सहित सड़क पर गिरा और लहूलुहान होकर अचेत हो गया। इस दौरान वहां से निकल रहे राहगीरों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस में जानकारी लेते हुए उसे आनन-फानन में उपचार के लिए सीएससी कुठौंद भिजवाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने मामले की सूचना उसके परिजनों को दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है कि मृतक किसान परिवार से ताल्लुक रखता था। फिलहाल घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**जालौन।** लगभग 20 दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम क्योलारी निवासी दीपचंद्र (35) बीती 22 अक्टूबर को बाइक से उरई की ओर जा रहे थे। ग्राम भिटारा के पास अचानक से सामने आ रही बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। हादसे में दीपचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें पहले सीएचसी से मेडिकल कॉलेज उरई फिर झांसी रेफर किया गया, जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक की पत्नी अभिलाषा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


खंदक भरे पानी में पड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली। अमृत विचार

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर खंदक में गिरा

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के लोना-छानी रोड पर इंटर लॉकिंग ईंट से भरा एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर ट्रॉली समेत पानी भरे खंदक में में जा गिरा। दुर्घटना में चालक को मामूली चोटें आई हैं। लोगों का कहना है कि बड़ा हादसा टल गया।

जालौन कोतवाली क्षेत्र के लोना-छानी मार्ग पर एक इंटर लॉकिंग ईंटें भरकर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली समेत जा रहा था। तभी लौना गांव के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और पानी से भरी खंदक में गिरकर डूब गया। ट्रैक्टर को खंदक में जाते देख चालक अंकित पाल कूद गया। जिसे सिर में हल्की चोट आईं है।

दुर्घटना देख घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं लोगों का कहना है कि एक बड़ा हादसा टल गया।

# शादी में बरातियों ने किन्नरों से की मारपीट

**उरई।** सिरसाकलार के एक विवाह वाले घर में शादी समारोह के दौरान पहुंचे किन्नरों से नेग लेनदेन को लेकर लड़का पक्ष से विवाद हो गया। जिसमें बारात में आए लोगों ने किन्नर के साथ मारपीट कर दी।

सिरसा कलार कस्बे में काशी बिहार गेस्ट हाउस में गिगोरा निवासी आशा राम की पुत्री शादी थी। जिसमे शादी की रस्मे होने के बाद सुबह बिदाई के समय किन्नर पहुंच गए। इस दौरान लड़के पक्ष से अधिक नेग मांगने पर किन्नरों से बहस हो गई। देखते ही देखते मामले ने इतना तूल पकड़ा कि शादी में आए लोगों ने बिना कुछ सोचे समझे किन्नरों के साथ मारपीट कर दी। जिससे दो किन्नरों मीना और मानवी घायल हो गए। घटना से विवाह घर में अफरातफरी मच गई और लोग इधर उधर खिसकने लग गए। इस मामले को लेकर दोनों पक्ष थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। फिलहाल थाने में दोनों पक्षों को समझ बुझा कर समझौता करा दिया गया है। मामले में थानाध्यक्ष ब्रजेश बहादुर ने बताया कि शादी में मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों को समझाया गया और आपस में समझौता करवा दिया गया है।

# ब्लॉक में अवैध रास्ता बंद करने को लेकर हुआ हंगामा

- क्षेत्राधिकारी के आश्वासन के बाद शांत हुईं महिलाएं

**कोंच।** ब्लॉक परिसर की सुरक्षा को लेकर ब्लॉक प्रशासन अचानक से सक्रिय हो गया है। इसके चलते सभी अवैध रास्तों को बंद करने व सरकारी आवासों में अवैध रूप से रह रहे लोगों से आवास खाली कराए जाने की मुहिम शुरू कर दी है।

शनिवार को ब्लॉक प्रशासन ने दो अवैध रास्तों को बंद कराने की कोशिश की जिसमें एक तो बंद कर भी दिया था जिसे कुछ महिलाओं ने गिरा दिया। दूसरा रास्ता वहां पर जुटी तमाम महिलाओं ने बंद नहीं होने दिया और वहीं पर जमकर बैठ गई। हालांकि बाद में जब सीओ अर्चना सिंह ने मौके पर पहुंच कर मामला संभाला।लंबे समय से आवासों में रह रहे लोगों से खाली कराने के लिए उसके आवासों पर ब्लाक प्रशासन ने नोटिस चस्पा करा दिए हैं।

6 नवंबर को कोंच विकास खंड में हुई तोड़फोड़ और आगजनी की घटना के बाद उच्चाधिकारियों के आदेश पर ब्लॉक की सुरक्षा व्यवस्था पर ब्लॉक के अधिकारियों ने ध्यान देना शुरू किया है। शनिवार को ब्लॉक के अधिकारियों ने ब्लॉक परिसर के अवैध रास्तों को बंद कराना शुरू किया तो वहां महिलाएं ब्लॉक के अंदर स्थित मंदिर जाने वाले रास्ते को लेकर कुर्सियां डाल कर बैठ गई। एक प्लॉट में दूसरे अवैध रास्ते में हाल ही में पुलिस की मौजूदगी में बनाई गई दीवार उस इलाके की महिलाओं ने गिरा दिया।

मामला बिगड़ता देख सीओ अर्चना सिंह व प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र कुमार पटेल, अतिरिक्त निरीक्षक लल्लूराम, मंडी चौकी इंचार्ज नितीश कुमार सागर चौकी इंचार्ज अविनाश पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये।मौके पर पहुंचते ही सीओ ने मोर्चा संभाला, उन्होंने गिराई गई दीवार पर कड़ी नाराजगी जताई व महिलाओं को फटकार लगाई और सरकारी कार्य में बाधा न बनने की बात कही। उन्होंने अपने सामने ही पुनः निर्माण कार्य शुरू करा दिया। कैंपस में 40 साल पुराने बने गेट पर कुर्सियां डाल कर बैठीं महिलाओं को सीओ ने तो महिलाओं ने सीओ से केवल मंदिर जाने के लिए रास्ता मांगा जिस पर सीओ ने बीडीओ के साथ वार्ता कर उसी के बगल में एक छोटा गेट लगाने का आश्वासन दिया ।

# 70 घरेलू बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे

संवाददाता, कालपी

- साढ़े तीन लाख रुपये की वसूली भी की गई

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की 4 टीमें राजस्व वसूली के लिये नगरीय क्षेत्र के मोहल्लो में पहुंच गईं। टीम ने घर-घर व एक एक प्रतिष्ठान में पहुंचकर चेकिंग की। टीमों के द्वारा 25 कामर्शियल तथा 70 घरेलू बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गये और लगाभग साढ़े तीन लाख रुपये की राजस्व वसूली की गई।


चेकिंग अभियान में शामिल अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार

शनिवार को सुबह से ही उपखंड अधिकारी आदर्श राज तथा अवर अभियंता जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में 4 टीमों के द्वारा चेकिंग तथा राजस्व वसूली अभियान शुरू किया गया। टीमों के द्वारा, आलमपुर, रामचबूतरा, दमदमा हरीगंज, कागजीपुरा, हम्मालीपुरा, हैदरीपुरा, टरननगंज, सदर बाजार रामगंज आदि मुहल्लों के प्रतिष्ठानों तथा घर घर जाकर बिजली चेकिंग की गई। एसडीओ ने बताया कि विद्युत देय राशि की वसूली करने के लिए विभाग गंभीर है। उन्होंने कहा कि पावर कारपोरेशन के निर्देश पर 10 हजार रुपये से अधिक के बड़े बकायदारों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभागीय टीमों ने चिह्नत बड़े बकायेदारों के आवासों तथा प्रतिष्ठानों में चेकिंग की तथा बकाया विद्युत देय राशि को जमा करने के लिए अभियान चलाया। उपखंड अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अपने-अपने विद्युत बिलों की धनराशि को समय से जमा करके अनावश्यक परेशानी से बचें। टी जी 2 अभिषेक धीर, रिंकू पोरवाल दिलीप कुमार, फ़हमीद खान, अजय कुमार निगम, सीताराम लल्लन, इसरार खान, सतीश कुमार चौरसिया, सुनील कुमार, फरियाद ख़ान, साबिर खान, सादिक, अखिलेश शुक्ला, उज्जवल गुप्ता,अनूप कुमार,विमल कुमार,अहमद खान, कोमल सिंह आदि लाइन मैन तथा कर्मचारी अभियान में जुटे रहे। विभागीय सूत्रों के अनुसार चेकिंग तथा वसूली अभियान निरंतर गतिशीलता से चलता रहेगा।

# नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन 17 को

**कालपी।** 17 नवंबर को कालपी के रोज वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक मनोज चतुर्वेदी तथा अरविंद राठौर ने बताया कि जिला अंधता निवारण समिति राजपुर के सौजन्य से डॉक्टर जवाहरलाल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय कानपुर के चिकित्सकों के द्वारा 17 नवंबर को 11:00 बजे से शिविर आयोजित किया जायेगा।

शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन, तथा आंखों की बीमारियों के अलावा आंखों का परीक्षण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शिविर में जाने-माने नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी रहेगी।

# गायों की पूजाकर खिलाया गुड़

कार्यालय संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** शनिवार को नगर के मोहल्ला आलमपुर में स्थित गौशाला में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में गौ पूजन का कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला सहित सभासदों तथा कर्मचारियों ने गौ सेवा का संकल्प लिया।


गौ पूजन करते पालिकाध्यक्ष। अमृत विचार

- नगर पालिकाध्यक्ष तथा अधिशासी अधिकारी ने किया गौ पूजन

गौशाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव व उपस्थित लोगों ने गायों की पूजा अर्चना करके गुड़ चना खिलाया। अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप गायों की सेवा एवं पूजन करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को गोवंशों की सेवा करने के लिए संकल्पित रहना चाहिए। पालिका प्रशासन गोवंशों की सेवा करने का कार्य प्राथमिकता से कर रहा है। इस मौके पर पालिका के राजस्व निरीक्षक रामभुवन सिंह, सफाई प्रभारी शिशुपाल सिंह यादव पप्पी, राजेंद्र यादव, राकेश कुमार,के आलावा बब्बन ठाकुर, दीपक शर्मा, मनोज पाण्डेय, गंगाराम प्रजापति,शिवकुमार, राजेश कुमार आदि लोगों ने गौ सेवा करने का संकल्प लिया।

# सीएचसी में तैनात कर्मी ने युवक से की मारपीट

कार्यालय संवाददाता जालौन

- बोले सीएचसी प्रभारी,एक सप्ताह पुराना है वीडियो
- युवक पर शराब पीकर वार्ड में आने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें सीएचसी में तैनात कर्मचारी एक युवक के साथ अस्पताल में मारपीट कर रहे हैं। यह वीडियो एक सप्ताह पूर्व का बताया जा रहा है, जिसमें युवक शराब पीकर अस्पताल में अभद्रता कर रहा था।

शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो गया, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात कर्मचारी जनरल वार्ड में एक युवक के साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। हालांकि अमृत विचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो वायरल के मामाले में सीएचसी प्रभारी डॉ. कपिल गुप्ता ने बताया कि यह वीडियो लगभग एक सप्ताह पूर्व का है। एक युवक जनरल वार्ड में शराब पीकर घुस आया और वहां मौजूद मरीजों व अन्य लोगों से अभद्रता करने लगा। अस्पताल में तैनात कर्मचारियों ने जब उसे रोकने की कोशिश की तो वह उनसे भी उलझ गया और उनसे मारपीट करने लगा। तभी किसी ने उसका वीडियो बना लिया और उसे वायरल कर दिया है। वहीं, कोतवाल वीरेंद्र पटेल ने बताया कि उन्हें ऐसी कोई सूचना नहीं मिली है और न ही कोई तहरीर मिली है।

# दुर्घटना में युवक की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**कोंच।** कोंच-जालौन रोड पर 3 नवंबर की देर शाम एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक कमलेश उर्फ करनवीर पुत्र सीताराम अहिरवार निवासी ग्राम सेता थाना कैलिया की मौत हो गई थी। कोंच पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर बाइक में टक्कर मारने वाले वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम सेता निवासी कमलेश (34) पुत्र सीताराम अहिरवार पंडा 3 नवंबर को जालौन थाना क्षेत्र के ग्राम खनुआं में स्थित रिश्तेदारी में बाइक से जा रहा था। रात करीब 7:30 बजे वह जैसे ही भेंड़ चौकी से कुछ आगे पहुंचा था तभी पीछे से तेज रफ्तार वाहन चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी, जिससे करन बाइक से उछलकर खाई में जा गिरा था , जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी थी।


पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राएं। अमृत विचार

# भाषण प्रतियोगिता में अजय रहे प्रथम

**राठ (हमीरपुर)।** उप्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को ब्रह्मानंद महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आधुनिक भारत में सड़क सुरक्षा एक चुनौती विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें अजय कुमार त्रिपाठी प्रथम स्थान पर रहे। दूसरे स्थान पर ज्योति नामदेव रहीं। इस दौरान सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में रिमझिम विश्वकर्मा प्रथम और सरोज ने दूसरा स्थान पाया। कार्यक्रम के संयोजक डा.ऋषि शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ दुर्गेश पटेल ने अपने संबोधन के द्वारा छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर हल्के प्रसाद, डा.श्री गोविंद, डा.भावना शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# नाबालिग को भगाकर ले जाने में मुकदमा दर्ज

**कोंच।** ढाई लाख रुपये व सोने चांदी के तमाम जेवरात के साथ नाबालिग किशोरी को भगा कर ले जाने के आरोप में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मोहल्ला गांधीनगर निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि कक्षा 9 में पढ़ने वाली उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को बीते रोज मोहल्ला मालवीय नगर निवासी दीपू रायकवार अपने पिता रामकुमार और बाबा के सहयोग से बहला फुसलाकर अपने साथ भगा कर ले गया। उसकी बेटी घर में रखे सोने चांदी के तमाम जेवरात और उसके भाई के लड़के द्वारा अपनी जमीन बेचने पर मिले ढाई लाख रुपये भी साथ ले गई है। काफी जगह खोजबीन करने पर भी अब तक बेटी का कहीं कोई पता नहीं चल सका है। उक्त मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## सार-संक्षेप

### पराली जलाने पर लेखपाल ने 12 किसानों पर दर्ज कराया मुकदमा

**माधौगढ़।** पराली जलाने को लेकर सरकार की सख्ती दिखने लगी है। ऐसा ही एक मामला सुल्तानपुरा से सामने आया है। बताया गया है कि पराली जलाने को लेकर लेखपाल ने 12 किसानों के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज करा दिया है। जिससे किसानों में हड़कंप मचा हुआ है। सरकार ने वायु प्रदूषण को लेकर पराली जलाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया था। फिर भी किसान सरकार के आदेश को अनदेखा कर लगातार पराली जला रहे थे। पराली जलाने की शिकायत लेखपाल कल्लू सिंह को दी गई। मौके पर पहुंचे लेखपाल कल्लू सिंह ने पराली जला रहे सुल्तानपुरा निवासी किसान वीरभान सिंह, राघवेन्द्र सिंह, राहुल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, महेंद्र सिंह, रामपाल सिंह, सुखदेव सिंह, अतर सिंह, बरजोर सिंह, करन सिंह, अशोक सिंह, मनोज सिंह के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज करा दिया गया हैं। एक साथ दर्जन भर किसानों के ऊपर मामला दर्ज पर पराली जलाने वालों में हड़कंप मच गया है।

### ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में लगी आग की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**कोंच।** पिछले दिनों ब्लॉक परिसर स्थित ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में लगी आग की लपटें अभी शांत होने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार को ग्राम प्रधान सतोह के प्रतिनिधि हरि किशोर पटेल ने उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह को दिया जिसमें आगजनी की उच्च स्तरीय जांच की मांग के साथ-साथ ब्लॉक प्रमुख से जुड़े कतिपय लोगों पर तमाम गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रधान प्रतिनिधि हरि किशोर पटेल ने दिए ज्ञापन में बताया कि उन्होंने क्षेत्र पंचायत निधि से वित्तीय वर्ष 2021 से लेकर 2024 तक कराए गए करीब तीस कामों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी क्योंकि इन कामों में करोड़ों रुपये का घोटाला किया गया था। इसके साथ ही ब्लॉक में तमाम अवैधानिक कार्यों की भी जांच की मांग की थी जिस पर ब्लॉक प्रमुख से जुड़े कतिपय लोगों ने उन्हें (हरि किशोर) फंसाने और जांचों से बचने के लिए ब्लॉक में अग्निकांड की पूरी कहानी रची।

### पीड़ितों की पीड़ा को समझते हुए त्वरित निस्तारण करें

**कोंच।** आम लोगों की समस्याओं के निदान के लिए शासन के निर्देश पर आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस में शनिवार को आईं शिकायतों को गंभीरता से लेकर त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों ने अधीनस्थों को दिए। नदीगांव में सीओ अर्चना सिंह ने कहा, पीड़ितों की पीड़ा को समझते हुए समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। सर्किल के तीन थानों में आईं कुल 37 शिकायतों में 6 का तत्काल मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। कोंच कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र पटेल व अतिरिक्त निरीक्षक लल्लूराम ने 26 शिकायतें सुनीं जिसमें 2 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। नदीगांव थाने में सीओ अर्चना सिंह ने आए 4 फरियादियों की समस्याएं सुनीं और एक का मौके पर निस्तारण किया। कैलिया थाने में इंस्पेक्टर राजीव कुमार वैस ने लोगों की समस्याएं सुनीं। 7 फरियादी पहुंचे जिसमें 3 का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।

### ट्रेन से कटकर अज्ञात वृद्ध की हुई मौत

**कालपी।** झाँसी कानपुर रेलवे लाइन में ट्रेन से कटकर शुक्रवार की सुबह जोल्हूपुर रेलवे क्रासिंग के पास 60 वर्षीय अज्ञात वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने बताया कि 9 नवंबर की सुबह रेलवे कर्मचारियों के द्वारा सूचना मिली कि रेलवे लाइन जोल्हूपुर मोड़ पुल के समीप अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।

### रिक्त सीट बुधनी पर प्रचार करेंगे पूर्व मंत्री बादशाह सिंह

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** जिले की मौदहा विधानसभा सीट से चार बार विधायक रहे और बसपा शासन काल में प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके बादशाह सिंह की गिनती कद्दावर नेताओं में होती है। क्षत्रिय समाज में उनकी पकड़ बुंदेलखंड के अलावा मध्य प्रदेश में भी है। इसी के दृष्टिगत सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर उनको बुधनी विधानसभा सीट के उपचुनाव का प्रभारी बनाया गया है। इस सीट पर सपा ने अर्जुन आर्य को प्रत्याशी बनाया है। बुधनी विधानसभा सीट मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के इस्तीफे से रिक्त हुई है। पूर्व मंत्री ने बुधनी पहुंचकर चुनाव प्रचार की कमान संभाल ली है। वर्ष 2023 की विधानसभा चुनाव में सपा ने इस सीट पर महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद महाराज को प्रत्याशी बनाया था।

भक्ति भावना | श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

# रुक्मिणी विवाह का वर्णन सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** शहर के स्टेशन रोड स्थित एक मैरिज हॉल में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचक ओमप्रकाश शास्त्री ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया।

कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की तो श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए उन्होंने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हु कहा कि श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया। इस सात दिवसीय भागवत कथा का सफल संचालन के लिए आयोजक मंडली के मुख्य यजमान कमला अग्रवाल व पारीक्षत शिप्रा दीपेश अग्रवाल व उनके सहयोगियों में प्रकाशचंद्र अग्रवाल, रिचा राजीव अग्रवाल, पूजा रामेंद्र कुमार, यसी, खुशी, आश्वत, आशवी, अश्विनी निरंजन, कल्लू यादव, नरेंद्र ठाकुर, हरिओम शिवहरे, पप्पन सिंह, आदर्श मिश्रा, अनुराग दुबे का सराहनीय योगदान रहा।


कथा का श्रवण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

- कथा के बाद होती है महाआरती फिर बंटता है महाप्रसाद


कथा सुनाते आचार्य ओमप्रकाश शास्त्री।

# व्यापारी के घर से लाखों के जेवर व नकदी उड़ाई

कार्यालय संवाददाता उरई

- मकान के पीछे का जंगला तोड़कर घर में घुसे चोर और वारदात को दिया अंजाम

**अमृत विचार।** शहर के राठ रोड पर बीती रात चोरों ने एक व्यापारी के घर को निशाना बनाया। यहां पर मकान के पीछे का जंगला तोड़कर घर में घुसे चोरों ने सोने चांदी की कीमती आभूषण व नकदी सहित लाखों रुपये का माल पार कर दिया। पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे सीओ ने घटना का बारीकी से निरीक्षण किया और पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसमिलिया गांव निवासी गया प्रसाद लोधी शहर के राठ रोड पर रहते हैं, जहां पर वह घर में ही टायर की एजेंसी व कृषि यंत्रों को बेचने का काम करते हैं। बताया गया है कि शुक्रवार की रात घर के पीछे के जगंले की खिड़की तोड़कर घुसे चोरों ने कमरे की अलमारी का ताला तोड दिया। इसके बाद वह फुर्सत से उसमें रखे सोने चांदी के कीमती आभूषण व नकदी सहित करीब 26 लाख का माल समेट कर रफूचक्कर हो गए। सुबह जब घर के लोग जागे और अलमारी वाले कमरे में पहुंचे तो वहां बिखरा पड़ा सामान व गायब जेवर नकदी देख उनके होश उड़ गए। घटना की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। गृह स्वामी ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीओ उमेश कुमार पांडेय व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और व्यापारी व परिजनों से घटना की जानकारी ली। फिलहाल पुलिस ने मामले की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.) :** गेहूंदड़ा 2850-2900 आर.आर.21 3000-3050 गेहूंफारम 3050-3100 जौ 2300-2400 ज्वार 2000-2700 बाजरा 2300-2350 मकाई 2400-2500 **दलहन (प्रति क्वि.) :** चना 6600-6700 अरहर 7500-8000 मसूर 5500-5600 मटर 3300-3400 उड़दहरा 11500-12000 उड़दकाला 7500-8500 मूंग 7500-8000 **दाल (प्रति क्वि.) :** अरहरफूल 15200-15300 अरहरस्पेशल 11200-11300 चनादाल 8200-8300 मटरदाल 4100-4200 मसूरमलका 7100-7150 मसूरदाल 7300-7350 उड़ददाल 9000-13500 उड़द धोवा 10000-12500 मूंगदाल 8500-9700 मूंग धोवा 9500-11000 **चावल (प्रति क्वि.) :** अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000 -8000 **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) :** आटा 1600-1700 मैदा 1700-1770 सूजी 1730-1780 **चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) :** शाहपसंद 1600-1630 **तिलहन (प्रति क्वि.) :** लाही 5800-5900 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 10500-11600 मूंगफलीदानाषिवपुरी 8500-11000 बटाली 8000-11000 सेहुआं 4000-4500 **तेल (प्रति क्वि.) :** सरसोंकोल्हू 14700-14800।

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 94,200 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 1,05,000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 1,10,000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 79750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 59450-59650 |

# मानदंडों का उल्लंघन कर रहे जोमैटो-स्विगी

## सीसीआई की जांच में पाया गया कि कंपनियां अनुचित व्यावसायिक प्रथाओं में लिप्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- **जांच में कुछ रेस्तरां भागीदारों को कथित रूप से तरजीही व्यवहार देना भी शामिल**
- **सीसीआई महानिदेशक की रिपोर्ट संबंधित पक्षों के साथ साझा की सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा**



भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की जांच में पाया गया है कि खाद्य वितरण मंच जोमैटो और स्विगी अनुचित व्यावसायिक प्रथाओं में लिप्त हैं। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इनमें कुछ रेस्तरां भागीदारों को कथित रूप से तरजीही व्यवहार देना भी शामिल है। सीसीआई ने अप्रैल, 2022 में विस्तृत जांच का आदेश दिया था। जांच रिपोर्ट इस साल की शुरुआत में नियामक को सौंप दी गई थी।

नियमों के तहत, सीसीआई महानिदेशक की रिपोर्ट संबंधित पक्षों के साथ साझा की गई है और बाद में, नियामक द्वारा उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा। सभी के विचार और स्पष्टीकरण एकत्र करने के बाद नियामक अंतिम आदेश पारित करेगा। दोनों संस्थाओं की जांच का निर्णय भारतीय राष्ट्रीय रेस्तरां संघ (एनआरएआई) द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर लिया गया था।

सूत्रों ने बताया कि जांच में पाया गया है कि दोनों संस्थाएं प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों में लिप्त थीं, जिनमें कथित तौर पर कुछ रेस्तरां भागीदारों को तरजीह देना भी शामिल है। इस साल की शुरुआत में नियामक को रिपोर्ट सौंपी गई थी। स्विगी को ईमेल पर भेजे गए प्रश्न का उत्तर नहीं मिला, जबकि जोमैटो ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। एनआरएआई ने कहा कि उसने मार्च, 2024 में भेजी गई संशोधित जांच रिपोर्ट की समीक्षा की है।

एनआरएआई के अध्यक्ष सागर दरयानी ने उम्मीद जताई कि सीसीआई 2022 में एनआरएआई द्वारा अपनी याचिका में उठाए गए अन्य मुद्दों पर भी जांच में तेजी लाएगा। पिछले महीने स्विगी ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए दाखिल आरंभिक दस्तावेजों में सीसीआई मामले का उल्लेख किया था। आईपीओ शुक्रवार को बंद हुआ।

## कोयला मंत्रालय को 17 करोड़ टन से अधिक उत्पादन का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** सरकार ने उम्मीद जताई कि वह चालू वित्त वर्ष में कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉकों से 17 करोड़ टन से अधिक के उत्पादन लक्ष्य को हासिल कर लेगी। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल से नवंबर तक कैप्टिव और वाणिज्यिक खदानों से उत्पादन सालाना आधार पर 33 प्रतिशत बढ़कर 10.08 करोड़ टन हो गया। इस अवधि के दौरान कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला खदानों से कुल प्रेषण सालाना आधार पर 8.02 करोड़ टन से बढ़कर 10.78 करोड़ टन हो गया। बयान में कहा गया, कोयला मंत्रालय 2024-25 में कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉकों से 17 करोड़ टन से अधिक उत्पादन लक्ष्य हासिल करने को लेकर आशावादी है।

# वियतजेट की भारतीय यात्रियों के लिए विशेष प्रोत्साहन योजनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

- **11 नवंबर को बुकिंग पर एक दिशा का इकॉनमी क्लास टिकट 5555 रुपये में देने की पेशकश**

वियतनाम के नये जमाने की एयरलाइन वियतजेट ने भारतीय यात्रियों के लिए नवंबर माह में दो विशेष प्रोत्साहन योजनाएं पेश की है जिसमें 11 नवंबर को बुकिंग पर भारत और वियतनाम के बीच एक दिशा का इकॉनमी क्लास टिकट 5555 रुपये में देने की पेशकश भी है।

एयरलाइन की एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि उसकी वेबसाइट या मोबाइल ऐप पर 11 नवंबर को रात 12:00 बजे से रात 11:59 बजे तक भारत और वियतनाम के बीच एक दिशा का इकॉनमी श्रेणी का टिकट 5555 रुपये (करों और शुल्कों समेत) से शुरू होगा। यात्री इस प्रोत्हान योजना का प्रोमो कोड वीजे11 आगमी एक जनवरी से 22 मई, 2025 के बीच की उड़ानों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। विज्ञप्ति में बताया गया है कि 13 से 19 नवंबर तक एयरलाइन अपने घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय सारे मार्गों (रूट्स) पर बिजनेस और स्कायबॉस टिकटों पर 20 प्रतिशत तक छूट (करों और शुल्कों को छोड़कर) दे रही है। यह छूट एक मार्च से 22 मई, 2025 तक की यात्रा के लिये होगी और यात्री चेकआउट पर प्रोमो कोड लीडरनोव का इस्तेमाल कर इसका लाभ ले सकते हैं। इस छूट में इसमें कर एवं शुल्क शामिल नहीं हैं। यात्री इस खास पेशकश का फायदा उठाने के लिए वियतजेट की आधिकारिक वेबसाइट पर या फिर वियतजेट मोबाइल एप का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# विकसित राष्ट्र के लिए तीव्र आर्थिक वृद्धि के साथ शिक्षा, कौशल विकास जरूरी: विरमानी

नई दिल्ली, एजेंसी



- **अगले दशक में जीडीपी 5.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया**

नीति आयोग के सदस्य डॉ. अरविंद विरमानी ने विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए उच्च आर्थिक वृद्धि और शिक्षा तथा कौशल में सुधार को जरूरी बताया कि इस दशक की शेष अवधि में औसत प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (प्रति व्यक्ति जीडीपी) वृद्धि 6.2 प्रतिशत वार्षिक अगले दशक में इसके 5.7 प्रतिशत वार्षिक रहने का अनुमान लगाया है।

डॉ. विरमानी ने कहा कि भारत वर्तमान में जीडीपी और प्रति जीडीपी वृद्धि दर में दुनिया में सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि 2030 तक चीन और मलेशिया जैसे उच्च मध्यम आय वाले देशों (यूएमआईसी) और 2050 तक अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) जैसे उच्च आय वाले देशों (एचआईसी) के साथ समानता हासिल करने के लिए इस तरह की ऊंची आर्थिक वृद्धि दर बने रहना आवश्यक है। उन्होंने केंद्र राज्य और स्थानीय स्तरों पर पुरानी चली आ रही नियंत्रण की मानसिकता से विकास-केंद्रित प्रशासन में बदलाव की भी जरूरत बताया। डॉ. विरमानी ने शुक्रवार शाम यहां 1947 तक विकसित भारत का एक सपना विषय पर एक वार्ता में कहा कि रोजगार के अवसरों में विस्तार और मजदूरी बढ़ने के रुझान से गरीबी कम हो रही है तथा आय के वितरण में सुधार हो रहा है। उन्होंने गरीबी और विषमता कम करने में बुनियादी शिक्षा और कार्य कौशल के क्षेत्र में प्रगति की आवश्यकता पर बल दिया।

## भारतीय हवाई क्षेत्र में उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु क्षेत्र में हवाई यातायात को और अधिक सुचारू बनाने के उपायों की आवश्यकता पर बल देते हुए नागर विमानन सचिव वुमलुनमंग वुअलनाम ने शनिवार को सुझाव दिया कि हवाई यातायात नियंत्रकों को सृजनात्मक कृत्रिम मेधा (जेन-एआई) जैसी नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर विचार करना चाहिए। वह राष्ट्रीय राजधानी में एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स गिल्ड (इंडिया) द्वारा आयोजित इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स एसोसिएशन की 40वीं एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।

# एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अधिक अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की योजना बनाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कहा- नेटवर्क विस्तार और समूह के साथ तालमेल से बढ़त मिलेगी**

एयर इंडिया एक्सप्रेस छोटे शहरों और कस्बों को महानगरों से जोड़ने के साथ ही नए विदेशी गंतव्यों के लिए उड़ान भरने पर ध्यान केंद्रित करेगी। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एआई एक्सप्रेस ने कहा कि नेटवर्क विस्तार और समूह के साथ तालमेल से उसे बढ़त मिलेगी।

एयर इंडिया एक्सप्रेस में हाल में एआईएक्स कनेक्ट का विलय हुआ है। एयरलाइन के पास लगभग 90 विमानों का बेड़ा है और चालू वित्त वर्ष के अंत तक यह संख्या 110 को पार कर सकती है। कंपनी का लक्ष्य मार्च, 2025 के अंत तक कुल 55 गंतव्यों के लिए उड़ान भरना है और इसने एयर इंडिया समूह की रणनीति के तहत अपने नेटवर्क को युक्तिसंगत भी बनाया है।

अधिकारियों ने कहा कि घरेलू मार्गों को जोड़ने के अलावा, टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन थाईलैंड के बैंकॉक और फुकेट जैसे और विदेशी गंतव्यों के लिए उड़ानें शुरू करेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने कहा कि एयरलाइन टियर-2 और टियर-3 शहरों और कस्बों पर ध्यान केंद्रित करेगी। सिंह ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कंपनी मुख्य रूप से टियर-2, टियर-3 शहरों से खाड़ी, पश्चिम-एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और फिर दक्षिण-एशिया से जोड़ेगी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि एयरलाइन की नेटवर्क रणनीति समूह की नेटवर्क रणनीति के साथ गहराई से जुड़ी हुई है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### नौसेना चार दिसंबर को पुरी में क्षमताओं का प्रदर्शन करेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना चार दिसंबर को नौसेना दिवस के मौके पर ओडिशा में पुरी के ब्लू फ्लैग समुद्र तट पर अपनी दुर्जेय समुद्री क्षमताओं और परिचालन शक्ति का प्रदर्शन करेगी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। नौसेना के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनने के लिए सहमति दे दी है। इस कार्यक्रम में नौसेना की बहुमुखी क्षमताओं को प्रदर्शित किया जाता है और नागरिकों में समुद्री जागरूकता बढ़ाई जाती है।

### गोलीबारी की दो घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में 10 मिनट के भीतर तीन लोगों द्वारा की गई गोलीबारी की दो घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार आरोपियों ने सबसे पहले वेलकम के कबीर नगर में आधी रात करीब एक बजे एक व्यक्ति पर गोली चलाई तथा उसकी स्कूटी लूट ली और उस पर सवार होकर ज्योति नगर में एक स्थान पर पहुंचे जहां उन्होंने एक घर पर गोलीबारी की। पहली घटना में गोली लगने से घायल हुए नदीम उर्फ बॉबी और शाहनवाज को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि नदीम को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि शाहनवाज का इलाज किया जा रहा है। दूसरी घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### नेकां ने कश्मीर के लिए नया प्रांतीय अध्यक्ष नियुक्त किया

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) ने शनिवार को शौकत अहमद मीर को कश्मीर का नया प्रांतीय अध्यक्ष नियुक्त किया। सत्तारूढ़ पार्टी ने एक बयान में कहा कि मीर कश्मीर इकाई के नए प्रांतीय अध्यक्ष होंगे। मीर अभी तक प्रंतीय सचिव थे। मीर नसीर असलम वानी की जगह लेंगे जिन्हें मुख्यमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया जा चुका है। बारामूला के जिला अध्यक्ष रहे सज्जाद शफी उरी को उत्तरी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह जाविद अहमद डार की जगह लेंगे, जिन्हें अब्दुल्ला के नेतृत्व वाले मंत्रालय में शामिल किया गया था।

# हिंदुस्तान को जोड़ने का काम करती है कांग्रेस

## लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मोदी सरकार पर बरसे, कहा कि विचारधारा की लड़ाई चल रही है

रांची, एजेंसी

- **कहा- बीजेपी चाहती है कि संविधान को खत्म कर दिया जाए**



जमशेदपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते राहुल गांधी। • एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को जमशेदपुर की चुनावी सभा में मोदी सरकार पर जमकर बरसे। गांधी ने कहा कि यह जो लड़ाई चल रही है वह लड़ाई विचारधारा की है। झारखंड विधानसभा चुनाव में एक तरफ कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन तो दूसरी तरफ बीजेपी और आरएसएस। एक तरफ मोहब्बत, एकता, भाईचारा, इज्जत दूसरी तरफ नफरत, हिंसा और अहंकार।

हम कहते हैं कि संविधान को बचाना है संविधान हिंदुस्तान का है, संविधान जनता की रक्षा करता है और बीजेपी चाहती है कि संविधान को खत्म किया जाए और जैसे पहले हुआ करता था वैसे एक बार फिर हिंदुस्तान को चलाया जाए। हमने कन्याकुमार से लेकर कश्मीर तक यात्रा निकाली थी। और एक ही मैसेज था हिंदुस्तान को जोड़ना है सबको एक साथ आगे लेकर चलना है। हमने नारा दिया था नफरत के बाजार में हम मोहब्बत की दुकान खोलेंगे। नरेंद्र मोदी जी हिंदुस्तान को बांटते हैं। एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाते हैं। एक जात को दूसरे जात से लड़ाते हैं। एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ाते हैं। कांग्रेस पार्टी हिंदुस्तान को जोड़ने का काम करती है। हम अंग्रेजों से लड़े और हमने आपको संविधान दिया। अंबेडकर जी ने, गांधी जी ने आपको संविधान दिया। आज गरीबों, किसानों, मजदूरों की कोई रक्षा करता है तो वो है संविधान। संविधान को कोई नहीं खत्म कर सकता है। इसकी रक्षा कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन करेगी। गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान में बेरोजगारी फैल गई है। नरेंद्र मोदी की पॉलिसी ने हिंदुस्तान में सबसे ज्यादा बेरोजगारी लाई है। नोटबंदी, गलत जीएसटी पॉलिसी गरीबों को मारने का, किसानों को मारने का, मजदूरों को मारने का हथियार हैं। नरेंद्र मोदी जी ने आपका कितना कर्जा माफ किया है। एक भी नहीं लेकिन अडाणी और अंबानी जैसे 25 लोगों का 16 लाख करोड़ माफ किया है। उनके लिए जो भी वो चाहते हैं पीएम करने को तैयार है। लेकिन आप कर्जा माफी मांगो, रोजगार मांगो आपको मोदी जी कुछ नहीं देते हैं। इसलिए कांग्रेस पार्टी ने, इंडिया गठबंधन ने झारखंड में फैसला लिया है कि जितना पैसा ये लोग अरबपतियों को देते हैं उतना पैसा हम आपके बैंक आकउंट में डालेंगे।

# राहुल अपरिपक्व, उनके नेतृत्व में कांग्रेस आगे नहीं बढ़ सकती

पुणे, एजेंसी



- **केंद्रीय मंत्री किरेन रीजिजू ने कहा- महायुति गठबंधन जीत हासिल करेगा**

केंद्रीय मंत्री किरेन रीजिजू ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपरिपक्व हैं और विदेशों में भारत को बदनाम कर कोई भी नेता नहीं बन सकता। रीजिजू ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि महायुति गठबंधन 20 नवंबर के महाराष्ट्र चुनाव में आसानी से जीत हासिल करेगा क्योंकि कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष के फर्जी विमर्श काम नहीं करेंगे। महायुति में भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा शामिल हैं।

कांग्रेस नेता द्वारा भाजपा पर लोगों को जाति और समुदाय के आधार पर बांटने का आरोप लगाये जाने के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह राहुल गांधी ही हैं जो अपने पूरे राजनीतिक करियर में ऐसे कृत्यों में लिप्त रहे हैं। रीजिजू ने दावा किया, अब, वह बेनकाब हो गए हैं। हाल में नागपुर में उनके द्वारा संबोधित एक रैली में, संविधान की प्रतियां वितरित की गईं, जिसके पन्नों पर एक शब्द भी नहीं लिखा था। इससे वह और भी बेनकाब हो गए हैं। राहुल अक्सर संविधान की प्रति दिखाते हुए आरोप लगाते हैं कि भाजपा संविधान बदलना और आरक्षण को खत्म करना चाहती है।

# सुक्खू के लिए आर्डर किए ऑनलाइन समोसे

हमीरपुर/शिमला, एजेंसी

- **हमीरपुर के भाजपा विधायक आशीष शर्मा ने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा की**

हिमाचल प्रदेश में एक भाजपा विधायक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के लिए 11 समोसे ऑनलाइन आर्डर किये हैं। एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के लिए मंगाये गये समोसे चूकवश उनके सुरक्षाकर्मियों को खिला दिए जाने की घटना की सीआईडी जांच को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए हमीरपुर के भाजपा विधायक आशीष शर्मा ने शनिवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा की। वैसे कांग्रेस ने कहा कि राज्य सरकार ने ऐसी किसी जांच का आदेश नहीं दिया है और यह सीआईडी की अंदरूनी मामला हो सकता है। एक शीर्ष सीआईडी अधिकारी ने भी कहा कि इस घटना की औपचारिक जांच का आदेश नहीं दिया गया है।

शर्मा ने फेसबुक पर पोस्ट किया, राज्य पहले ही बेरोजगारी, वित्तीय संकट, कर्मचारियों की पेंशन में देरी और डीए भत्ते के बकाया जैसी समस्याओं से जूझ रहा है, ऐसे समय में समोसे पर सीआईडी जांच के आदेश देना बेहद निराशाजनक है।

### नहीं करवाई समोसे पर सीआईडी जांच: चौहान

**शिमला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने शिमला में समोसा मार्च निकाल कर लोगों को समोसे बांटे और सरकार पर विकास के बजाय समोसे पर ध्यान होने के आरोप लगाए। वहीं मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि भाजपा प्रदेश हित के मुद्दों को उठाने के बजाय समोसे पर राजनीति कर रही है, जबकि सरकार ने कोई सीआईडी जांच नहीं करवाई है।

## कांग्रेस ने ठाणे में दो बागी उम्मीदवारों को निलंबित किया

**ठाणे।** कांग्रेस ने पार्टी के उन दो स्थानीय नेताओं को शनिवार को निलंबित कर दिया, जो ठाणे जिले के कोपरी-पचपखाड़ी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस की ठाणे इकाई के प्रमुख विक्रांत चव्हाण ने कहा कि मनोज प्रधान और सुरेश पाटिल खेड़े को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए छह साल के लिए निलंबित कर दिया गया है। चव्हाण ने बताया कि प्रधान और खेड़े ने अपना नामांकन वापस लेने से इनकार कर दिया।

# पितृसत्ता अगर लड़कियों को रोकती तो इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री कैसे बनीं

बेंगलुरु, एजेंसी



- **केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण ने सीएमएस बिजनेस स्कूल के विद्यार्थियों से मुलाकात की**

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सवाल किया है कि अगर पितृसत्ता भारत में महिलाओं को आगे बढ़ने से रोक रही होती तो इंदिरा गांधी कैसे प्रधानमंत्री बन सकती थीं? सीतारमण ने शनिवार को यहां सीएमएस बिजनेस स्कूल के विद्यार्थियों से मुलाकात की और नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की ओर से उठाए गए विभिन्न कदमों तथा युवाओं के लिए शुरू की गईं सरकारी योजनाओं पर चर्चा की, जिनमें 21 से 24 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार युवाओं के लिए एक करोड़ प्रशिक्षु भत्ता (इंटर्नशिप) की योजना भी शामिल है।

महिला सशक्तीकरण के बारे में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए सीतारमण ने कहा कि पितृसत्ता एक अवधारणा है जिसका आविष्कार वामपंथियों ने किया है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं को सलाह दी, आप शानदार शब्दावली के बहकावे में न आएं। यदि आप अपने लिए खड़ी होंगी और तार्किक ढंग से बात करेंगी, तो पितृसत्ता आपको अपने सपने पूरे करने से नहीं रोकेगी। सीतारमण ने हालांकि स्वीकार किया कि महिलाओं को पर्याप्त सहूलियत नहीं मिल पाती।

# जमानत याचिका पर निर्णय लेने में देरी से प्रतिकूल प्रभाव

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने अदालतों द्वारा जमानत याचिकाओं को वर्षों तक लंबित रखने की परिपाटी पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि ऐसे मामलों में निर्णय लेने में एक दिन की भी देरी से नागरिकों के मूल अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने शुक्रवार को पारित आदेश में कहा कि उच्चतम न्यायालय ने बार-बार व्यक्तिगत स्वतंत्रता के महत्व पर जोर दिया है।

न्यायालय ने कहा, इस अदालत ने कहा है कि जमानत याचिका पर निर्णय लेने में एक दिन की भी देरी से नागरिकों के मूल अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। हम जमानत याचिका को वर्षों तक लंबित रखने की परिपाटी की सराहना नहीं कर सकते। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी एक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई करते हुए की।

# एशिया के शीर्ष 100 शैक्षणिक संस्थानों में भारत के सात संस्थान

नई दिल्ली,एजेंसी

अकादमिक, शोध उत्कृष्टता, नवाचार, अंतर्राष्ट्रीयकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के मामले में एशिया के 100 शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों में सात भारतीय संस्थानों ने जगह बनायी है। क्वाकरेल्ली सायमोंड्स (क्यूएस) की ओर से जारी की गयी क्यूएस एशिया रैंकिंग 2025 में एशिया के शीर्ष 50 शैक्षणिक संस्थानों में दो, जबकि शीर्ष 100 संस्थानों में सात भारतीय संस्थानों ने जगह बनायी है। इस सूची में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली (आईआईटी, दिल्ली) 44वें स्थान पर है। वहीं, आईआईटी बॉम्बे 48वें स्थान पर है।

### ये संस्थान शामिल

क्यूएस की सूची के अनुसार आईआईटी दिल्ली (44वां), आईआईटी बॉम्बे (48वां), आईआईटी मद्रास (56), आईआईटी खड़गपुर (60), भारतीय विज्ञान संस्थान (62), आईआईटी कानपुर (67), और दिल्ली विश्वविद्यालय (81) शामिल हैं। इसके अलावा इस सूची में आईआईटी गुवाहाटी (104), आईआईटी रुड़की (108), जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (110), चंडीगढ़ विश्वविद्यालय (120), यूपीईएस (148) और वेल्लोर प्रौद्योगिकी संस्थान (150) जैसे संस्थान शामिल हैं।

शिक्षा मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार पेट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय (यूपीईएस), देहरादून ने भारतीय संस्थानों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हुये 70 पायदान चढ़कर 148वें स्थान पर पहुंच गया। इस विश्वविद्यालय की रैंकिंग में सुधार 11 रैंकिंग मेट्रिक्स में से नौ (विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क, प्रति पेपर उद्धरण और प्रति संकाय पेपर) में उल्लेखनीय प्रगति के कारण हुआ है। भारत के सबसे मजबूत औसत संकेतक स्कोर प्रति संकाय और पीएचडी वाले कर्मचारियों के पेपर में हैं। उल्लेखनीय है कि क्यूएस की रैंकिंग पूर्वी, दक्षिणी, दक्षिण-पूर्वी और मध्य एशिया के 25 देशों को कवर करने वाले 984 संस्थानों का मूल्यांकन करती है। यह संस्थानों और विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र के भीतर संस्थागत प्रदर्शन पर सीधी तुलना करने की अनुमति देती है, जिसमें मेट्रिक्स के लिये अधिक विस्तृत दृष्टिकोण होता है। इस वर्ष क्यूएस की सूची में एशिया के शीर्ष 50 संस्थानों में दो और शीर्ष 100 में सात भारतीय संस्थानों ने जगह बनायी है। गौरतलब है कि आईआईटी, दिल्ली पिछले वर्ष इस सूची में 46वें स्थान रहा था। इस वर्ष इस संस्थान ने 99 प्रतिशत का प्रभावशाली नियोक्ता प्रतिष्ठा स्कोर हासिल किया है।

# हरमनप्रीत-श्रीजेश को एफआईएच का शीर्ष पुरस्कार

- नीदरलैंड के जोएप डी मोल और थियरी ब्रिंकमैन को छोड़ा पीछे
- कप्तान ने पेरिस ओलंपिक में किए थे सर्वाधिक 10 गोल

लुसाने (स्विट्जरलैंड), एजेंसी




भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और दिग्गज पीआर श्रीजेश ने वर्ष 2024 के लिए क्रमशः एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर (वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) और गोलकीपर ऑफ द ईयर पुरस्कार (वर्ष का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर) हासिल किया है। हरमनप्रीत और श्रीजेश दोनों को ओमान में 49वीं एफआईएच कांग्रेस के दौरान यह सम्मान मिला। हरमनप्रीत ने शीर्ष पुरस्कार के लिए नीदरलैंड के जोएप डी मोल और थियरी ब्रिंकमैन, जर्मनी के हेंस मुलर और इंग्लैंड के जैक वालेस को पीछे छोड़ा।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेरिस ओलंपिक में सर्वाधिक 10 गोल किए थे। उन्होंने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में गोल करने के अलावा स्पेन के खिलाफ कांस्य पदक के मैच में भारत की तरफ से दोनों गोल किए। भारत ने यह मैच 2-1 से जीतकर ओलंपिक में लगातार दूसरी बार पोडियम स्थान हासिल किया। श्रीजेश ने गोलकीपर वर्ग में शीर्ष पुरस्कार हासिल करने की दौड़ में नीदरलैंड के पिरमिन ब्लैक, स्पेन के लुइस कैलजाडो, जर्मनी के जीन पॉल डेनेबर्ग और सैंटियागो को पीछे छोड़ा।

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले श्रीजेश ने भी तीसरी बार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार हासिल किया। इससे पहले उन्होंने 2020-21 और 2021-22 में यह पुरस्कार जीता था। श्रीजेश ने कहा मैं आज बहुत खुश हूं। मेरे खेल करियर के इस आखिरी खेल सम्मान के लिए धन्यवाद। पुरस्कारों के अन्य विजेताओं में नीदरलैंड की यिब्बी जानसन (महिला खिलाड़ी), चीन की ये जिओ (महिला गोलकीपर), पाकिस्तान की सुफियान खान (पुरुष उभरता सितारा), अर्जेंटीना की ज़ो डियाज़ (महिला उभरती हुई खिलाड़ी), नीदरलैंड के जेरोइन डेल्मी (पुरुष कोच), एलिसन अन्नान (महिला कोच), ऑस्ट्रेलिया के स्टीव रोजर्स (पुरुष अंपायर), स्कॉटलैंड की सारा विल्सन (महिला अंपायर) शामिल रहे।

# चैंपियंस ट्राफीः पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम



मुंबई। अगले साल फरवरी में प्रस्तावित चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम पड़ोसी देश पाकिस्तान नहीं जायेगी। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए विदेश मंत्रालय ने भारतीय टीम को पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने की सलाह दी है हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

आठ देशों का यह टूर्नामेंट अगले साल 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच पाकिस्तान में होना निर्धारित है। अब इस टूर्नामेंट के लिए पिछले साल की एशिया कप की तरह हाइब्रिड मॉडल अपनाना पड़ सकता है। हाइब्रिड मॉडल के अनुसार यह चैंपियनशिप पाकिस्तान के अलावा यूएई अथवा श्रीलंका में खेली जा सकती है। गौरतलब है कि 2012-13 के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच कोई भी द्विपक्षीय सीरीज नहीं हुई है। दोनों देशों के बीच आखिरी टेस्ट 2007 में हुआ था।

# कोहली की समीक्षा न करें, सब बदल सकता है ऑस्ट्रेलिया का दौरा : पोंटिंग

दुबई, एजेंसी



- 22 से पर्थ में शुरू होगी भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला
- रिकी बोले- स्पिन को ऐसा नहीं खेल पा रहे भारतीय जैसा खेला करते थे

ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के चैंपियन बल्लेबाज विराट कोहली का आकलन मौजूदा फॉर्म के आधार पर नहीं होना चाहिए क्योंकि वह पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला में दमदार वापसी कर सकते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी।

भारतीय टीम को हाल ही में न्यूजीलैंड ने तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 3-0 से हराया। कोहली छह पारियों में 93 रन ही बना सके। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग ने आईसीसी से कहा मैं विराट के बारे में पहले भी बोल चुका हूं। आप महान खिलाड़ियों पर ऊंगली नहीं उठा सकते। इसमें कोई शक नहीं कि वह महान क्रिकेटर है। वह इस श्रृंखला में सब कुछ बदल सकता है।

अगर विराट पहले ही मैच से रन बनाने लगे तो मुझे हैरानी नहीं होगी। पोंटिंग ने कहा न्यूजीलैंड से मिली हार स्पिनरों को खेलने में भारतीय बल्लेबाज कमजोर साबित हुए हैं। ऐसा लगता है कि अब भारत के आधुनिक बल्लेबाज स्पिन को उस तरह से नहीं खेल पा रहे जैसे भारतीय बल्लेबाज खेला करते थे। शायद अब भारत की पिचें तेज गेंदबाजों की मददगार अधिक हैं।

## खेल डायरी

### अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी डॉ. गुरचरण सिंह का निधन

**जालंधर।** इंडियन एयरलाइंस और एयर इंडिया के अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और सुरजीत हॉकी सोसाइटी, जालंधर के संस्थापक सदस्य गुरचरण सिंह, जिन्हें हॉकी के क्षेत्र में डाक्टर और गुरु के नाम से जाना जाता था, का शनिवार की सुबह जालंधर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार यानी 10 नवंबर को अपराह्न तीन बजे शमशान घाट, मॉडल टाउन, जालंधर में किया जाएगा। इस दुख की घड़ी में सुरजीत हॉकी सोसायटी के अध्यक्ष एवं जिले के उपायुक्त डॉ. हिमांशु गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष लखविंदर पाल सिंह खैरा और लेख राज नायर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम प्रताप तथा अमरीक सिंह पुआर, महासचिव सुरिंदर सिंह भापा, सीईओ इकबाल सिंह संधू, सचिव रणबीर सिंह टुट, नरिंदर सिंह जज, इकबाल सिंह ढिल्लों, सुखविंदर सिंह लाली, तरलोक सिंह भुल्लर, गुरविंदर सिंह गुल्लू, हॉकी पंजाब के अध्यक्ष नितिन कोहली, अजीत पाल सिंह, एशोन ध्यानचंद, हरचरण सिंह, अशोक दीवान, बलदेव सिंह, हरदीप सिंह, अजीत सिंह, राजिंदर सिंह, गुनदीप कुमार, संजीव कुमार ने मृतक डॉ. गुरचरण सिंह के असामयिक निधन पर उनकी पत्नी जगतेश्वर कौर तथा परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### किरण का कोरिया मास्टर्स में विजय अभियान थमा

**इक्सान सिटी (कोरिया)।** भारतीय शटलर किरण जॉर्ज का कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में विजय अभियान शनिवार को यहां पुरुष एकल के सेमीफाइनल में थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसार्न से हार के साथ समाप्त हो गया। विश्व में 41वें नंबर के 24 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी जॉर्ज इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 प्रतियोगिता में शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी वितिदसार्न से 12–21, 20–22 से हार गए। प्रकाश पदुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) में प्रशिक्षण लेने वाले जॉर्ज ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त ताकुमा ओबयाशी को हराकर उलटफेर किया था। जॉर्ज की सेमी फाइनल में हार के साथ ही भारत का इस प्रतियोगिता में अभियान भी समाप्त हो गया।

### रोहतास चौधरी ने तोड़ा पाकिस्तान का 534 का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** पुश अप मैन ऑफ इंडिया रोहतास चौधरी ने शनिवार को टाउन हॉल गांधीनगर, गुजरात में पाकिस्तान के पुश अप रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। पाकिस्तान के नाम 27 किग्रा वजन के साथ एक पैर पर 534 पुश अप का विश्व रिकॉर्ड था। रोहतास चौधरी ने 722 का रिकॉर्ड बनाकर पाकिस्तान के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवरत उपस्थित रहे। गौरतलब है कि गत 12 जनवरी को रोहतास चौधरी ने स्पेन के पुश अप मैन के 37 किलो वजन के साथ 537 पुश अप के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 743 पुश अप का विश्व कीर्तिमान बनाया था। भारत के नाम उनका यह विश्व कीर्तिमान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो चुका है। इस विश्व रिकॉर्ड को उन्होंने दिल्ली पुलिस को समर्पित किया था, दिल्ली पुलिस ने कोरोना काल में अपनी जान की बाजी लगाकर लोगों की जान बचाई थी। पाकिस्तान का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए पूरे देश से चौधरी को बधाई संदेश प्राप्त हो रहे है। रोहतास चौधरी ने बताया कि यह कीर्तिमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्पित है।

### पीसीबी ने की मुख्य परिचालन अधिकारी की नियुक्ति

**लाहौर।** सीनियर ब्यूरोक्रेट सैयद समीर अहमद को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का नया परिचालन अधिकारी नियुक्त किया गया है। लाहौर के उप आयुक्त अहमद अब सलमान नसीर की जगह लेंगे। पीसीबी के गर्वनर बोर्ड ने शनिवार को उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी। पंजाब के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री रहे पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी द्वारा अपने समय के कुछ और ब्यूरोक्रेट्स की नियुक्ति किये जाने की संभावना है।

# डरबन जीता, अब गकेबरहा की बारी

## शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम, अभिषेक की बल्लेबाजी पर सवाल

गकेबरहा, एजेंसी



संजू सैमसन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे लेकिन भारत को अगर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके अपना विजय अभियान जारी रखना है तो उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी।

सैमसन ने डरबन में खेले गए पहले मैच में 50 गेंद पर 107 रन की शानदार पारी खेली थी जिससे भारत ने यह मैच 61 रन से जीता। भारत के अन्य बल्लेबाज हालांकि पर्याप्त योगदान नहीं दे पाए थे जो टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय होगा। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा कई मौके मिलने के बावजूद उनका फायदा नहीं उठा पाए जो टीम प्रबंधन के लिए बड़ी चिंता है। वह इस साल के शुरू में जिंबॉब्वे के खिलाफ शतक बनाने के बाद से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। भारत की अंतिम एकादश में बदलाव की संभावना नहीं है लेकिन टीम प्रबंधन अभिषेक के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव को देखकर निराश होगा। विशेषकर तब जबकि वह रोहित शर्मा के टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद इस छोटे प्रारूप में सलामी बल्लेबाज के अन्य विकल्पों की तलाश कर रहा है। तिलक वर्मा ने 18 गेंद पर 33 रन की तूफानी पारी खेली लेकिन उन्हें इस तरह की शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने की जरूरत है।

भारतीय मध्य क्रम में एक स्थान के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है और अगर वर्मा को अपनी जगह पक्की करनी है तो उन्हें लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पहले मैच में अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए जबकि ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी उम्मीद पर खरे नहीं उतरे। भारतीय मध्यक्रम कागजों पर मजबूत नजर आता है लेकिन पहले मैच में वे साझेदारी निभाने के लिए संघर्ष करते हुए नजर आए।

जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो वह इस साल जून में भारत के हाथों टी-20 विश्व कप के फाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने में असफल रहा। उसे अपने कई सीनियर खिलाड़ियों की कमी खल रही है। दक्षिण अफ्रीका को अगर भारत का विजय अभियान रोकना है तो उसके युवा खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के अनुरूप प्रदर्शन करना होगा।

**मैच : शाम 7:30 बजे**

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक, जितेश, हार्दिक, अक्षर, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप, विजयकुमार विशक, आवेश, यश दयाल।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मारक्रम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, पैट्रिक क्रुगर, केशव महाराज, डेविड मिलर, मिहलाली मपोंगवाना, नकाबा पीटर, रयान रिकेलटन, एंडिले सिमलेन, ट्रिस्टन स्टब्स।

### असफलताओं के बाद हुआ था क्षमता पर संदेह : सैमसन

**डरबन।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि लगातार असफलताओं के कारण उन्हें अपनी क्षमता पर संदेह हो गया था लेकिन कप्तान और कोच के समर्थन से वह मजबूत वापसी करने में सफल रहे। सैमसन ने कहा मैंने करियर में कई असफलताओं का सामना किया है। जब असफलता से गुजरते हैं, तो बहुत सारे संदेह पैदा हो जाते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ए ने किया इंडिया ए को क्लीन स्वीप

- कॉन्स्टास और वेबस्टर की साझीदारी ने ऑस्ट्रेलिया को दिलाई शानदार जीत



निराश होकर पवेलियन लौटते केएल राहुल। ● एजेंसी

मेलबर्न, एजेंसी

सैम कॉन्स्टास (73 नाबाद) और बो वेबस्टर (नाबाद 46) के बीच 96 रन की साझेदारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ए ने इंडिया ए को छह विकेट से हरा कर दो मैचों की सीरीज पर क्लीन स्वीप किया। इंडिया ए ने पहली पारी में 161 रन पर बनाये थे जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ए ने पहली पारी में 223 रन बना कर महत्वपूर्ण लीड हासिल की थी।

ध्रुव जुरेल (68) के अर्धशतक की बदौलत इंडिया ए ने दूसरी पारी में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन करते हुए 229 रन बनाए मगर कॉन्स्टास और वेबस्टर की साझीदारी ने भारत ए को एक और हार झेलने पर विवश कर दिया। इंडिया ए के लिए राहत की बात ध्रुव जुरेल का लगातार दूसरा अर्धशतक और प्रसिद्ध कृष्णा की दोनों पारियों में अच्छी गेंदबाजी रही और दोनों ही खिलाड़ियों ने इस प्रदर्शन से पर्थ टेस्ट के लिए अपना दावा मजबूत किया है। इससे पहले दिन की शुरुआत में मैच का दूसरा अर्धशतक लगाते हुए जुरेल ने भारत को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। नीतीश (38), तनुष (44) और प्रसिद्ध (29) ने उनका अच्छा साथ दिया। कॉन्स्टास ने पहले कप्तान नेथन मैक्सवीनी (25) और फिर वेबस्टर के साथ मिलकर अपनी टीम को आसान जीत दिला दी।

# पंकज ने जीता रिकॉर्ड 28वां विश्व बिलियडर्स खिताब



- बिलियडर्स चैंपियनशिप में इंग्लैंड के रॉबर्ट हाल को 4-2 से हराया

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने ऐतिहासिक 28वां विश्व खिताब जीत लिया जब उन्होंने दोहा में आईबीएसएफ विश्व बिलियडर्स चैंपियनशिप में इंग्लैंड के रॉबर्ट हाल को 4-2 से हराया। आडवाणी ने पहला विश्व खिताब 2016 में जीता था। कोरोना महामारी के दौरान 2020 और 2021 में विश्व चैंपियनशिप नहीं हुई। उन्होंने 151-94, 151-0, 150-84, 74-151, 6-154, 152-46 से जीत दर्ज की। जीत के बाद उन्होंने कहा विश्व बिलियडर्स खिताब बार-बार जीतकर अच्छा लगता है। यह मुकाबला हालांकि आसान नहीं था। प्रतिस्पर्धा काफी कठिन थी।

# जलज की फिरकी के दम पर केरल ने उप्र को हराया

- रणजी ट्रॉफी: बंगाल ने कर्नाटक से खेला ड्रा, हासिल किए तीन अंक

थुम्बा (केरल), एजेंसी



विदर्भ और हिमाचल प्रदेश के मैच के दौरान विकेट के लिए अपील करते खिलाड़ी। ● एजेंसी

अनुभवी स्पिनर जलज सक्सेना के छह विकेट की मदद से केरल ने उत्तर प्रदेश को एक पारी और 117 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी से नॉकआउट में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त कर लिया। केरल के अब 15 अंक है और वह हरियाणा (17) से दो अंक पीछे है।

उत्तर प्रदेश चार दौर के बाद पांच अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। तीसरे दिन भारी बारिश के कारण खेल नहीं हो सका था। आखिरी दिन केरल ने उत्तर प्रदेश को 116 रन पर समेट दिया जिसने दो विकेट पर 66 रन से आगे खेलना शुरू किया था। सक्सेना की अगुवाई में केरल ने उत्तर प्रदेश के आठ विकेट 50 रन के भीतर चटका दिये और जीत के साथ बोनस अंक भी हासिल किया। इस बीच ड्रेसिंग रूम से पानी टपकने की घटना को लेकर केरल क्रिकेट संघ ने माफी मांगी है।

वहीं, बंगाल ने कर्नाटक के साथ ड्रॉ खेलकर पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए और आठ अंक लेकर चौथे स्थान पर पहुंच गया। बंगाल ने दूसरी पारी पांच विकेट पर 283 रन पर घोषित करके 363 रन की बढ़त बना ली थी। सुदीप कुमार घारामी ने नाबाद 101 रन बनाये और छठे विकेट के लिये रिधिमान साहा (63 नाबाद) के साथ 123 रन जोड़े। मेजबान टीम ने तीन विकेट पर 110 रन बनाये थे जब दोनों टीमें ड्रॉ पर राजी हुई। कर्नाटक अब नौ अंक लेकर चौथे स्थान पर है और अगले मैच में उसका सामना उत्तर प्रदेश से होगा। बंगाल की टीम इंदौर में मध्यप्रदेश से खेलेगी जिसने बिहार को एक पारी और 108 रन से हराकर सात अंक हासिल किए। मध्य प्रदेश बेहतर रनरेट के आधार पर तीसरे स्थान पर है।

### दुबे ने विदर्भ को हिमाचल पर पारी के अंतर से जीत दिलाई

**नागपुर।** बायें हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की जिसके दम पर विदर्भ ने हिमाचल प्रदेश पर रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी में एक पारी और 88 रन से जीत दर्ज की जो इस सत्र में उसकी लगातार चौथी जीत है। इस जीत से पिछले सत्र की उपविजेता टीम की गुजरात पर सात अंक से बढ़त हो गई है और लगातार दूसरी बार उसका नॉकआउट में प्रवेश तय है। पहली पारी में 575 रन बनाने के बाद विदर्भ का काम आसान हो गया था क्योंकि पूरे समय हिमाचल की टीम दबाव से नहीं निकल सकी। दो विकेट पर 51 रन से आगे खेलते हुए पूरी टीम 180 रन पर आउट हो गई। वहीं अहमदाबाद में गुजरात और पुडुच्चेरी का मैच ड्रॉ रहा। गुजरात को पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक मिले।


## बॉलीवुड हलचल

# हीरामंडी को बेहद खास मानती हैं मनीषा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोईराला वेबसीरीज हीरामंडी को बेहद खास मानती हैं। मनीषा कोइराला ने इस साल संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी में काम किया है। मनीषा कोईराला ने वेबसीरीज हीरामंडी में अपने निभाए किरदार के जरिए दर्शकों का दिल जीत लिया। मनीषा अब हीरामंडी–2 में काम करती नजर आएंगी। मनीषा कोइराला ने कहा, हीरामंडी 2 मेरे लिए लाइफ टाइम का प्रोजेक्ट है। अभी मुझे नहीं पता है कि इस पर कब काम शुरू होगा। दरअसल, अभी तो संजय लीला भंसाली फिल्म लव एंड वॉर में व्यस्त हैं, इसके बाद ही वह हीरामंडी–2 पर काम करेंगे।कैंसर से ठीक होने के बाद मैं अपने जीवन का आनंद ले रही हूं। मुझे खुशी है कि मुझे काम करने और बेहतरीन किरदार करने का मौका मिल रहा है। मुझे अच्छे निर्देशकों के साथ भी काम करने का मौका मिला है।

# 10,000 स्क्रीन पर रिलीज होकर नया रिकॉर्ड बनाएगी कंगुवा




**मुंबई।** स्टूडियो ग्रीन की फिल्म कंगुवा 10,000 स्क्रीन पर रिलीज होगी। मच अवेटेड एपिक फिल्म कंगुवा 10,000 स्क्रीन पर ग्लोबल रिलीज के जरिए एक नया रिकॉर्ड कायम करने वाली है। निर्देशक शिव की इस भव्य फिल्म में दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगास्टार सूर्या का शानदार एक्शन देखने को मिलेगा, और इसे इंडिया और इंटरनेशनल मार्केट्स में बड़ा धमाका करने की उम्मीद है। कंगुवा अपनी 10,000 स्क्रीन की रिलीज के साथ, बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली हाल की ब्लॉकबस्टर फिल्मों जैसे जवान, आरआरआर और केजीएफ चैप्टर 2 की लिस्ट में शामिल हो रही है। इसके मेगा प्रोडक्शन, बेहतरीन विजुअल्स और दिलचस्प कहानी ने पहले से ही दुनियाभर के दर्शकों में खासा उत्साह पैदा कर दिया है। कंगुवा इस साल की सबसे बड़ी और सबसे महंगी फिल्म है। फिल्म की शूटिंग अलग अलग कॉन्टिनेंट्स के सात अलग देशों में की गई है। मेकर्स ने टेक्निकल डिपार्टमेंट जैसे एक्शन और सिनेमेटोग्राफी के लिए हॉलीवुड एक्सपर्ट्स को हायर किया है। फिल्म में कुल 10 हजार लोगों से ज्यादा के साथ शूट किया गया, सबसे बड़ा वॉर सीक्वेंस भी है। इतना ही नहीं, स्टूडियो ग्रीन ने टॉप डिस्ट्रीब्यूशन हाउसेज के साथ हाथ मिलाया है, जिससे फिल्म को बड़े लेवल पर दुनिया भर में रिलीज किया जा सके।

# वेबसीरीज फ्रीडम एट मिडनाइट का ट्रेलर रिलीज, सोनी लिव पर होगी स्ट्रीम

**मुंबई।** निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी वेब सीरीज फ्रीडम एट मिडनाइट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। वेबसीरीज फ्रीडम एट मिडनाइट भारत की स्वतंत्रता के अंतिम क्षणों में क्या हुआ था, इसकी एक झलक दिखाता है। फ्रीडम एट मिडनाइट में सिद्धांत गुप्ता देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के किरदार में नजर आएंगे। फ्रीडम एट मिडनाइट के ट्रेलर की शुरुआत ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली द्वारा भारत की स्वतंत्रता की घोषणा से होती है। इसके बाद जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल और पाकिस्तान के पूर्व गर्वनर जनरल मोहम्मद अली जिन्ना जैसी शख्सियतें कैसे भविष्य को लेकर उधेड़बुन में उलझी रहती हैं, इसे दिखाने की कोशिश की गई है।इसके बाद इस ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे जिन्ना की ओर से एक अलग देश पाकिस्तान के निर्माण की मांग उठती है, तो दूसरी तरफ ब्रिटिश अधिकारी भारत को आजाद करने और भारत–पाकिस्तान को बांटने की रणनीति बना रहे हैं। स्टूडियो नेक्स्ट के सहयोग से एम्मे एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित फ्रीडम एट मिडनाइट का निर्देशन निखिल आडवाणी ने किया है, जबकि इसकी कहानी को अभिनंदन गुप्ता, अद्वितीय करेंग दास, गुंडीप कौर, दिव्य निधि शर्मा, रेवंत साराभाई और एथन टेलर सहित एक टैलेंटेड टीम ने लिखी है। यह वेबसीरीज सीरीज लैरी कॉलिन्स और डोमिनिक लैपियर की इसी नाम की किताब पर आधारित है। इस वेबसीरीज में सिद्धांत गुप्ता, चिराग वोहरा, राजेंद्र चावला, आरिफ जकारिया, इरा दुबे, मलिष्का मेंडोंसा, राजेश कुमार, केसी शंकर, ल्यूक मैकगिबनी, कॉर्डेलिया बुगेजा, एलिस्टेयर फिनले, एंड्रयू कुलम, रिचर्ड टेवरसन समेत कई कलाकार नजर आयेंगे। फ्रीडम एट मिडनाइट 15 नवंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर स्ट्रीम होने वाली है।

# चेक गणराज्य के जेलेजनी को नीरज ने किया कोच नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी




- जेलेजनी आधुनिक युग का सबसे महान भाला फेंक खिलाड़ी
- चोपड़ा बोले- जान और मेरी की भाला फेंकने की शैली एक जैसी

भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने अगले सत्र की शुरुआत से पहले शनिवार को तीन बार के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक जान जेलेजनी को अपना कोच नियुक्त किया। चेक गणराज्य के 58 वर्षीय जेलेजनी को आधुनिक युग का सबसे महान भाला फेंक खिलाड़ी माना जाता है। उन्होंने अपने शानदार करियर में तीन ओलंपिक स्वर्ण पदक (1992, 1996, 2000) और विश्व खिताब (1993, 1995, 2001) जीते।

जेलेजनी के नाम इस स्पर्धा में 98.48 मीटर का विश्व रिकॉर्ड भी दर्ज है। चोपड़ा ने हाल तक जर्मन बायोमैकेनिक्स विशेषज्ञ क्लॉस बार्टोनिट्ज के साथ काम किया, जो उनके कोच की भूमिका भी निभा रहे थे। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि वह अपने शुरुआती दिनों से जेलेजनी के बहुत बड़े प्रशंसक थे और अपने कौशल को निखारने के लिए उनके वीडियो देखते थे। चोपड़ा ने कहा मैं शुरू से ही जान की तकनीक और सटीकता का प्रशंसक रहा हूं। मेरे लिए उनका साथ बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि हम दोनों की भाला फेंकने की शैली एक जैसी है तथा उनके पास अपार अनुभव है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

जश्न...



कोलकाता में होप फाउंडेशन के 25 साल पूरे होने के जश्न के दौरान ऑस्ट्रेलियाई गायिका हॉली रीवा। यह संस्था बच्चों और गरीब परिवारों को पीड़ा, दुर्व्यवहार, गरीबी और अंधकार से मुक्त करने के लिए काम करते हैं।

# सोशल मीडिया पर छाया रहता है त्वचा की देखभाल का मुद्दा

त्वचा की देखभाल का मुद्दा सोशल मीडिया पर छाया रहता है। ऐसी अनगिनत पोस्ट और वीडियो हैं जो इस बारे में बात करते हैं कि अगर उपभोक्ताओं को अच्छी दिखने वाली, जवां और स्वस्थ त्वचा चाहिए तो उन्हें कौन से उत्पादों का इस्तेमाल करना चाहिए। लेकिन ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही कुछ जानकारी अनजाने में भ्रामक हो सकती है और इससे आपकी त्वचा को स्वस्थ बनाने के बजाय नुकसान पहुंचने का खतरा हो सकता है। त्वचा संबंधी समस्या क्या है? त्वचा की सबसे बाहरी परत 'स्ट्रेटम कॉर्नियम' वास्तविक त्वचा परत का निर्माण करती है। यह केराटिन से निर्मित मृत कोशिकाओं से बनी होती है। केराटिन वही प्रोटीन है जो नाखूनों और बालों में पाया जाता है। यह संरचना किसी भी संभावित हानिकारक अणु के लिए त्वचा की बाधा को पार कर शरीर में प्रवेश करना कठिन बना देती है। आपकी त्वचा की सबसे बाहरी परत, जिसे आपकी त्वचा अवरोधक के रूप में जाना जाता है, आपके शरीर को पर्यावरणीय खतरों से बचाती है।



### कॉस्मेटिक उत्पाद त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं

अगर त्वचा किसी भी तरह से क्षतिग्रस्त हो जाती है तो यह नमी बनाए रखने में कम सक्षम होगी। इससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है और त्वचा संवेदनशील हो जाती है और त्वचा कोशिकाओं को नुकसान पहुंचना आसान हो जाता है। इसके परिणामस्वरूप त्वचा रुखी दिखने लगती है और इसकी चमक तथा कोमलता खत्म हो जाती है। असंतुलित आहार, धूम्रपान, तनाव, अत्यधिक और असुरक्षित धूप में रहना और नींद की कमी से भी त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। कॉस्मेटिक उत्पादों में पाए जाने वाले कई पदार्थ अनजाने में त्वचा की परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### त्वचा की परत अक्सर खुद ठीक हो जाती है

अल्कोहल-आधारित सैनिटाइजर, डिटर्जेंट और एक्सफोलिएंट जैसे कठोर उत्पाद अगर ज्यादा मात्रा में इस्तेमाल किए जाएं तो हमारी त्वचा को ढकने वाली एपिडर्मल परत को खत्म कर सकते हैं। भौतिक एक्सफोलिएंट्स (जैसे फेस स्क्रब) के अत्यधिक इस्तेमाल से त्वचा की परत को नुकसान पहुंच सकता है। एएचए (अल्फा-हाइड्रॉक्सी एसिड) एक्सफोलिएंट जैसे ग्लाइकोलिक, लैक्टिक और साइट्रिक एसिड, लिपिड मोर्टार को घोलकर काम करते हैं जिससे ये उत्पाद अतिरिक्त केराटिन कोशिकाओं को हटाने में सक्षम होते हैं। यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि यदि किशोर सावधानी नहीं बरतते हैं तो उनकी त्वचा की परत को नुकसान पहुंचने का खतरा अधिक हो सकता है। अच्छी खबर यह है कि क्षति होने के बाद त्वचा की परत अक्सर खुद ही ठीक हो जाती है - यदि क्षति मामूली हो तो अक्सर कुछ दिनों के भीतर ही ठीक हो जाती है। पोषक आहार और शरीर में पानी की मात्रा बनाये रखना भी त्वचा को स्वस्थ बनाये रखने में सहायक होता है।

## एक नजर

### नेपाल बस दुर्घटना में चार की मौत, 30 घायल

**काठमांडू।** मध्य-पश्चिमी नेपाल के सुरखेत जिले में शुक्रवार दोपहर एक यात्री बस के राजमार्ग से फिसल जाने से चार लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। जिला पुलिस के प्रवक्ता बीरेंद्र बिश्वोकर्मा ने बताया, 34 लोगों को ले जा रही बस राजमार्ग से 150 मीटर नीचे गिर गई, जिससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में से तीन की हालत गंभीर है, उन्होंने कहा कि घातक दुर्घटना का कारण 'ओवरस्पीड' हो सकता है।शुक्रवार सुबह एक अलग दुर्घटना में, नेपाल के चितवन जिले में दो यात्री बसें टकरा गईं, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए।

### इजराइल ने की अमेरिका में नए राजदूत की नियुक्ति

**यरूशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने येचिएल लीटर को अमेरिका में इजराइल के राजदूत के रूप में नियुक्त करने का फैसला किया है। नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से शुक्रवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गयी। लीटर (65) ने इजरायल में वरिष्ठ सार्वजनिक सेवा पदों पर कार्य किया है, जिसमें शिक्षा मंत्रालय के उप महानिदेशक, वित्त मंत्रालय में चीफ-ऑफ-स्टाफ और इज़रायल पोर्ट्स कंपनी के कार्यवाहक अध्यक्ष शामिल हैं।

### मेक्सिको में बंदूकधारियों ने रियर एडमिरल को गोली मारी

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में बंदूकधारियों ने नौसेना के एक रियर एडमिरल की शुक्रवार को गोली मारकर हत्या कर दी। मेक्सिको की नौसेना ने बताया कि बंदरगाह शहर मंजानिलो में हमलावरों ने एक रियर एडमिरल की गोली मारकर हत्या कर दी। रियर एडमिरल नौसेना के सर्वोच्च पद 'फुल एडमिरल' से नीचे का पद है।

### चीन ने कई दूरसंचार उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजा

**जियुक्वान।** चीन ने शनिवार को उत्तर-पश्चिमी चीन के जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से नई श्रृंखला के दूरसंचार उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में भेजा। दूरसंचार उपग्रहों का उपयोग मौसम पूर्वानुमान, भूमि सर्वेक्षण, और संचार नेटवर्क्स में सुधार समेत विभिन्न क्षेत्रों में किया जा सकता है। चीन ने पीआईईसैट-2 के चार उपग्रहों को अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार शनिवार सुबह 11:39 बजे लॉन्ग मार्च-2सी वाहक रॉकेट के माध्यम से सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया। इसके माध्यम से, वे मुख्य रूप से वाणिज्यिक रिमोट-सेंसिंग डेटा सेवाएं प्रदान करेंगे।

### भारतीय मूल के सांसद ने वेतन वृद्धि पर खुशी जताई

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतीय मूल के लेबर पार्टी के सांसद सोजन जोसेफ ने प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर नीत सरकार के पहले बजट में 14 साल में पहली बार न्यूनतम वेतन में हुई वृद्धि पर खुशी जताई। जोसेफ ने जुलाई में हुए आम चुनाव में दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के केंट में कंजर्वेटिव पार्टी के पूर्व गढ़ एशफोर्ड से शानदार जीत हासिल की। हाउस ऑफ कॉमन्स में दिए साक्षात्कार में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी नर्स के तौर पर काम करने वाले जोसेफ ने सांसद के रूप में नयी जिम्मेदारी संभालने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) से कुछ समय के लिए विराम लिया है।

# झूठ फैलाने से बाज आए पाकिस्तान

## संयुक्त राष्ट्र महासभा में शांति रक्षा अभियानों पर चर्चा के दौरान भारत ने की टिप्पणी

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र में शांति रक्षा अभियानों पर बहस के दौरान पाकिस्तान द्वारा जम्मू कश्मीर का जिक्र किए जाने पर भारत ने पड़ोसी देश पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए उसकी आलोचना की। राज्यसभा सदस्य और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा भारत ने पाकिस्तान द्वारा की गईं टिप्पणियों पर जवाब देने के अपने अधिकार को चुना है, जिसने एक बार फिर इस प्रतिष्ठित निकाय को अपने एजेंडे से भटकाने का प्रयास किया है। उन्होंने शुक्रवार को यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा की विशेष राजनीतिक एवं वि-उपनिवेशीकरण (चौथी समिति) में शांति रक्षा अभियानों पर चर्चा के दौरान ये टिप्पणियां कीं।

त्रिवेदी ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है, और हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा जम्मू कश्मीर के लोगों ने हाल में अपने लोकतांत्रिक और चुनाव अधिकारों का इस्तेमाल किया तथा एक नयी सरकार चुनी। पाकिस्तान को ऐसी बयानबाजी और झूठ से बाज आना चाहिए क्योंकि इससे तथ्य नहीं बदलेंगे। त्रिवेदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के इस मंच के प्रतिष्ठित सदस्यों के सम्मान में भारत संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं का दुरुपयोग करने के पाकिस्तान के किसी भी प्रयास का जवाब देने से परहेज करेगा। उन्होंने भारत की ओर से यह कड़ी प्रतिक्रिया तब दी है जब पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने नियंत्रण रेखा पर संघर्षविराम पर नजर रखने वाले भारत और पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह (यूएनएमओजीआईपी) के बारे में बात की। भारत का कहना है कि शिमला समझौते और उसके परिणामस्वरूप नियंत्रण रेखा की स्थापना के बाद यूएनएमओजीआईपी की उपयोगिता समाप्त हो गई है और यह अप्रासंगिक है।

त्रिवेदी ने बाद में एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि शांति रक्षा अभियानों पर संयुक्त राष्ट्र में चर्चा के दौरान पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा विषय पर बोलते हुए विषय को भटकाने की कोशिश की और अनावश्यक रूप से उल्लेख किया कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के साथ पाकिस्तान की भागीदारी तब शुरू हुई जब संयुक्त राष्ट्र ने 1948 में जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में शांति सैनिकों को तैनात किया था।



संयुक्त राष्ट्र की महासभा में भारत का पक्ष रखते राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी।

### हालिया संघर्ष अधिक चुनौतीपूर्ण हैं : त्रिवेदी

त्रिवेदी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार की ठोस विदेश नीतियों के कारण संभव हो सका है। त्रिवेदी भारत के 12 संसद सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं जो संयुक्त राष्ट्र में विभिन्न बैठकों के लिए इस विश्व निकाय की यात्रा कर रहा है। इससे पहले, शांति रक्षा अभियानों की व्यापक समीक्षा पर एक बयान देते हुए त्रिवेदी ने कहा कि हालिया संघर्ष अधिक चुनौतीपूर्ण हैं और अब इसमें आतंकवाद तथा सशस्त्र समूह भी शामिल हैं जो अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए स्थिति का फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा भारत संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा अभियानों में सबसे बड़े सैन्य दल के के रूप में शांतिरक्षा प्रयासों में योगदान देने के प्रयास में सबसे आगे है।

### संयुक्त राष्ट्र प्रमुख जी20 शिखर सम्मेलन से पहले ब्राजील की करेंगे यात्रा

**ब्रासीलिया।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के 20 नेताओं के समूह के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए अगले सप्ताह ब्राजील की यात्रा करेंगे। उनके प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्टेफनी ट्रेमब्ले ने एक प्रेसवार्ता में कहा वह जी20 बैठक में भाग लेने के लिए अगले शुक्रवार को हर साल की तरह ब्राजील के रियो डी जनेरियो की यात्रा करेंगे और वहां के नेताओं से मिलेंगे। जी20 शिखर सम्मेलन 18-19 नवंबर तक ब्राजील में होगा। इसमें 19 सदस्य देशों के साथ-साथ अफ्रीकी संघ और यूरोपीय संघ के नेताओं के भाग लेने की उम्मीद है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शिखर सम्मेलन में भाग लेने से इनकार कर दिया, लेकिन विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सोमवार को कहा कि रूस शिखर सम्मेलन के दौरान बहुध्रुवीय विश्व सिद्धांतों को बढ़ावा देना जारी रखेगा।

# आतंकवाद व युद्ध समाप्त करना ट्रंप की प्राथमिकताओं में शामिल

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- भारतीय मूल के अमेरिकी अधिवक्ता ने साक्षात्कार में दी जानकारी

भारतीय मूल के एक अमेरिकी अधिवक्ता ने कहा कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्राथमिकताओं में सीमा से जुड़े मुद्दों को हल करना, आतंकवाद समाप्त करना, बंधकों को मुक्त कराना और युद्धों को समाप्त करना शामिल है। भारतीय-अमेरिकी अधिवक्ता काश पटेल ने एक साक्षात्कार में यह बात कही। उन्होंने कहा, ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की से फोन पर बात की और साथ ही यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कई विश्व नेताओं से फोन पर बात की है।

पटेल ने अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के अधिकारी और राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के वरिष्ठ सलाहकार के तौर पर सेवाएं दी हैं। वह राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति पर ट्रंप के सबसे करीबी विश्वासपात्रों में से एक रहे हैं। वह नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप के नए प्रशासन से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा लेकिन आपको वही करना है जो राष्ट्रपति ट्रंप ने पूर्व में किया था। यह कोई रहस्य नहीं है।

अपने शत्रुओं की खुफिया जानकारी एकत्र करने की प्राथमिकता, ताकि हम उन खतरों को हरा सकें और वे हैं ईरानी मुल्ला तथा आतंक के प्रायोजक। यह भी सुनिश्चित करना है कि हम सीसीपी (चीन की कम्युनिस्ट पार्टी) और अपने रूसी विरोधियों को हमारे साइबर बुनियादी ढांचे पर हमला करने से रोकें।



### डोनाल्ड ट्रंप ने नेवादा राज्य में भी हासिल की जीत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में हाल में हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को नेवादा राज्य में भी विजय का परचम लहराया। पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के बाद से पहली बार यह राज्य और इसके छह 'इलेक्टोरल वोट' रिपब्लिकन पार्टी के पास लौटे हैं। इससे पहले 2004 में बुश ने इस राज्य से जीत हासिल की थी। ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी रहीं कमला हैरिस ने इस साल राज्य में कई बार प्रचार किया। नेवादा की ज्यादातर काउंटी ग्रामीण हैं और इसने 2020 में ट्रंप के लिए भारी मतदान किया था। लेकिन डेमोक्रेट जो. बाइडन ने उस समय दो सबसे घनी आबादी वाली काउंटी वैशू और क्लार्क से जीत हासिल की थी।

## जीपीएस में छेड़छाड़ दर्जनों विमान और जहाज प्रभावित

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई सेना ने कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा शनिवार को लगातार दूसरे दिन सीमावर्ती क्षेत्रों से जीपीएस संकेतों से छेड़छाड़ करने की वजह से बड़ी संख्या में उड़ानें और जहाज संचालन प्रभावित हुए। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन द्वारा अपने परमाणु एवं मिसाइल कार्यक्रमों का प्रदर्शन करने और इलेक्ट्रॉनिक तथा मनोवैज्ञानिक युद्ध में शामिल होने के कारण दोनों कोरियाई देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। उत्तर कोरिया ने हाल ही में पड़ोसी मुल्क पर कचरे और दक्षिण कोरिया विरोधी प्रचार पत्रक गिराने के लिए हजारों गुब्बारे उड़ाये थे। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार को पश्चिमी सीमावर्ती शहर केसोंग व पास के शहर हेजू के आसपास से जीपीएस संकेतों में छेड़छाड़ करने के लिए उत्तर कोरिया की गतिविधियों का पता चला।

## 67वें ग्रैमी पुरस्कार के लिए रिकी केज और अनुष्का शंकर नामित

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

ग्रैमी पुरस्कार के 67वें संस्करण में भारतीय-अमेरिकी संगीतकार रिकी केज और अनुष्का शंकर को नामित किया गया है। रिकॉर्डिंग एकेडमी ने शुक्रवार को बताया कि तीन बार ग्रैमी पुरस्कार जीत चुके केज को ब्रेक ऑफ डॉन के लिए बेस्ट न्यू एज, एम्बिएंट या चैंट एल्बम श्रेणी में चौथी बार नामित किया गया है।

इस श्रेणी में सितार वादक और संगीतकार अनुष्का शंकर के चैप्टर टूः हाउ डार्क इट इज बिफोर डॉन को भी नामित किया गया है। इसी श्रेणी में राधिका वेकारिया की वॉरियर्स ऑफ लाइट और उद्यमी एवं संगीतकार चंद्रिका टंडन की त्रिवेणी को भी नामित किया गया है। बांसुरी वादक वाउटर केलरमैन और सेलो वादक इरु मात्सुमोतो के सहयोग से त्रिवेणी को तैयार किया गया। अनुष्का शंकर को गायक और गीतकार जैकब कोलियर के गाने ए रॉक समव्हेयर में प्रमुख भूमिका के लिए भी अतिरिक्त नामांकन मिला है। इस गाने में गायिका वरीजाश्री वेणुगोपाल भी हैं। इस पुरस्कार के लिए वह पहली बार नामित हुई हैं। ए रॉक समव्हेयर गीत को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस की श्रेणी में नामित किया गया है। ग्रैमी पुरस्कार समारोह दो फरवरी, 2025 को लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो डॉट कॉम एरिना में आयोजित किया जाएगा।



## हिंसा से जुड़े चार मामलों में इमरान खान को जमानत

**लाहौर।** आतंकवाद निरोधक अदालत ने लाहौर में आगजनी के चार मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान को जमानत दे दी जबकि आठ अन्य मामलों की सुनवाई 30 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। खान कई मामलों में इस समय रावलपिंडी के अडियाला जेल में बंद हैं। पीटीआई के शीर्ष नेता खान के खिलाफ मई 2023 की हिंसा के सिलसिले में लाहौर में 12 मुकदमे दर्ज किये गए हैं। खान की भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी के बाद हुई हिंसा को लेकर दर्ज मामलों में सरकारी और सैन्य इमारतों पर हमले का मुकदमा भी शामिल है। अदालत ने उन्हें पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के कार्यालय को कथित रूप से जलाने, कलमा चौक के पास एक कंटेनर, गुलबर्ग में पुलिस वाहनों और 9 मई 2023 के दंगों के दौरान शेरपाओ ब्रिज पर हिंसा से जुड़े चार मामलों में जमानत दे दी।

## पूर्वी और दक्षिणी लेबनान में हवाई हमलों में 12 की मौत

**बेरूत, एजेंसी**

पूर्वी और दक्षिणी लेबनान पर इजराइली हवाई हमलों की एक श्रृंखला में शुक्रवार को बारह लोग मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए। लेबनानी सूत्रों ने यह जानकारी दी। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने जिन्होंने गुमनाम रूप से बात की, कहा कि इजराइली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान में 15 और पूर्व में चार छापे मारे, जिसमें इस्लामिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के एक अर्धसैनिक सहित कई लोग हताहत हुए।

एजेंसी ने पुष्टि की कि दक्षिणी लेबनान के पश्चिम में इस्लामिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के नव-स्थापित केंद्र को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले के बाद जहेर इब्राहिम अताया नाम का पैरामेडिक मारा गया। इसमें कहा गया है कि अल-घंडौरिया शहर में एक घर पर एक अन्य इजराइली हवाई हमले में चार मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए।



### हिजबुल्ला ने इजराइल पर दागे 80 प्रोजेक्टाइली

**यरुशलम।** लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्ला ने शुक्रवार को इजराइल के क्षेत्र में लगभग 80 प्रक्षेप्य (प्रोजेक्टाइल) दागे हैं। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, प्रोजेक्टाइल लेबनान से इजराइल की ओर दागे हैं। आईडीएफ ने कहा कि वह इन खतरों से इजराइल के लोगों की रक्षा करना जारी रखेगा।

## स्पेन में अचानक आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 223 हुई

**मैड्रिड।** स्पेन में बाढ़ और मूसलाधार बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 223 हो गई है, जबकि 78 लोग लापता हैं। स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुएंते ने सोशल मीडिया पर कहा, वेलेंसिया में 215, कैस्टिले-ला मंचा में 7 (लेटूर में 6 और मीरा में 1) और अंडालूसिया में 1 सहित कुल 223 लोग मारे गए। मृतकों में से 48 की अभी भी पहचान नहीं हो पाई है। अक्टूबर के अंत में भारी बारिश ने स्पेन के विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित किया। देश के दक्षिणी और पूर्वी हिस्से, जहां मौसम के खतरे का स्तर अधिकतम तक बढ़ा दिया गया था विशेष रूप से अधिक प्रभावित हुए। प्राकृतिक आपदाओं ने पूर्वी स्पेन के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र वालेंसिया में सड़कों को काफी नुकसान पहुंचाया।

# फासीवादी अवामी लीग को रैली की अनुमति नहीं : यूनुस

**ढाका, एजेंसी**

- बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने जारी किए आदेश

अवामी लीग को फासीवादी करार देते हुए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शनिवार को कहा कि वह अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को रविवार को प्रस्तावित रैली को आयोजित करने की अनुमति नहीं देगी। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि अंतरिम सरकार देश में किसी भी तरह की हिंसा या कानून व्यवस्था को भंग करने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगी।

उन्होंने कहा अवामी लीग अपने मौजूदा स्वरूप में एक फासीवादी पार्टी है। किसी भी सूरत में इस फासीवादी पार्टी को बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आलम ने चेतावनी दी कि जो भी व्यक्ति सामूहिक हत्यारे और तानाशाह शेख हसीना से आदेश लेकर रैली, सभा और जुलूस आयोजित करने की कोशिश करेगा, उसे कानून लागू करने वाली एजेंसियों की पूरी सख्ती का सामना करना पड़ेगा।



## कनाडा में खालिस्तानी सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने देश में खालिस्तान समर्थकों की मौजूदगी की बात को स्वीकार किया है लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ये खालिस्तानी समर्थक कनाडा में सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। ट्रूडो ने यह टिप्पणी ओटावा के पार्लियामेंट हिल में दिवाली समारोह के दौरान की। उन्होंने कहा इसी तरह कनाडा में प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी की सरकार के समर्थक भी हैं, लेकिन वे सभी हिंदू कनाडाई लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। पिछले वर्ष सितबंर में ट्रूडो द्वारा हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोप लगाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे।

समझौते का प्रयास | मॉस्को और वाशिंगटन, रूस-यूक्रेन युद्ध पर गोपनीय माध्यम से बातचीत कर रहे

# युद्ध खत्म के लिए ट्रंप का प्रस्ताव सुनने को तैयार रूस

**कीव, एजेंसी**

रूस के उप विदेश मंत्री ने कहा है कि उनका देश यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्तावों को सुनने के लिए तैयार है। इस बीच, यूक्रेन के शहर ओडेसा में एक रूसी ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। वहीं, यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख ने अमेरिका में नेतृत्व परिवर्तन के बाद यूक्रेन को समर्थन देने के लिए कीव में वार्ता की।

रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा कि मॉस्को और वाशिंगटन, रूस-यूक्रेन युद्ध पर गोपनीय माध्यम से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह संवाद बाइडन प्रशासन या ट्रंप और उनके आगामी प्रशासन के सदस्यों के साथ था। रयाबकोव ने शनिवार को रूसी सरकारी समाचार एजेंसी 'इंटरफैक्स' को दिए साक्षात्कार में कहा कि रूस, यूक्रेन पर ट्रंप के प्रस्तावों को सुनने के लिए तैयार है, बशर्ते कि ये समझौते के लिए आगे बढ़ने के विचार हों, न कि कीव शासन को सभी प्रकार की सहायता देने के संबंध में। ओडेसा के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने कहा कि काला सागर से लगे शहर में ऊंची आवासीय इमारतें, निजी मकान और गोदाम ड्रोन के टकराने से क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि ड्रोन को मार गिराया गया था या वह खुद गिरा। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, 10 यूक्रेनी क्षेत्रों में 32 रूसी ड्रोन को मार गिराया गया, जबकि 18 खुद गिर गए, जो संभवतः इलेक्ट्रॉनिक रूप से जाम हो गए थे।



रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव।

### यूक्रेन में संघर्ष समाप्त कराने की संभावना नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यूक्रेन और मध्य पूर्व में संघर्षों को हल करने की संभावना नहीं है। स्टॉकहोम में सुरक्षा और विकास नीति संस्थान में सिल्क रोड स्टडीज कार्यक्रम और तुर्की संयुक्त केंद्र के एक अनिवासी वरिष्ठ अनुसंधान फेलो गैरेथ जेनकिंस ने यह बात कही। जेनकिंस ने कहा मुझे नहीं लगता कि ट्रम्प एक दिन में रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष को हल करने में सक्षम होंगे। अंततः संघर्ष का कोई भी समाधान केवल रूस और यूक्रेन से ही आ सकता है।